राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा





स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254



@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 08 नवंबर 2025

वर्ष 07, अंक 39, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित



निजी अस्पताल में प्रसूता की मौत से मचा हड़कंप, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप, डॉक्टर समेत दो हिरासत में...03

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वे वर्ष को बड़े उत्साह व हर्ष उल्लास से मनाया...12


## क्यों किया अरेस्ट, पुलिस को गिरफ्तारी के कौन-कौन से नियम मानने होंगे? सुप्रीम कोर्ट हुआ सख्त

सुप्रीम कोर्ट ने अपने हालिया फैसले में स्पष्ट किया है कि जब भी किसी व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाता है, तो पुलिस को गिरफ्तारी के आधार की लिखित सूचना देना अनिवार्य है. साथ ही, गिरफ्तार व्यक्ति को यह अधिकार है कि वह इस सूचना की एक प्रति अपने परिवार के सदस्य या मित्र को भी दे सके. सर्वोच्च अदालत ने यह भी कहा है कि लिखित सूचना की भाषा ऐसी हो जो गिरफ्तार व्यक्ति समझ सके।

यह फैसला नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि अक्सर देखा गया है कि पुलिस बिना उचित कारण बताए या बिना लिखित सूचना दिए लोगों को गिरफ्तार कर लेती है, जिससे उनके मौलिक अधिकारों का हनन होता है. बीते छह नवंबर को सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ए. जार्ज मसीह की बेंच ने यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है. सर्वोच्च अदालत ने इस आदेश की कॉपी सभी मुख्य सचिवों को भेजने के आदेश दिए हैं, जिससे वे अपने स्तर से इस आदेश का अनुपालन करने के लिए जरूरी कार्यवाही कर सकें।

इस आदेश के बहाने समझने का प्रयास करते हैं कि अभी तक भारत में गिरफ्तारी के नियम-कानून क्या हैं? इस मुद्दे पर कानून, भारतीय संविधान क्या कहता है?

**भारतीय कानून में गिरफ्तारी के नियम**

भारत में नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए संविधान और कानूनों में कई प्रावधान किए गए हैं. इनमें से एक महत्वपूर्ण अधिकार है, गिरफ्तारी के समय व्यक्ति को उसके अधिकारों और गिरफ्तारी के कारणों की जानकारी देना. भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (CrPC) की धारा 41 से 60 तक गिरफ्तारी से संबंधित विस्तृत प्रावधान दिए गए हैं।

ऐसा ही भारत सरकार की ओर से पास और पिछले साल से देश में लागू नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में भी व्यवस्था है. ध्यान रहे, पुराने मामलों में अभी भी भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता के तहत और नया कानून लागू होने के बाद नए नियमों के तहत कार्यवाही का प्रावधान है. इन प्रावधानों के अनुसार, पुलिस को गिरफ्तारी के समय निम्नलिखित नियमों का पालन करना अनिवार्य है-

गिरफ्तारी का कारण बतानाः पुलिस को गिरफ्तार किए जा रहे व्यक्ति को स्पष्ट रूप से बताना होगा कि उसे किस अपराध के लिए गिरफ्तार किया जा रहा है।

गिरफ्तारी की सूचनाः गिरफ्तार व्यक्ति के परिवार या मित्र को गिरफ्तारी की सूचना देना अनिवार्य है।

गिरफ्तारी मेमोः गिरफ्तारी के समय एक मेमो तैयार किया जाता है, जिसमें गिरफ्तारी का समय, स्थान और कारण दर्ज होता है. इस पर गिरफ्तार व्यक्ति और एक स्वतंत्र गवाह के हस्ताक्षर कराने के भी नियम हैं।

मेडिकल जांचः गिरफ्तार व्यक्ति की मेडिकल जांच कराना अनिवार्य है, ताकि किसी भी प्रकार की शारीरिक चोट या उत्पीड़न की जानकारी मिल सके।

24 घंटे के भीतर मजिस्ट्रेट के समक्ष पेशीः गिरफ्तार व्यक्ति को 24 घंटे के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेश करना कानूनन अनिवार्य है.

**अनुच्छेद 22(1) क्या है?**

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 22(1) नागरिकों को गिरफ्तारी और हिरासत के दौरान कुछ विशेष अधिकार प्रदान करता है. इसके मुताबिक किसी भी गिरफ्तार व्यक्ति को जल्द से जल्द उसकी गिरफ्तारी के कारणों की सूचना दी जानी चाहिए. गिरफ्तार व्यक्ति को अपनी पसंद के वकील से परामर्श करने और उसकी सहायता लेने का अधिकार है. गिरफ्तार व्यक्ति को 24 घंटे के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेश करना अनिवार्य है, ताकि उसकी हिरासत की वैधता की जांच हो सके. यह अनुच्छेद



नागरिकों को मनमानी गिरफ्तारी और हिरासत से बचाने के लिए बनाया गया है।

**क्या कहते हैं कानून के विशेषज्ञ?**

सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट अश्विनी कुमार दुबे कहते हैं कि हाल में आए सर्वोच्च अदालत के फैसले ने संवैधानिक आदेश को और मजबूत किया है. अदालत ने स्पष्ट किया है कि गिरफ्तारी के आधार की लिखित सूचना एक 'प्रक्रियात्मक औपचारिकता' नहीं, बल्कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता की एक 'मौलिक सुरक्षा' है. सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों (और दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 50 / भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 47 के तहत) के अनुसार पुलिस को गिरफ्तारी के दौरान पुलिस अधिकारी को गिरफ्तार किए जाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तारी के कारणों की लिखित सूचना देनी होगी।

यदि आपात स्थिति में तुरंत लिखित आधार नहीं दिए जा सकते, तो रिमांड के लिए मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने से कम से कम दो घंटे पहले उन्हें लिखित में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

कानून यह भी कहता है कि गिरफ्तार करने वाले पुलिस अधिकारी की स्पष्ट पहचान होनी चाहिए और गिरफ्तारी का एक मेमो तैयार किया जाना चाहिए. इस मेमो पर कम से कम एक निष्पक्ष गवाह और गिरफ्तार व्यक्ति के हस्ताक्षर जरूरी हैं. इन नियमों का पालन न करने पर न केवल गिरफ्तारी और रिमांड अवैध हो सकती है, बल्कि संबंधित पुलिस अधिकारियों पर भी कार्रवाई भी संभव है।

**पुलिस को कौन-कौन से नियमों का पालन करना जरूरी?**

सुप्रीम कोर्ट और भारतीय कानून के अनुसार, पुलिस को गिरफ्तारी के समय कुछ आधारभूत नियमों का पालन करना अनिवार्य है. लिखित सूचना देना, परिवार को जानकारी देना, गिरफ़्तारी मेमो के साथ ही हर 48 घंटे में मेडिकल जांच जरूरी है. किसी भी जुर्म में गिरफ्तार व्यक्ति की मेडिकल जांच मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने से पहले भी कराए जाने का नियम है।

हर 48 घंटे में मेडिकल जांच तब जरूरी बताया गया है, जब गिरफ्तार व्यक्ति पुलिस रिमांड पर हो. कई बार गंभीर अपराधों की विवेचना में मदद के लिए पुलिस गिरफ्तार व्यक्ति को रिमांड पर लेती है. यह कई बार एक-दो दिन का होता है तो कई बार ज्यादा समय के लिए. गिरफ्तार व्यक्ति के साथ सम्मानजनक व्यवहार करना और उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन न करना भी पुलिस के लिए अनिवार्य बताया गया है।

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले का महत्व**

यह फैसला भारतीय लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए मील का पत्थर है. इससे पुलिस की मनमानी पर अंकुश लगेगा और नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा होगी. साथ ही, यह फैसला पुलिस प्रशासन को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाएगा. इससे न केवल गिरफ्तार व्यक्ति, बल्कि पूरे समाज में कानून के प्रति विश्वास बढ़ेगा. भारतीय संविधान और कानून में पहले से ही गिरफ्तारी के समय व्यक्ति को उसके अधिकारों की जानकारी देने का प्रावधान है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के ताजे फैसले ने इसे और अधिक स्पष्ट और प्रभावी बना दिया है. बस शर्त यह है कि पुलिस सुप्रीम कोर्ट के ताजे आदेश के आलोक में गिरफ़्तारी के नियम-कानूनों का पालन करे।

## बिहार ने वोटिंग में रचा इतिहास, टूट गया 75 साल का रिकॉर्ड, पहले फेज में क्या-क्या हुआ? 12 प्वाइंट

बिहार चुनाव में गजब हो गया. वोटिंग में बिहार ने नया इतिहास रच दिया. अब तक के सारे रिकॉर्ड टूट गए. पहले चरण की वोटिंग में 75 साल का रिकॉर्ड टूट गया. बिहार के वोटरों ने खूब वोटिंग की. नतीजा यह हुआ कि पहले चरण में बिहार चुनाव में मतदान प्रतिशत के सभी रिकॉर्ड टूट गए. चुनाव आयोग के मुताबिक, बिहार में पहले चरण में अब तक का सबसे अधिक 64.66% वोटर टर्नआउट रहा. बिहार के इतिहास में किसी भी चुनाव में इतनी वोटिंग नहीं हुई थी. बिहार में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में गुरुवार को 121 निर्वाचन क्षेत्रों में 3.75 करोड़ मतदाताओं में से 64.66 फीसदी वोटरों ने अब तक का सबसे अधिक मतदान किया. इस वोटिंग प्रतिशत से दोनों खेमा खुश है. एक एंटी इनकंबेंसी के खिलाफ वोटिंग बता रहा तो दूसरा खेमा प्रो इनकंबेंसी. चलिए 12 प्वाइंट में जानते हैं कि पहले चरण की वोटिंग में क्या-क्या हुआ?

चुनाव आयोग के मुताबिक, बिहार विधानसभा चुनाव के पहले फेज की वोटिंग में 64.66 फीसदी वोटिंग हुई. यह 1951 के बाद अब तक सबसे अधिक है. यह 75 सालों में पहली बार है. इससे पहले 1998 में 64 फीसदी मतदान हुआ था. मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर में वोटिंग टर्नआउट 70 फीसदी से अधिक रहा।

अब सवाल है कि आखिर बिहार में वोटर टर्नआउट का रिकॉर्ड टूटा कैसे? आखिर 75 साल बाद इतनी वोटिंग क्यों हुई? तो इसके पीछे कई कारण बताए जा रहे हैं. पहले तो एसआईआर है. इसके कारण भी लोगों ने नाम कटने के डर से वोटिंग की. अन्य वजहों में छठ पूजा के बाद वोट का होना और मह?िलाओं की बड़ी भागीदारी. साथ ही चुनावी प्रक्रिया को पहले की तुलना में और आसान बनाया गया. इसके कारण भी लोग बूथों तक पहुंच पाए।



लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, बिहार के 18 जिलों में मतदान हुआ. इसमें मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर में सबसे अधिक मतदान हुआ. मुजफ्फरपुर में 70.96 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि समस्तीपुर में 70.63 प्रतिशत मतदान हुआ. मधेपुरा में 67.21 प्रतिशत मतदान हुआ, इसके बाद वैशाली में 67.37 प्रतिशत, सहरसा में 66.84 प्रतिशत, खगड़िया में 66.36 प्रतिशत, लखीसराय में 65.05 प्रतिशत, मुंगेर में 60.40 प्रतिशत, सीवान में 60.31 प्रतिशत, नालंदा में 58.91 प्रतिशत और पटना में 57 प्रतिशत मतदान हुआ।

चुनाव आयोग के अनुसार, 1951-52 के विधानसभा चुनावों में राज्य में सबसे कम 42.6 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि इससे पहले 2000 के चुनाव में सबसे अधिक 62.57 प्रतिशत मतदान हुआ थाय।

कोविड-19 महामारी की छाया में हुए 2020 के चुनावों में 57.29 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जबकि 2015 में यह 56.91 प्रतिशत और 2010 में 52.73 प्रतिशत था।

**आज पहले फेज की 12 बड़ी घटनाएं**

लखीसराय- डिप्टी C M की गाड़ी पर हमला हुआ.राजद MLC अजय सिंह से भिड़े विजय सिन्हा।

पटना- मनेर में ID चेक करने पर RJD उम्मीदवार भाई वीरेंद्र ने दरोगा को धमकाया. कहा- यहीं आग लगा देंगे।

वैशाली- RJD उम्मीदवार रविंद कुमार सिंह के भड़काने पर लोगों ने CAPF जवानों पर पत्थर फेंके।

दरभंगा- सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र में पोलिंग एजेंट को धमकी मिली. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस पर पथराव हुआ. 2 हिरासत में।

सारण- जैतपुर में मांझी सीट से CPI प्रत्याशी सत्येंद्र कुमार की गाड़ी पर ईंट-पत्थर, लाठी से हमले किए गए।

लखीसराय- बूथ कैप्चरिंग की खबर पर स्क्मौके पर पहुंचे। 1 घंटे पुलिस ने गांव में फ्लैग मार्च किया।

10 जिलों में EVM में खराबी आई.

वैशाली के लालगंज में लगे वोट चोरी के नारे। इस दौरान मतदान भी रुका.

पटना- पटना साहिब के बूथ नंबर 238 पर विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव से मतदान कर्मियों की बहस हो गई।

सीवान, दरभंगा और मुजफ्फरपुर के 8 बूथों पर मतदान का बहिष्कार किया है. सीवान, दरभंगा में सड़क की मांग थी।

नालंदा- बिहारशरीफ में मतदान के दौरान पुलिस ने 4 बीजेपी कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है. पुलिस का कहना है कि ये बूथ के पास पर्ची बांट रहे थे।

मुंगेर- नक्सल प्रभावित भीमबंद गांव में 20 साल बाद पहली बार हुआ मतदान।

## संक्षिप्त ख़बरें

### 'CHC में खराब मशीनें हटाई जाएं, मीनाक्षी भराला का बड़ा बयानज्बोलीं- पिछली सरकारें केवल 'चाय पीकर चली जाती थीं'



राज्य महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला ने शुक्रवार को बागपत जनपद में आयोजित महिला जनसुनवाई से पहले सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, मरीजों से बातचीत की और चिकित्सा उपकरणों की स्थिति पर असंतोष जताया। भराला ने कहा कि 'प्रदेश की सभी सीएचसी में एक जैसी मशीनें खराब पड़ी हैं और उन्हें बनाने वाली कंपनी उन्हें ठीक नहीं करा रही है। ऐसे में इन मशीनों को हटा देना चाहिए ताकि जगह और संसाधनों का सही उपयोग हो सके।

**अब महिलाएं वर्ल्ड कप जीतकर देश का नाम रोशन कर रही हैं**

उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि 'पहले के दौर में महिलाओं पर अत्याचार होते थे और उन्हें न्याय नहीं मिलता था, लेकिन अब महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। आज महिलाएं न सिर्फ अपनी बात रख रही हैं बल्कि विश्व स्तर पर देश का नाम रोशन कर रही हैं, यहां तक कि महिलाएं वर्ल्ड कप तक जीत रही हैं।

**बागपत निरीक्षण में बोलीं मीनाक्षी भराला**

भराला ने कहा कि वर्तमान सरकार महिलाओं की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, पहले सरकार के लोग आते थे, चाय पीकर चले जाते थे, लेकिन अब हम खुद महिलाओं की समस्याएं सुनने आते हैं और निस्तारण भी कराते हैं।

## वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट से गुहारः देश में लगे 'पब्लिक हैल्थ एमरजैंसी'

भारत में बढ़ते वायु प्रदूषण स्तरों पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई जन हित याचिका में प्रदूषण को देखते हुए पब्लिक हैल्थ एमरजैंसी लगाने की मांग की गई है। 'फिट इंडिया मूवमैंट' के वैलनेस चैम्पियन रहे ल्यूक क्रिस्टोफर कुटिन्हो द्वारा सुप्रीम कोर्ट में लगाई गई याचिका में याचिका कर्ता ने संविधान में अनुच्छेद 21 के तहत दिए गए जीवन और स्वास्थ्य के अधिकार के तहत वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने और घटाने के लिए सरकारी अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की है।

याचिकाकर्ता ने कहा कि देश में वायु प्रदूषण के स्तर अब पब्लिक हैल्थ एमरजेंसी का रूप ले चुके हैं, जो ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में नागरिकों पर गंभीर प्रभाव डाल रहे हैं। याचिकाकर्ता का यह कहना है कि, भले ही देश में एक सुव्यवस्थित नीतिगत ढांचा मौजूद है, लेकिन भारत के बड़े हिस्सों में वायु गुणवत्ता लगातार खराब बनी हुई है, और कई मामलों में इसमें और भी गिरावट आई है।

**शहरों और गांवों में वायु प्रदूषण मानकों से ज्यादा**

याचिका में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु जैसे शहरों में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नोटिफाई किए गए नैशनल एम्बिएंट एयर क्वालिटी स्टैंडर्ड 2009 के मानकों के अनुरूप न होने को प्रमुखता से रेखांकित किया गया है। नैशनल एम्बिएंट एयर क्वालिटी स्टैंडर्ड 2009 के मुताबिक्र हवा में पी एम 2.5 की वार्षिक औसतन सीमा 40 और पी एम 10 की अधिकतम औसतन सीमा 60 होनी चाहिए जबकि दिल्ली में वास्तविक वार्षिक औसत स्तर 105 और लखनऊ में 90 दर्ज किया गया है और यह मानकों का उलंघन है। याचिकाकर्ता ने यह भी उल्लेख किया है कि भारत के मानक पहले से ही अंतर्राष्ट्रीय मानकों की तुलना में ढीले हैं, क्योंकि विश्व स्वास्थ्य संगठन की 2021 की वायु गुणवत्ता दिशा-निर्देश के अनुसार हवा में पी. एम. 2.5 की वार्षिक औसतन सीमा 5 और पी.एम. 10 की अधिकतम औसतन सीमा 15 होनी चाहिए। दिल्ली, कोलकाता और लखनऊ जैसे शहरों में औसत स्तर न केवल राष्ट्रीय मानकों से कहीं अधिक हैं, बल्कि विष स्वस्थ संगठन द्वारा अनुशंसित सुरक्षित सीमा से 10 से 20 गुना अधिक हैं, जिससे करोड़ों लोग श्वसन, हृदय, और



तंत्रिका संबंधी गंभीर बीमारियों के जोखिम में हैं। वायु प्रदूषण को सिस्टम की विफलता बताते हुए याचिकाकर्ता ने कहा कि भारत की 140 करोड़ की अरब आबादी प्रतिदिन विषैला वायु श्वास में लेने को मजबूर है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों को वायु गुणवत्ता निगरानी कार्यक्रमों से बाहर रखा गया है, जो एक मौलिक संरचनात्मक कमजोरी है।

**याचिका में रखी गई मांगें**

वायु प्रदूषण को पब्लिक हैल्थ एमरजैंसी घोषित किया जाए

एन. सी.ए.पी. के लक्ष्यों को वैधानिक बल दिया जाए

एयर क्वालिटी और पब्लिक हैल्थ पर नैशनल टास्क फोर्स का गठन हो

कृषि अवशेष जलाने पर तुरंत पूर्ण रोक लगे

नाइट्रोजन ऑक्साइड का ज्यादा उत्सृजन करने वाले वाहनों को सड़कों से हटाया जाए

स्क्रैप पॉलिसी को गंभीरता से लागू किया जाए

**सरकारी नीतियों और क्रियान्वयन की आलोचना**

केंद्र सरकार द्वारा 2019 में शुरू किए गए नैशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एन सी ए पी) का लक्ष्य 2024 तक हवा में प्रदूषण के कणों में 20-30 प्रतिशत की कमी करना था लेकिन बाद में लक्ष्य को बढ़ाकर 12026 तक 40 प्रतिशत कर दिया गया। लेकिन जुलाई 2025 तक के आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि इस प्रोग्राम में नामित 130 शहरों में से केवल 25 शहरों ने ही 2017 के आधार स्तर से पी एम 10 में 40 प्रतिशत की कमी हासिल की है, जबकि अन्य 25 शहरों में प्रदूषण स्तर और बढ़ा है। याचिका में यह भी कहा गया है कि दिल्ली में 22 लाख स्कूली बच्चों के फेफड़ों को पहलेही अपरिवर्तनीय क्षतिहो चुकी है, जिसे सरकारी और चिकित्सा अध्ययनों ने भी पुष्टि की है।

**निगरानी तंत्र की कमियां**

याचिकाकर्ता का कहना है कि भारत में वायु की गुणवत्ता की वास्तविक स्थिति समझने के लिए कम से कम 4,000 निगरानी केंद्रों की आवश्यकता है जिनमें 2,800 शहरी और 1,200 ग्रामीण क्षेत्रों में होने चाहिए। लेकिन जो निगरानी केंद्र मौजूद हैं, वे अधिकतरशहरी क्षेत्रों तक सीमित हैं, जिससे ग्रामीण इलाकों, औद्योगिक पट्टियों, अनौपचारिक बस्तियों और कमजोर समुदायों को व्यवस्थित निगरानी के दायरे से बाहर रखा गया है। इसका परिणाम यह है कि इन समुदायों के वास्तविक एक्सपोज्जर जोखिम सरकारी नीति में अदृश्य बने रहते हैं, जबकि वे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं।

**याचिकाकर्त्ता ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय**

राजधानी क्षेत्र (एन.सी. आर.) में भारत स्टेज-6 वाहनों से उत्सर्जित नाइट्रोजन ऑक्साइड अनुमेय सीमाओं से कई गुना अधिक थी। तीन पहिया वाहन निर्धारित सीमा से 3.2 गुना, कारण 2 गुना, टैक्सियां 5 गुना और बसें 14 गुना अधिक नाइट्रोजन ऑक्साइड का उत्सृजन कर रही हैं इसके बावजूद भी इन उल्लंघनों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। यहां तक कि 2019 में दिल्ली जैसे विश्व के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक में वायु अधिनियम के तहत एक भी आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया गया।

## साथी की हत्या से नाराज वकीलों ने कामकाज का किया बहिष्कार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** साथी की हत्या में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज वकीलों ने शुक्रवार को भी दीवानी तथा तहसील अदालतों का बहिष्कार किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अध्यक्षता मे हुई बैठक में न्यायिक कामकाज का बहिष्कार का वकीलों ने प्रस्ताव पारित किया। वहीं बैठक में हत्यारोपियों पर गैंगेस्टर की कार्रवाई को लेकर डीएम और एसपी को अगले सप्ताह प्रस्ताव सौपने पर सहमति बनी। सांगीपुर थाना क्षेत्र के बवरिहा पहाड़पुर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता रूद्र प्रताप पाण्डेय की हत्या को लेकर चौथे दिन भी यहां वकीलों की नाराजगी देखी गयी। अधिवक्ता साथी की हत्या को लेकर दर्ज मुकदमे मे शेष तीन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी अभी तक न हो पाने को लेकर सांगीपुर पुलिसिया लापरवाही को लेकर खफा दिखे। बैठक का संचालन महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय व संयोजन उपाध्यक्ष आशीष तिवारी ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय, दीपक पाण्डेय, अभिषेक शुक्ल, अतुल मिश्र, आशुतोष द्विवेदी, सुमित त्रिपाठी, दुर्गेशमणि त्रिपाठी, अतुल तिवारी, नवनीत पाण्डेय, सलमान खां आदि अधिवक्ता रहे।

## टेंशन न लें, आपके बेटे को कोई दोषी नहीं बता रहा, SC ने अहमदाबाद विमान हादसे पर पायलट के पिता से कहा

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान हादसे में सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने यह आदेश पुष्करराज सबरवाल की याचिका पर दिया है। जिनके बेटे सुमित बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के पायलट-इन-कमांड थे। कोर्ट ने केंद्र और नागरिक उड्डयन नियामक डीजीसीए को नोटिस भेजा है। जिसमें कहा है कि इस दुर्घटना के लिए पायलट-इन-कमांड को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। दरअसल, एयर इंडिया के मृतक पायलट सुमित सबरवाल के पिता ने विमान हादसे के न्यायिक जांच की मांग की है। फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स (FIP) ने भी इसी मांग के साथ एक याचिका दायर की थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने दिवंगत पायलट के पिता सुमित सबरवाल से कहा, यह दुर्घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण थी, लेकिन आपको यह बोझ नहीं उठाना चाहिए कि आपके बेटे को दोषी



ठहराया जा रहा है।

**जांच रिपोर्ट आने के बाद किया सुप्रीम कोर्ट का रूख**

बता दें कि मृतक पायलट सुमित सबरवाल के पिता सर्वोच्च न्यायालय में तब आए, जब विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने जुलाई में जारी अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा कि उड़ान भरने के तुरंत बाद दोनों इंजनों को ईंधन की आपूर्ति बंद कर दी गई थी। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि ईंधन नियंत्रण स्विच एक के बाद एक 'कटऑफ' स्थिति में आ गए। हालाँकि लगभग 10 सेकंड बाद स्विच वापस चालू कर दिए गए, लेकिन इंजन पहले ही जल चुके थे, जिससे दुर्घटना हुई।

**12 जून को अहमदाबाद में हुआ विमान हादसा**

गौरतलब है कि 12 जून को, एअर इंडिया का विमान अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भारतीय विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआइबी) ने रिपोर्ट में बताया कि उड़ान भरने के 90 सेकेंड बाद ही विमान के दोनों इंजनों ने काम करना बंद कर दिया था। इससे विमान तेजी से नीचे गिरा। इस हादसे में विमान में शामिल 241 लोगों की दुर्घटना में मौत हुई थी। वहीं, 34 अन्य लोगों की मौत हुई थी। कुल मिलाकर 275 के करीब लोगों की मौत हो गई थी।

## हरियाणा के एक ही घर में 501 वोटर्स? राहुल गांधी के दावों में कितनी सच्चाई... सामने आई

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में हरियाणा के पलवल जिले के होडल में वोटर लिस्ट को लेकर बड़ा दावा किया था. उन्होंने कहा था कि एक ही घर से 66 वोट पड़े हैं और इसे 'फर्जी वोटिंग' का उदाहरण बताया था. लेकिन जब एबीपी न्यूज की टीम मौके पर पहुंची, तो जो हकीकत सामने आई उसने राहुल गांधी के दावे की सच्चाई को एक अलग ही रूप में पेश किया।

**राहुल गांधी का दावों में कितना दम?**

राहुल गांधी ने जिस मकान संख्या 265 का जिक्र किया था, वही घर उनके आरोपों का केंद्र बना. एबीपी न्यूज की टीम जब इस पते पर पहुंची, तो पाया कि यह कोई साधारण घर नहीं, बल्कि करीब एक एकड़ में फैला एक विशाल संयुक्त परिवार का ठिकाना है. इस जमीन पर कई छोटे-छोटे मकान बने हैं, जहां एक ही परिवार की तीन पीढ़ियां रहती हैं. टीम ने जब वहां रहने वाले बुजुर्ग शिवराम स्रौत से बात की, तो उन्होंने बताया कि पहले यह पूरी जमीन खेती



के काम आती थी, लेकिन जैसे-जैसे परिवार बढ़ता गया, हमने इसी जमीन पर कई घर बना लिए. पर शुरू से यही मकान संख्या 265 दर्ज रही, इसलिए सभी वोटर कार्ड और सरकारी दस्तावेजों में यही नंबर चलता आ रहा है।

**एक किलोमीटर के दायरे में नंबर 265 से दर्ज है कई घर**

उन्होंने यह भी कहा कि यहां एक भी वोट गलत नहीं है. हर व्यक्ति का वोटर कार्ड और आधार कार्ड मौजूद है. गलती सिर्फ इतनी है कि सिस्टम ने सभी घरों का एक ही मकान नंबर दर्ज कर दिया. ग्राउंड रिपोर्ट में एबीपी न्यूज ने पाया कि वास्तव में इस इलाके में एक किलोमीटर के दायरे में कई घर एक ही पुराने नंबर 265 से दर्ज हैं. वजह यही है कि पहले यह एक ही जमीन थी, जिसे बाद में परिवार के सदस्यों में बांट दिया गया. राहुल गांधी के आरोप के बाद विपक्ष ने इसे चुनाव आयोग की लापरवाही बताया था और चुनाव चोरी का आरोप लगाया था. लेकिन इस रिपोर्ट से साफ हुआ कि मामला फर्जी वोटिंग का नहीं, बल्कि एक संयुक्त परिवार की वास्तविकता का है, जो वर्षों से एक ही पते पर रह रहा है।

**मतदाताओं की संख्या भले अधिक है पर वोट सबके हैं असली**

स्थानीय लोगों ने भी कहा कि इस इलाके में कई पुराने घरों की यही स्थिति है, जहां एक ही नंबर पर कई परिवार रहते हैं. राहुल गांधी के बयान के बाद जिस घर को फर्जी वोटिंग का प्रतीक बताया गया, वो असल में एक बड़े परिवार की कहानी निकली. जहां मतदाताओं की संख्या भले अधिक है, पर वोट सबके असली हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### फार्मासिस्ट एसोसिएशन के ब्लाक अध्यक्ष बने अखिलेश गुप्ता! पदाधिकारी कीए घोषित



**बस्ती।** अखिलभारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन द्वारा ब्लाक अध्यक्ष अखिलेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता मे भिटी मिश्र हसीनाबाद बाजार में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक मे फार्मासिस्टों की समस्याओं पर चर्चा किया गया। ब्लाक कार्यकारिणी बैठक में ब्लाक अध्यक्ष अखिलेश कुमार गुप्ता, रवि प्रकाश उपाध्यक्ष, प्रदुम्न यादव ब्लाक सचिव,विकास कुमार मीडिया प्रभारी घोषित किये गये।एसोसिएशन के ब्लाक अध्यक्ष ने कहा कि एसोसिएशन निरन्तर फार्मासिस्टों की समस्याओं के लिये संघर्षरत है। उन्होने फार्मासिस्टों को फामेर्सी के संचालन, उपयोगिता, नियम और दायित्वों की विस्तार से जानकारी दिया। बैठक में आसिफ,गोरखनाथ बर्मा,सुलभ पांडे भी उपस्थित रहे।

### हत्या के 9 दोषियों को आजीवन कारावास



**बलरामपुर।** दिनांक-22.06.2013 को वादी द्वारा थाना कोतवाली गैसड़ी पर सूचना दी गई थी कि विपक्षीगण 1. वासुदेव 2. दुर्गेश पुत्रगण रामसहाय 3.कबूतरी पुत्री रामसहाय 4.सुनीता पत्नी वासुदेव 5.अनीता पत्नी दुर्गेश निवासीगण परशुरामपुर रजेहना थाना को0 गैसड़ी जनपद बलरामपुर 6. लहिराम पुत्र नन्दराम 7. सेवरी देवी पत्नी लहिराम 8. अशोक कुमार पुत्र नंदराम 9. भानमति पत्नी रामनरायन निवासीगण थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर द्वारा बच्चों-बच्चों के झगड़े की पुरानी रंजिश को लेकर वादी के पिता व परिवार वालों को लाठी डण्डा कुल्हाड़ी आदि से मारा पीटा जिससे वादी के पिता की मृत्यु हो गई थी थाने पर मुकदमा दर्ज कर न्यायालय रवाना किया गया था। न्यायालय में मामले की पैरवी शासकीय अधिवक्ता फौजदारी नवीन तिवारी द्वारा की गई । नवीन तिवारी के अथक प्रयास व प्रभावी पैरवी के चलते आज दिनांक 07/11/25 को न्यायालय स्छ्ठ बलरामपुर द्वारा आरोप सिद्ध होने पर अपराधियों को आजीवन कारावास व प्रत्येक को 15,000-15,000 रु का अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

### अपहरण, दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के अभियोग से संबंधित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सांगीपुर के उप निरीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त सलमान खान पुत्र इशी मोहम्मद निवासी ग्राम पूरे नेवाजी शुकुलपुर अजगरा रानीगंज थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 20 वर्ष को थाना सांगीपुर क्षेत्रातंर्गत बंधवा तालाब के पास के पास से गिरफ्तार किया गया।

### डीएम ने किया सड़क सुरक्षात्मक कार्य का निरीक्षण

**चित्रकूट-** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को ब्लैक स्पॉट-120 काली पहाड़ी मानिकपुर पर सड़क सुरक्षात्मक कार्य का निरीक्षण किया। यहां डीएम ने कार्य का जायजा लेकर कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को समय से कार्य को पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों द्वारा जानकारी दिए जाने पर सरैया-बोड़ी पोखरी तथा ऐंचवारा-भौरी मार्ग में भारी वाहनों के आवागमन को रोकने के लिए हाइट गेज बैरियर लगवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था निर्माण खण्ड एक लोनिवि चित्रकूट के अवर अभियन्ता मौके पर उपस्थित पाए गए, जिन्होंने डीएम को बताया कि आई.आई.टी. बी.एच.यू. द्वारा 2019 के चिन्हित ब्लैक स्पॉट की रोड़ रोपी ऑडिट के अनुसार सेफसाइट डिस्टेंस का कार्य कराया जाना है। यह कार्य सड़क सुरक्षा योजनान्तर्गत कराया जाना है, जिसकी कुल लागत 96.11 लाख रुपये है, जो स्वीकृत है। बताया कि मार्ग का चौड़ीकरण पहाड़ी को काटकर किया जा रहा है, जिसकी वर्तमान चौड़ाई को सात मीटर को बढ़ाकर 14 मीटर किया जाना है। साथ ही मार्ग में घाटी की तरफरिटेनिंग वाल का भी निर्माण कराया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया कि यह कार्य मानक के अनुसार निर्धारित समयावधि में पूर्ण करायें।

## राजस्व विभाग द्वारा चकमार्ग 3 साल से खाली करने में पीड़ित अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर काट रहा है

**●राजस्व विभाग की मिली भगत से चकमार्ग पर अवैध अतिक्रमण बरकार सालों से लगातार शिकायत होने के बावजूद भी राजस्व टीम ने चकमार्ग से नही हटवाया अवैध कब्जा - पीड़ितचक मार्ग पर अवैध अतिक्रमण होने के कारण आवागमन है बाधित - पीड़ित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में राजस्व अधिकारियों द्वारा जनता की समस्याओं का हल नहीं किया जा रहा है जिससे विवाद की स्थिति बनी रहती है ऐसे अधिकारियों पर कब होगा कार्रवाई सरकारीचक मार्ग पर अवैध अतिक्रमण को लेकर 03 सालों से लगातार पीड़ित संदीप गुप्ता के द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल व उच्च अधिकारियों से शिकायत किया जा रहा है लेकिन जांच व कार्रवाई के नाम पर राजस्व विभाग द्वारा चक मार्ग पर हुए अवैध अतिक्रमण को खाली करने के बजाए बार - बार लीपापोती करने का प्रयास किया जा रहा हैं । आपको बताते चले कि तहसील हरैया के अंतर्गत ग्राम पंचायत लखनपुर महुआ के चक मार्ग संख्या 374 पर अवैध अतिक्रमण है । चकमार्ग संख्या 374 के अवैध अतिक्रमण को लेकर अरविंद पांडेय समेत अन्य ग्रामीणों द्वारा वर्ष 2022 से ही लगातार उच्च अधिकारियों से शिकायत किया जा रहा है लेकिन अभी तक चकमार्ग संख्या 374 से अवैध अतिक्रमण को राजस्व टीम ने नही हटवाया है । दिनांक - 10-12-2022 को अरविंद पांडेय व अन्य ग्रामीणों ने आईजीआरएस शिकायत किया था शिकायत संख्या - 40018522030165 है जिस पर तत्कालीन हल्का लेखपाल कृष्ण मोहन पटेल ने रिपोर्ट लगाया था कि अभिलेखीय जांच के दौरान पाया गया है कि गाटा संख्या 374 चक मार्ग के नाम से दर्ज है । स्थलीय निरीक्षण के बाद गाटा संख्या 374 की पैमाइश की गई थी और चक मार्ग को चिन्हित किया गया था । चार चक मार्ग 374 पर आंशिक रूप से कुछ लोगों का अवैध कब्जा था । अवैध कब्जे को हटाने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया था । राजस्व टीम द्वारा गाटा संख्या 374 के पैमाइश के 03 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी अवैध अतिक्रमण बरकरार हैं जिससे आवागमन बाधित है । 03 वर्षों से लगातार शिकायत के बाद गाटा संख्या 374 पर अवैध अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमणकारियों के खिलाफ 115 सी तक की कार्यवाही राजस्व विभाग ने नही की है । किस प्रकार स्पष्ट है कि गाटा संख्या 374 पर अवैध अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमणकारियों को राजस्व टीम का संरक्षण मिल रहा है । पीड़ित संदीप गुप्ता ने राजस्व विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुनः मुख्यमंत्री पोर्टल ,जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी से शिकायत किया है और तत्काल गाटा संख्या 374 पर अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग किया है । उक्त प्रकरण में हल्का लेखपाल ने बताया कि अभी हमें ग्राम पंचायत का कार्यभार जल्दी मिला है । पीड़ित संदीप गुप्ता द्वारा आईजीआरएस की शिकायत की गई है जो शिकायत हमें मिल चुकी है । आईजीआरएस की शिकायत पर स्थलीय निरीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी ।

## मारपीट, धमकी और जमीन विवाद से जुड़ी तीन अलग-अलग मामले दर्ज

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र में तीन अलग-अलग मामलों में मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और विवाद की घटनाओं के संबंध में पीड़ितों की शिकायती पत्र के आधार पर तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए। पहले मामले में ग्राम सेरवासकलां, मजरा ढिमरऊ निवासी शिवराज सिंह यादव ने तहरीर में आरोप लगाया कि उनका बेटा महेंद्र (32) और पत्नी लीला देवी (52) खेत पर काम कर रहे थे, तभी विपक्षी हरप्रसाद, ब्रजेन्द्र, धीरेन्द्र, गेंदा और विमलेश लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और खेत जोतने लगे। रोकने पर सभी ने लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी। महेंद्र को गंभीर हालत में पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट और फिर मेडिकल कॉलेज ललितपुर रेफर किया गया। आरोप है कि इलाज के दौरान भी ब्रजेन्द्र अस्पताल में आकर धमकाता रहा। पीड़ित का कहना है कि पूर्व शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने से विपक्षियों के हौसले बढ़े हैं।

## जमीन बिक्री के नाम पर 45 लाख की ठगी, 8 लोगों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज

**●राजस्व विभाग के कर्मचारियों की मिली भगत से हो रहे हैं भ्रष्टाचार जमीनों में लिखवाई की गड़बड़ी केकारण खारिजदाखिल नहीं हो पा रहे हैं**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में जमीन की रजिस्ट्री के नाम पर एक व्यक्ति से 45 लाख रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कोतवाली पुलिस ने 8 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आवास विकास कॉलोनी निवासी अरविन्द कुमार सिंह पुत्र विजय पाल सिंह ने कोतवाली थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उन्होंने वर्ष 2022 में कोतवाली थाना क्षेत्र के पिकौरा दत्तूराय मोहल्ले में 45 लाख रुपये में एक जमीन खरीदा था। यह सौदा भानमती पत्नी खेताऊ, मिश्रीलाल पुत्र खेताऊ, शिव कुमार पुत्र खेताऊ, बुद्धिराम पुत्र खेताऊ, तथा डिल्ली पुत्र खेताऊ से किया गया था। इस लेन-देन में गवाह के रूप में राम प्रसाद पुत्र रघ्घू सोनकर, महेन्द्र कुमार सिंह पुत्र मारकण्डेय सिंह और उनके पुत्र दिवाकर सोनकर शामिल थे। प्रार्थी के अनुसार, आरोपियों ने उन्हें अधूरी और गलत खतौनी दिखाकर खुद को वैध वारिस बताते हुए बैनामा कराया। बाद में जब उन्होंने खतौनी निकलवाई तो पता चला कि भूमि का नामांतरण पहले ही किसी अन्य व्यक्ति के नाम हो चुका था। अरविन्द कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने आरोपियों को चेक और बैंक ट्रांसफर के माध्यम से 45 लाख रुपये दिए थे, लेकिन उन्हें न तो भूमि का कब्जा मिला और न ही दाखिल-खारिज की प्रक्रिया पूरी की गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना उपनिरीक्षक अजय सिंह को सौंपी है।

## थानाध्यक्ष कप्तानगंज व विवेचक पर मुकदमे की निष्पक्ष विवेचना से पीड़िता का उठा विश्वास

**●कप्तानगंज थानेदार की करतूतें हुआ उजागर, पुलिस उपमहानिरीक्षक से गुहार**

**धाराओं का अल्पीकरण अभियुक्तों का नाम निकालने का कप्तानगंज थानाध्यक्ष व विवेचक पर आरोप पीड़ित के घर में घुसकर महिलाओं को प्रताड़ित करने का कप्तानगंज पुलिस पर आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केकप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अवस्थीपुर (महुवारे) निवासिनी धनवन्ता देवी पत्नी हरिराम ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर बेटे पर धारदार हथियार से जानलेवा हमले के मामले में मुकदमे से आरोपी का नाम निकालने धाराओं का अल्पीकरण बिना महिला पुलिस के घर में परिवार की महिलाओं को प्रताड़ित करने का थानाध्यक्ष कप्तानगंज पर आरोप लगाया है मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया हैगत 8 अक्टूबर 2025 को अखिलेश मुलायम यादव,अजय ऊर्फ पिंटू जंगबहादुर पुत्र रामशंकर दो अज्ञात व्यक्तियों ने कथित तौर साजिश रचकर उनके बेटे राम अवतार पर जानलेवा हमला किया हमले के दौरान घायल राम अवतार को घायलावस्था में कैली मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत नाजुक बनी रही रामअवतार को लखनऊ रेफर किया गया अभियुक्तो के खिलाफ स्थानीय थाना पर धारा 109 .191 ( 3 ),324 (4), 61 (2), 351 (3) बी0 एन0 एस0 मे मुकदमा दर्ज किया गया है धनवन्ता देवी ने आरोप लगाया है कि थानाध्यक्ष कप्तानगंज के दबाव में आकर विवेचक वीरेंद्र कुमार राय मुकदमें से आरोपी अभियुक्तों का नाम निकालने और धाराओं का अल्पीकरण करने की कोशिश कर रही हैं बस्ती पुलिस का यह पुराना खेल है पैसा लेकर अभिव्यक्ति का नाम निकालना धाराओं को कम करना यह तो पुराना खेल है इनका इस पर उच्च अधिकारी को कार्रवाई करना चाहिए ऐसे विवेचन को निलंबित कर देना चाहिएदो अभियुक्तों का नाम निकालने के लिए कप्तानगंज थानाध्यक्ष द्वारा उल्टे उनके बेटे के खिलाफ बयान कराया जा रहा है। कूट रचित तरीके से पीड़िता के बेटे को फसाया जा रहा है कप्तानानगंज थानाध्यक्ष के कृत्यों से आहत होने के बाद पुलिस अधीक्षक बस्ती के बाद धनवन्ता देवी अब पुलिस उप महानिरीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए थानाध्यक्ष कप्तानगंज से मुकदमें को स्थानांतरित करके जिले में किसी अन्य थाना या क्राइम ब्रांच को सौंपने की मांग साथ ही न्याय की मांग की किया है।

## चौपाल लगाकरजनता की समस्याओं का निस्तारण ग्राम स्तर पर ही किया जाय- डी एम बस्ती

**●जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को तुरन्त कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की समस्याओं का निस्तारण ग्राम स्तर पर ही किया जाय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्सना की अध्यक्षता में विकास खण्ड बहादुरपुर के ग्राम पंचायत खड़ौआ खुर्द में गॉव की समस्या, गॉव में समाधान के तहत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें, जिन्होने नाली, खड़ंजा निर्माण, जलजमाव सहित अन्य समस्याओं को प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को तुरन्त कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की समस्याओं का निस्तारण ग्राम स्तर पर ही किया जाय ताकि आम नागरिको को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़ें। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी ग्रामीण विकास एवं जनकल्याण की योजनाओं को धरातल पर उतारने में तत्पर्ता दिखायें। उन्होने यह भी कहा कि पात्र व्यक्तियों को समय से लाभान्वित किया जाय।

ग्राम चौपाल के दौरान उन्होने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से वार्ता की तथा उनके द्वारा बनाये जा रहे उत्पाद के बारे में जानकारी प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आपलोगों को अगर किसी भी स्तर पर समस्या हो तो निःसंकोच अवगत करायें, जिससे समस्या का निराकरण शीघ्रअतिशीघ्र किया जा सकें। उन्होने पोषाहार की समीक्षा करते हुए आगनबाड़ी कार्यकत्री को निर्देश दिया कि पोषाहार को पात्र व्यक्ति को समय से उपलब्ध कराया जाय तथा संबंधित रजिस्टर पर उसका अंकन भी किया जाय। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण समय से कराया जाय। उन्होने जलजीवन मिशन कनेक्शन की समीक्षा करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने किसान भाईयों से अपील किया कि धान कटाई के बाद धान को क्रय केन्द्रों पर ही बेचा जाय। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, खण्ड विकास अधिकारी घीसम प्रसाद, ग्राम पंचायत सचिव कुमार सत्यम सिंह, हल्का लेखपाल सहित ग्राम प्रधान उपस्थित रहें।

## जिलाधिकारी ने बाहापुर के प्राथमिक विद्यालय और गो आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

**●विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था एवं गौशाला में गोवंशों की देखभाल व अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने बाहापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय तथा गो आश्रय स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय बाहापुर पहुंचकर छात्र-छात्राओं से पढ़ाई की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से पाठ्य पुस्तकों की पाठन सामग्री पढ़वाई तथा उनसे मध्यान्ह भोजन, कॉपी-किताब, ड्रेस, स्वेटर, जूते-मोजे आदि की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने विद्यालय के उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन करते हुए प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को बच्चों को पूर्ण निष्ठा और लगन के साथ शिक्षित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विद्यालय में शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा विद्यालय परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए। विद्यालय निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी गो आश्रय स्थल बाहापुर पहुंचे। यहां उन्होंने गोवंशों के संरक्षण, आहार, चिकित्सा और साफ-सफाई संबंधी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने केयरटेकर को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी गोवंशों को नियमित रूप से निर्धारित मात्रा में भूसा, पशु आहार और हरा चारा उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने गौशाला में भूसे, पानी और हरे चारे की उपलब्धता की भी गहनता से समीक्षा की तथा बीमार गोवंशों की पशु चिकित्साधिकारी द्वारा नियमित देखरेख और उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टॉक रजिस्टर, टीकाकरण रजिस्टर, चारा/भूसा रजिस्टर तथा केयरटेकर भुगतान अभिलेखों का भी अवलोकन किया और सभी अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि कमजोर और बीमार गोवंशों की देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा गौशाला परिसर में साफ-सफाई की स्थिति को और बेहतर बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ठंड के मौसम को देखते हुए गौशालाओं में तिरपाल, काऊ कोट तथा बिछावन के लिए पराली आदि की व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित करने को कहा, जिससे गौशालाओं में गोवंशों को ठंड से बचाया जा सके।

## बस्ती जनपद में गन्ना विकास के नाम पर जिम्मेंदारों ने लूटे 12 करोड़, किसानों को फूटी कौड़ी भी नहीं

**●मुण्डेरवा चीनी मिल के जिम्मेदारों व एजेन्सी ने डकारे 12 करोडकिसान नेता दीवान चन्द पटेल की शिकायत पर मामले का हुआ भंडाफोड़**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में भ्रष्टाचार रोकने में जिले के जिम्मेदार अधिकारी खेल नजर आ रहे हैं सरकार भले ही भ्रष्टाचार मुक्त का दावा आए दिन ठोंक रही है परन्तु हकीकत इससे ठीक उल्टा है और भ्रष्टाचारी लगातार भ्रष्टाचार की घटनाओं को अंजाम देने में लगे हैं । जनपद के शुगर मिल मुण्डेरवा से जुड़ा महाघोटाला प्रकाश में आया है जहाँ किसानों के हित में खर्च होने वाले धन को बिचौलिए हड़प लिए हैं जिसका खुलासा तब हुआ जब चर्चित किसान नेता दीवान चन्द पटेल ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री दरबार में पहुँचायी । प्राप्त समाचार के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य चीनी एवं गन्ना विकास निगम लिमिडेड मुण्डेरवा क्षेत्र के अन्तर्गत वर्ष 2021 से 2023 के बीच 160 गांवों में बीज वितरण , सिंचाई सुविधाएं तथा कीट नियंत्रण जैसे कार्यो के लिए लीनिंग सिक्योरिटी सर्विसेज को 15 करोड़ का ठेका दिया था । कम्पनी ने बिना कोई जमीनी काम किए कागजों में 430 गांवों में काम दिखाकर मुण्डेरवा चीनी मिल के जी0एम0 व सी0ए0 से मिलीभगत करके 12.29 करोड़ का भुगतान करा लिया तथा बेचारे किसान जिनके नाम दिखाकर घोटाला किया गया उन्हें फूटी कौड़ी तक नहीं नसीब हुई । मामले का खुलासा तब हुआ जब प्रकरण को चर्चित किसान नेता दीवान चन्द पटेल ने मुख्यमंत्री के दरबार में पहुंचाया । मामले में मुकदमा पंकीकृत कर अग्रिम कार्यवाही प्रारम्भ हो चुकी है देखना यह है कि दुरपयोगित धन की रिकवरी हो पायेगी अथवा अन्य मामलों की तरह एफआइआर की आड़ में मामला ठंडे बस्ते में चला जायेगा ।

## जरूरतमंद किसानों को विधायक ने दिए मुफ्त चिपसोना आलू बीज

**●महाराजी देवी सेवा समिति की अध्यक्ष अंकिता और सचिव सुधा प्रजापति की सराहनीय पहल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



अमेठी। महाराजी देवी जनकल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में विगत सप्ताह से गरीब एवं जरूरतमंद किसानों को उन्नत प्रजाति के चिपसोना आलू बीज का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। अमेठी विधानसभा क्षेत्र की चारों ब्लॉकों के पाँच हजार से अधिक किसानों तक यह बीज पहुँचाने के लिए समिति द्वारा विशेष व्यवस्था की गई, जिसकी व्यापक सराहना हो रही है।समिति की अध्यक्ष अंकिता प्रजापति एवं सचिव सुधा प्रजापति के संयोजन में विधायक महाराजी देवी के जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित इस बीज वितरण कार्यक्रम ने किसानों का दिल जीत लिया। स्वयं विधायक महाराजी देवी प्रजापति सतत रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहकर व्यवस्था को आगे बढ़ा रही हैं, वहीं विधायक प्रतिनिधि अनुराग प्रजापति भी एक-एक किसान को सम्मानपूर्वक बीज वितरण कराने में पूरी तत्परता से जुटे रहे।अमेठी में गरीबों के मसीहा के रूप में चर्चित पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति ने अपने राजनीतिक जीवन में सदैव गरीबों एवं वंचितों के लिए कार्य किया। बीते आठ वर्षों से कथित आरोपों में सजा के उपरांत जेल में निरुद्ध रहने के बावजूद उनकी सेवा परंपरा को आगे बढ़ाने का दायित्व अब विधायक महाराजी देवी प्रजापति निभा रही हैं।इसी क्रम में महाराजी देवी महिला जनकल्याण सेवा समिति की अध्यक्ष अंकिता प्रजापति, सचिव सुधा प्रजापति तथा कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमारी के नेतृत्व में गुरुवार को भी अमेठी ब्लॉक के किसानों को चिपसोना आलू बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विधायक महाराजी प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि अनुराग प्रजापति, अरुण प्रजापति, डॉ. रूदल यादव, प्रधान अशोक शुक्ला, छोटेलाल कनौजिया, महावीर कश्यप, श्रीनाथ यादव, डॉ. सत्य प्रकाश यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।युवा समाजसेवी एवं समिति अध्यक्ष अंकिता प्रजापति ने बताया कि आलू के महंगे बीज किसानों की सामर्थ्य से बाहर होने के कारण कई जरूरतमंद किसान बोआई नहीं कर पाते थे। ऐसे में समिति ने निर्णय लिया कि अमेठी के हर जरूरतमंद किसान को अच्छी गुणवत्ता का आलू बीज निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। समिति की सचिव सुधा प्रजापति ने कहा कि अमेठी के गरीबों का जीवन स्तर ऊँचा उठाना ही समिति का मुख्य उद्देश्य है। आगे भी किसानों के हित में ऐसी जनकल्याणकारी योजनाएँ चलाई जाती रहेंगी।

## दरोगा पवन कनौजिया के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** गैड़ास बुजुर्ग थाने के सामने एससी युवक राम बुझारत के आत्मदाह का मामला अहम मोड़ पर आ गया है। आरोपी तत्कालीन थानाध्यक्ष पवन कुमार कनौजिया के खिलाफ विवेचना पूरी कर चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। शासन से मुकदमा चलाने की स्वीकृति मिलने के बाद कार्रवाई के रूप में यह बड़ी प्रगति है। प्रकरण की विवेचना अपर पुलिस अधीक्षक गोंडा राधेश्याम राय के नेतृत्व में चल रही थी। उन्होंने सभी साक्ष्यों व बयानों का संकलन कर दरोगा के विरुद्ध अपराध सिद्ध होने के पर्याप्त आधार मिलने पर चार्जशीट दाखिल की है। राम बुझारत की पत्नी कुसुमा देवी की याचिका पर हाईकोर्ट ने शासन को जांच और अभियोजन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया था। शासन ने 24 अक्तूबर को मुकदमा चलाने की स्वीकृति दी थी। तीन नवंबर की सुनवाई में न्यायालय ने चार्जशीट दाखिल करने की समय सीमा तय की थी। सूत्रों के अनुसार अब आरोपी दरोगा के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संभावना बढ़ गई है। फिलहाल अभी दरोगा पर बड़े पुलिस अधिकारियों का हाथ है।

**यह है मामला**

23 अक्तूबर 2023 को जमीन पर पुलिस कब्जे से आहत राम बुझारत ने थाने के सामने ही आत्मदाह कर लिया था। उन्हें गंभीर अवस्था में लखनऊ रेफर किया गया, जहां 27 अक्तूबर को मौत हो गई। तत्कालीन जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने मजिस्ट्रेटी जांच कराई, जिसमें दरोगा पवन कनौजिया को दोषी पाया गया। बाद में हाईकोर्ट के आदेश पर गठित एसआईटी की जांच में भी यह साबित हुआ कि दरोगा ने विवादित भूमि पर अवैध कब्जा दिलाने में भूमिका निभाई, जिसके कारण राम बुझारत ने यह कदम उठाया।

**दरोगा पर अब चलेगा मुकदमा**

चार्जशीट दाखिल होने के साथ ही अब दरोगा पवन कनौजिया पर मुकदमे की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार जल्द ही न्यायालय में अभियोजन साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएंगे। वहीं, पुलिस विभाग ने शासन को चार्जशीट की प्रति भेज दी है। दलित संगठनों ने इसे न्याय की दिशा में अहम कदम बताया है। पत्नी कुसुमा देवी ने कहा कि हमने लंबे समय तक न्याय के लिए लड़ाई लड़ी। अब उम्मीद है कि पति की मौत के जिम्मेदार लोगों को सजा मिलेगी।

**दरोगा के बचाव में होती रही विभागीय कवायद**

घटना के बाद पुलिस विभाग ने तो शुरू में दरोगा को बचाने का भरसक प्रयास किया। तत्कालीन सीओ उतरौला की रिपोर्ट में मृतक की पत्नी पर ही आरोप लगा दिया गया, लेकिन जिलाधिकारी की जांच में रिपोर्ट गलत साबित हुई। इसके बाद शासन ने दोनों अधिकारियों का तबादला कर दिया था और एसआईटी गठित कर जांच कराई। इसके साथ ही दरोगा पवन कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट पर निलंबित किया गया। बाद में प्रतिकूल प्रविष्टि जैसी मामूली कार्रवाई कर उसे बहाल कर दिया गया।

**प्रतिकूल प्रविष्टि समाप्त कर पीआरओ बना लिया**

दरोगा की अपील पर बाद में देवीपाटन मंडल के डीआईजी ने प्रतिकूल प्रविष्टि की कार्रवाई भी समाप्त कर दी। इस समय उसकी तैनाती आईजी देवीपाटन मंडल कार्यालय में है और पीआरओ जैसी अहम जिम्मेदारी भी निभा रहा है। दरोगा मूल रूप से बाराबंकी का रहने वाला है।

# संक्षिप्त खबरें

## आर्यकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च में कैंसर जागरूकता दिवस का हुआ आयोजन



**अटारिया-** आर्यकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च सीतापुर में कैंसर जागरूकता दिवस बड़े उत्साह और गंभीरता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य, सभी संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद कॉलेज की प्राचार्या महोदया ने अपने उद्बोधन में कहा 'कैंसर जैसी बीमारी से बचाव केवल जागरूकता और समय पर जांच से ही संभव है' उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि वे इस संदेश को समाज के हर व्यक्ति तक पहुँचाएँ। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा पोस्टर प्रेजेंटेशन, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, अंत में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ. इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह, संकाय प्राचार्या डॉ. स्तुति वर्मा, डीन एकेडमिक श्रीमती रुचि सिंह , उपनिदेशक डॉ. आदित्य सिंह, डॉ. अब्दुल रब खान, रजिस्ट्रार रोहित सिंह, अध्यापक राजीव कुमार, ऋषभ शुक्ल, अनुभा धुरिया, रेहान अहमद, तान्या उपाध्याय, नीलम वर्मा , प्रांजुल वर्मा, मोहित यादव, साहिल सिंह, तिलक राज , अरुण सिंह, प्रीति यादव, प्रवीण यादव , अबरार अली, रमा सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## सभागार में वानिकी व कृषि वानिकी पर दिया गया प्रशिक्षण



**लखनऊ-** माल ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को वानिकी व कृषि वानिकी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका आयोजन मलिहाबाद रेंजर आलोक तिवारी व एडीओ पंचायत सुनील सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम विकास विभाग के



अधिकारी,ग्राम प्रधान सहित वन दरोगा मोहम्मद ताहिर,वन रक्षक दिलीप सिंह चौहान,जयराम यादव,और बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वानिकी, कृषि वानिकी और पौधशाला संचालन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई।रेंजर आलोक तिवारी ने पौधारोपण, पौध संरक्षण तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया।

## बेखौफ चोरों ने बिजली के दस पोल लाइन के तार खोलकर फरार

**मलिहाबाद, लखनऊ।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने बिजली के दस पोल की कीमती लाइन के तार खोलकर फरार हो गए हैं। पहले की तरह पुलिस फिर चोरी की घटना रोक पाने में विफल रही है जिससे ग्रामीणों में भव्य का माहौल बना है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र इन दिनों चोरों के लिए पसंदीदा बन चुका है। बेखौफ चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए दो अलग अलग ट्यूबवेल पर गई बिजली के दस पोल के तार गुरुवार रात खोलकर फरार हो गए। क्षेत्र के तेरवा गांव निवासी मुन्ना सिंह गांव से कुछ दूर अपने खेत में निजी ट्यूबवेल चलाते हैं। गुरुवार देर रात बेखौफ चोर छह पोल के कीमती तार खोलकर फरार हो गए। वहीं गांव के ही हीरालाल ने बताया मलिहाबाद क्षेत्र के रविशंकर का खेत गांव के पास ही जहां जहां ट्यूबवेल लगा है और वह उसपर नौकरी करते हैं। गुरुवार रात को वह सो गए सुबह जब उठे तो बिजली के चार पोल के तार गायब थे जिसकी सूचना उन्होंने अपने मालिक को दी। शुक्रवार को हरीराम, मुन्ना सिंह ने रहीमाबाद पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर चोरों के खिलाफ कार्यवाही कर उन्हें गिरफ्तार किए जाने की मांग की है।

**ग्रामीणों में भय......**

लगातार क्षेत्र में हो रही चोरियों से ग्रामीण भय में आ गए हैं। ग्रामीणों का कहना है रहीमाबाद पुलिस का चोरों में कोई भय ही नहीं है इसलिए आय दिन चोर पुलिस को खुली चुनौती देकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को मिला जबरदस्त रिस्पॉन्स, 7 महीनों में 2.76 लाख से ज्यादा युवाओं ने किया आवेदन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनाने की दिशा में लगातार आवश्यक कदम उठा रहे हैं। इसी के तहत सीएम योगी प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहे हैं। इन योजनाओं में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रदेश के युवाओं की पहली पसंद बन गयी है। इसका अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के 7 माह में अब तक प्रदेश भर में ढाई लाख से अधिक आवेदन आ चुके हैं, जबकि योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1 लाख 50 हजार लोन वितरित का लक्ष्य रखा है। इन आंकड़ों से साफ है कि सीएम योगी की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को अपनी आकर्षित कर रही है और वह इससे जुड़कर अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। वहीं योजना का लाभ शत प्रतिशत देने में पूरे उत्तर प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी है जबकि दूसरे स्थान पर आजमगढ़ और तीसरे स्थान पर अंबेडकरनगर है।

**7 माह में ढाई लाख से अधिक युवाओं ने किया आवेदन**

पूरे देश में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ही है, जो प्रदेश के युवाओं को सिर्फ रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर नहीं दे रही है बल्कि उन्हे एक मजबूत उद्यमी बनने के लिए सक्षम बना रही है। इसी का असर है कि प्रदेश के युवा न केवल अपने व्यवसाय को बढ़ावा दे रहे हैं बल्कि समाज के लिए भी एक सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। इस योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1 लाख 50 हजार लक्ष्य के सापेक्ष 7 माह में पूरे प्रदेश से 2,76,824 युवा लोन के लिए आवेदन कर चुके हैं, जबकि 2,26,511 आवेदनों को बैंक को फॉरवर्ड कर दिया गया है। इनमें से 73,191 आवेदनों को बैंक ने लोन देने की स्वीकृति दे दी है, जबकि 71,918 युवाओं को स्वरोजगार के लिए लोन वितरित किया जा चुका है।

**शत प्रतिशत 2,256 युवाओं को किया लोन वितरित**

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का शत प्रतिशत लाभ देने में पूरे प्रदेश में जौनपुर ने आवेदकों को लोन वितरित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जौनपुर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप जिले में विशेष अभियान चलाकर युवाओं को स्वरोजगार के लिए बैंकों से संपर्क कर लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जिले को अभियान के तहत 2,250 युवाओं को लोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य दिया गया है। इसके सापेक्ष 7 माह में 6,664 आवेदन प्राप्त हुए, जिसके सापेक्ष 5,410 आवेदनों को बैंक को भेज दिया गया है। इनमें से 2,256 आवेदकों को लोन वितरित किया जा चुका है। ऐसे में लक्ष्य के सापेक्ष इसका रेश्यो 100.27 प्रतिशत है। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश में जौनपुर ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के महज 7 माह में लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा किया है। इसी के साथ पूरे प्रदेश में शत प्रतिशत युवाओं को लोन वितरित करने में पहला स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस सफलता में अग्रणी जिला प्रबंधक अभय प्रकाश श्रीवास्तव का अहम योगदान है।

**आजमगढ़ में ब्लॉक स्तर पर वर्कशाप का आयोजन कर युवाओं को दिया जा रहा योजना का लाभ**

आजमगढ़ जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में जिले के अधिक से अधिक युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का लाभ देने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ देने में अप्रैल-25 से पहले जिला 25 वें स्थान पर था। वहीं अप्रैल के बाद योजना का लाभ हर जरूरतमंद युवाओं को देने के लिए लगातार ब्लॉक स्तर पर वर्कशाप आयोजित की जा रही है। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में बैंकर्स और आवेदकों के आमने-सामने कार्उंसलिंग करायी जा रही है। यही वजह है कि पिछले कई माह से आजमगढ़ योजना का लाभ देने में पूरे प्रदेश में लगातार दूसरे स्थान पर बना हुआ है। जिलाधिकारी ने बताया कि अक्टूबर माह में भी योजना का लाभ देने में पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि आजमगढ़ को वर्तमान वित्तीय वर्ष में 2,250 का लक्ष्य दिया गया, जिसके सापेक्ष 7 माह में 5,748 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 4,775 आवेदनों को बैंक को भेजा गया, जिसमें से 2,085 को लोन वितरित किया जा चुका है।

# स्मार्ट मीटर को लेकर जेई-एसडीओ पर गिरी गाज, तीन अधिशासी अभियंताओं को नोटिस जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल ने आदेशों की अनदेखी करने वाले उन्नाव के पुरवा में तैनात उपखंड अधिकारी अनिल कुमार वर्मा और अवर अभियंता संतोष कुमार श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया है। एमडी ने चार नवंबर को उन्नाव में निरीक्षण किया था। कई कमियां पायी थी। दोनों निलंबित अभियंताओं को बरेली के प्रथम जोन से संबंद्ध किया गया है। इसके अलावा तीन अधिशासी अभियंताओं को नोटिस दी गई है। निरीक्षण में दो दर्जन कमियां पायी गई थी। जिन अधिशासी अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस दिया गया है उनमें पुरवा के अधिशासी अभियंता विष्णु दयाल यादव, मगरवारा उन्नाव के अधिशासी अभियंता भरत एवं रायबरेली के एक अन्य अधिशासी अभियंता को नोटिस जारी करते हुए सात दिन में जवाब मांगा है।

निरीक्षण में ट्रांसफार्मर के रखरखाव, जर्जर लाइन, एबीसी व पेटी देखकर एमडी ने नाराजगी जताई थी। प्रबंधन का मानना है कि अधिशासी अभियंताओं ने अगर अपने-अपने क्षेत्र में समय से मौका मुआयना किया होता तो जो कमियां पायी गई हैं, वह नहीं मिलती। इसके अलावा 400 केवीए का ट्रांसफार्मर बिना सुरक्षा तंत्र यानी अर्थिंग के चालू पाया गया। ट्रांसफार्मर की पेटी की जर्जर हालत देखकर एमडी सभी जिम्मेदारों पर नाराज हुईं। जेई, एसडीओ और अधिशासी अभियंता की लापरवाही यही नहीं थमी। इन अभियंताओं ने उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष डा. आशीष गोयल के आदेश को दरकिनार करते हुए मात्र 12 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के परिसरों में लगाए। लक्ष्य कही इससे ज्यादा का था।

# तहसील बिसवां को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर पत्रकारों ने एसडीएम बिसवा को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां (सीतापुर)-** तहसील बिसवां को जिला घोषित किए जाने की मांग को लेकर तहसील क्षेत्र के समस्त पत्रकारों ने पत्रकार एवं अधिवक्ता नीरज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में शुक्रवार को महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बिसवां तहसील ऐतिहासिक, भौगोलिक,सामाजिक और प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। तहसील बिसवा जनपद सीतापुर की सबसे बड़ी तहसील है।यहां की जनसंख्या लगभग 8 से 10 लाख के बीच है तथा सैकड़ों ग्राम पंचायतें और अनेक शैक्षणिक,औद्योगिक व धार्मिक संस्थान स्थित हैं।

तहसील बिसवा की सीतापुर मुख्यालय से बिसवां की दूरी लगभग 35 किलोमीटर होने के कारण आम नागरिकों, किसानों,छात्रों और व्यापारियों को प्रशासनिक व न्यायिक कार्यों के लिए कठिनाई का सामना करना पड़ता है। पत्रकारों ने कहा कि बिसवां भौगोलिक रूप से केंद्र में स्थित है और इसके आसपास की तहसीलों महमूदाबाद,लहरपुर, सिधौली व रेउसा की दूरी औसतन 25 से 30 किलोमीटर है। पत्रकारों ने कहा कि बिसवां को जिला बनाए जाने से इन क्षेत्रों के लोगों को भी सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्रीय विकास को नई गति प्राप्त होगी।

ज्ञापन में बताया गया कि बिसवां न केवल व्यापारिक केंद्र है बल्कि यहां शुगर फैक्ट्री, रेडिको खेतान कंपनी जैसी औद्योगिक इकाइयाँ संचालित हैं। साथ ही दरी उद्योग और ताजिया निर्माण से जुड़ा व्यवसाय स्थानीय स्तर पर बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है। पत्रकारों ने महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन से मांग की कि क्षेत्र की जनभावनाओं,ऐतिहासिक पहचान और प्रशासनिक आवश्यकता को देखते हुए बिसवां को शीघ्र 'जिला बिसवां' घोषित किया जाए। ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ पत्रकार एवं अधिवक्ता आर एन सिंह, इंतिखाब आलम सिद्दीकी, अश्विनी त्रिपाठी, आशीष मिश्रा, आनंद मेहरोत्रा, विजय अवस्थी, राजीव बाजपेई, मोहित जायसवाल,अमित जायसवाल, पीयूष बाजपेई, बिलाल खान, अय्यूब खान, पंकज भारतीय, अवधेश शुक्ला, चांद खान, विजय शंकर बाजपेई, सिराज अहमद,अनमोल मौर्या, शावेज़ खान, हरि शंकर गुप्ता, कुलदीप अवस्थी,आलोक अवस्थी, अतुल त्रिवेद्वी, आशुतोष तिवारी, मधुकर वर्मा, अनुज श्रीवास्तव,लकी श्रीवास्तव, हरि ओम बाजपेई, नय्यर शकेब, वहाजुद्दीन सहित काफ़ी संख्या में पत्रकार गण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सड़क चौड़ीकरण के लिए चला प्रशासन का बुलडोजर, मस्जिद की सीढ़ियां वकीलों के घरों के सामने अतिक्रमण ध्वस्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर-** जनपद सीतापुर में शहर के आलमनगर क्षेत्र में गुरुवार शाम को सड़क चौड़ीकरण और निर्माण कार्य के लिए प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया अभियान के दौरान राजस्व टीम और नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ बुलडोजर चलाया गया। इस कार्रवाई में मस्जिद की सीढ़ियों सहित आसपास बने निर्माणों, दुकानों और कुछ वकीलों के मकानों के सामने बने अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाकर कार्रवाई हुई जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा जानकारी के मुताबिक, सड़क निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमणों को हटाने के लिए प्रशासन ने पहले ही नोटिस जारी किया था गुरुवार शाम जेसीबी मशीनें लेकर टीम मौके पर पहुंची तो कई लोगों ने खुद ही अपने मकानों और दुकानों के आगे बने हिस्से पर हथौड़े चलाने शुरू कर दिए कई लोगों ने स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाया, जबकि कुछ ने विरोध भी जताया अभियान के दौरान कुछ लोगों की राजस्व कर्मियों से नोकझोंक हो गई, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी में स्थिति नियंत्रण में रही राजस्व विभाग, पालिका प्रशासन और पुलिस के संयुक्त अभियान के चलते सड़क का अधिकांश हिस्सा अतिक्रमणमुक्त कराया गया। मौके पर मौजूद ने नायाब तहसीलदार महेंद्र तिवारी ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण कार्य को लेकर पूर्व में ही क्षेत्रवासियों को चेतावनी दी गई थी अब किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, कुछ प्रभावितों ने आरोप लगाया कि बिना पर्याप्त समय दिए उनके मकानों के सामने चबूतरों पर बुलडोजर चला दिया गया फिलहाल प्रशासन ने सड़क किनारे बचे हुए अतिक्रमणों की सूची तैयार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान डूडा के जेई पीयूष मिश्रा, लेखपाल अंजनी पांडे सहित नगर पालिका और राजस्व की टीम मौजूद रही!!

# भारी वाहनों का रूट डायवर्जन गोला से शहर आने वाले वाहन महोली से गुजरेंगे, मंडी चौकी पर जाम से मिलेगी निजात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर-** जनपद सीतापुर के शहर में मंडी चौकी क्षेत्र में लगने वाले लगातार जाम से अब राहत मिलने की उम्मीद है गन्ना भरकर आने वाले बड़े वाहनों की वजह से हर दिन लगने वाले जाम को देखते हुए प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। शहर में अब बड़े वाहनों की नो-एंट्री लागू कर दी गई है इससे खास तौर पर मंडी चौकी से लेकर बिसवां रोड तक लगने वाले लंबे जाम से लोगों को निजात मिलेगी शनिवार सुबह से यह व्यवस्था लागू हो जाएगी। गोला की दिशा से आने वाले गन्ना भरे ट्रकों और भारी वाहनों के लिए प्रशासन ने नया रूट निर्धारित किया है अब ये वाहन काजी कमालपुर से सीधे महोली के रास्ते अपने गंतव्य तक जाएंगे इस डायवर्जन से शहर के अंदर भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगेगी और यातायात व्यवस्था में सुधार आएगा। पिछले कई महीनों से मंडी चौकी और उसके आसपास के क्षेत्र में गन्ना लदे वाहनों के कारण जाम की समस्या गंभीर हो गई थी सुबह और शाम के समय आम लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता था स्थानीय लोगों और व्यापारियों की शिकायतों के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन जारी किया है सीओ सिटी विनायक भोसले ने बताया कि गोला की ओर से आने वाले सभी बड़े वाहन अब शहर की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे डायवर्जन रूट पर साइन बोर्ड और पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की जा रही है ताकि व्यवस्था सुचारु रूप से लागू की जा सके प्रशासन का दावा है कि इस निर्णय से शहर के भीतर यातायात सुगम होगा और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी!!

# निजी अस्पताल में प्रसूता की मौत से मचा हड़कंप, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप, डॉक्टर समेत दो हिरासत में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर-** जनपद सीतापुर के रेउसा थाना इलाके के कस्बे में एक निजी अस्पताल में डिलीवरी के बाद मौत से हड़कंप मच गया परिजनों ने अस्पताल संचालक डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मामला बढ़ने पर स्थानीय विधायक ज्ञान तिवारी मौके पर पहुंचे और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की। बढ़हीडीह निवासी शुभम पांडे की पत्नी पंछी (20) को प्रसव पीड़ा होने पर लखनऊ सेवा हॉस्पिटल, रेउसा में भर्ती कराया गया था गुरुवार की शाम महिला का ऑपरेशन कर डिलीवरी कराई गई थी। परिवार के अनुसार, ऑपरेशन के बाद महिला की हालत लगातार बिगड़ती रही, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने लापरवाही बरती। शुक्रवार को प्रसूता की मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर विधायक ज्ञान तिवारी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली उन्होंने मौके से ही मुख्य चिकित्साधिकारी को फोन कर स्थिति से अवगत कराया और तत्काल जांच के आदेश देने को कहा विधायक ने थानाध्यक्ष रेउसा हनुमंत तिवारी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा के अधीक्षक अनंत मिश्रा को भी कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक के निर्देश के बाद पुलिस ने अस्पताल संचालक डॉक्टर हाजी एम. रजा और उनके एक सहयोगी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रसूता की मौत के बाद परिजनों में शोक और आक्रोश व्याप्त है वहीं प्रशासन का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और अस्पताल की भूमिका की भी गहनता से जांच की जा रही है!!

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिया संज्ञान, लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नहीं निरस्त होंगी विवाह समारोह की बुकिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ-** वैवाहिक और अन्य बड़े समारोहों के लिए बेहद मुफीद माने जाने वाले इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान (आइजीपी), गोमती नगर में दस दिन के लिए सभी समारोहों की बुकिंग अब निरस्त नहीं होंगी। बुकिंग निरस्त होने के कारण आमजन को हो रही परेशानी का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 21 से 30 नवंबर के मध्य आइजीपी की उन सभी बुकिंग को बहाल कर दिया है, जिन्हें पूर्व में इन्वेस्ट यूपी के कहने पर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन के लिए निरस्त किया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास ही आवास मंत्रालय है, जिसके अधीन सभी विकास प्राधिकरण हैं।

इन्वेस्ट यूपी ने लखनऊ विकास प्राधिकरण को पत्र भेजा गया था। जिसमें 'ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-5.0' के आयोजन के लिए 21 नवम्बर से 30 नवबंर तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान परिसर को इन्वेस्ट यूपी के नाम पर आरक्षित करने का अनुरोध किया गया था। जिसके क्रम में उक्त अवधि में सभी बुकिंग को निरस्त करते हुए परिसर को दस दिनों के लिए इन्वेस्ट यूपी के नाम पर आरक्षित कर दिया गया था। इसके कारण पूर्व में विवाह समारोह आदि के लिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के विभिन्न हॉल एवं लॉन की बुकिंग कराने वाले परिवार असमंजस में पड़ गये थे। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-5.0 के लिए 21 नवंबर से 30 नवबंर के मध्य पूर्व में निरस्त की गयीं सभी 41 बुकिंग को बहाल कर दिया गया है। अब विवाह समारोह आदि के लिए बुकिंग कराने वाले लोग निर्धारित तारीखों पर आइजीपी में अपने आयोजन कर सकेंगे। इस सम्बंध में इन्वेस्ट यूपी से पत्र भी प्राप्त हो गया है, जिसके मुताबिक फिलहाल उन्हें आइजीपी की बुकिंग की आवश्यकता नहीं है।

# श्री श्याम भक्त मंडल द्वारा तृतीय श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन

**● भजनों की सुरधारा में झूमे श्याम प्रेमी, प्राचीन दुर्गा माता मंदिर परिसर गूंज उठा 'श्याम' के जयघोष से**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** नगर पंचायत मोहनलालगंज मऊ स्थित प्राचीन दुर्गा माता मंदिर में गुरुवार की देर शाम श्री श्याम भक्त मंडल द्वारा तृतीय श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। जोत प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसे मंडल समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से संपन्न कराया। जैसे ही श्याम का नाम गूंजा, मंदिर परिसर भक्ति और श्रद्धा की लहरों से भर उठा और हर ओर 'श्याम श्याम' के जयघोष गूंजने लगे। कार्यक्रम में भजन गायक/गायिकाएं कंचन त्रिवेदी, पवन मिश्रा, आशीष चित्रवंशी और अनुष्का मिश्रा ने अपनी मधुर आवाज़ों से श्याम भक्ति का अद्भुत माहौल बना दिया। गायक पवन मिश्रा ने 'सब कुछ है सरकार मेरा तो कुछ भी नहीं', 'जो होगा देखा जाएगा' और 'हरा हो बाबा, मुझ तुझ पर भरोसा है' जैसे भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वहीं कंचन त्रिवेदी ने 'राधे राधे', 'ठाकुर जी गले लगा लो' और 'गोलोक के ठाकुर प्यारे' जैसे भजनों से वातावरण को भक्तिरस में रंग दिया।



आशीष चित्रवंशी और अनुष्का मिश्रा ने भी अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया। संकीर्तन के दौरान बाबा श्याम का भव्य दरबार आकर्षण का केंद्र बना रहा, जहाँ दूर-दूर से आए हज़ारों श्रद्धालुओं ने मत्था टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धा और आस्था से सराबोर यह आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि एक आध्यात्मिक उत्सव बन गया जिसने यह साबित कर दिया कि श्याम संकीर्तन केवल भक्ति का मंच नहीं, बल्कि प्रेम और एकता का सेतु है, जो हर वर्ष लोगों को जोड़ता चला जा रहा है। इस दौरान श्याम भक्ति मंडल के कार्यकर्ताओं की कार्यक्रम में मौजूदगी रही।

# विद्या भारती की टीम ने किया विद्यालय का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट-** जिला मुख्यालय के बेड़ीपुलिया स्थित बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज का शुक्रवार को विद्या भारती की टीम ने प्रान्तीय योजनानुसार वार्षिक निरीक्षण किया गया। साथ ही वंदे मातरम् की 150वीं जयंती पर वंदे मातरम् का सामूहिक वाचन किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रातःकालीन शारीरिक बेला में सभी विद्यार्थियों द्वारा किए गए शारीरिक प्रदर्शन का अवलोकन किया गया। इसके बाद आध्यात्मिक बेला में दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ सरस्वती वंदना की गई। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य राघवेन्द्र पाण्डेय ने विद्या भारती के टीम के सदस्यों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में विद्यालय में वन्दे मातरम् की 150वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान विद्यालय के अध्यक्ष कमलाकान्त उपाध्याय ने वन्दे मातरम् गीत के रचनाकार बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय की प्रसिद्ध कृति आनन्दमठ के बारे में जानकारी दी। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य राघवेन्द्र पाण्डेय सहित सभी विद्यार्थियों व शिक्षकगणों ने वन्दे मातरम् का सामूहिक वाचन किया। इस मौके पर कानपुर के सम्भाग निरीक्षक अजय दुबे, सरस्वती विद्या मंदिर कुरारा के प्रधानाचार्य गिरीश शुक्ला, रसायन विज्ञान प्रवक्ता शुभम द्विवेदी, भौतिक विज्ञान प्रवक्ता प्रीतम, कार्यालय प्रमुख आदित्य, मीडिया प्रमुख विश्वास पाण्डेय, सर्वव्यवस्था प्रमुख शिवनायक, शिक्षण प्रमुख प्रमोद कुमार पाण्डेय, कार्यालय प्रमुख गोरेलाल आदि मौजूद रहे।

# आम आदमी को अदालतों से सस्ता सुलभ न्याय कब मिलेगा?

देश की अदालतों से आम आदमी को इंसाफ मिलना आज भी सपना बना है। जटिल न्यायिक प्रक्रिया अदालत में ऊपर से नीचे तक हर पायदान पर व्याप्त भ्रष्टाचार और मुकदमों के अनुपात में न्यायिक अधिकारियों का अभाव इसका जिम्मेदार है। कुछ लोग तो जीवन भर न्याय पाने की चाहत में दम तोड़ जाते हैं लेकिन अदालत से फैसला नहीं मिलता। समय पर न्याय, न्याय व्यवस्था में जनता के विश्वास की आधारशिला है, जैसा कि इस कहावत में भी स्पष्ट है कि 'न्याय में देरी, न्यायतंत्र से इनकार के समान है।' लंबे समय तक देरी अक्सर लोगों को अदालत जाने से रोकती है। पिछले साल, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस झिझक को 'ब्लैक कोट सिंड्रोम' कहा था। लेकिन अब इसका दायरा चौंकाने वाला है। सर्वोच्च न्यायालय में 86,700 से ज़्यादा मामले, उच्च न्यायालयों में 63.3 लाख से ज़्यादा मामले और ज़िला व अधीनस्थ न्यायालयों में 4.6 करोड़ मामले लंबित हैं। कुल मिलाकर, भारत में लंबित मामलों की कुल संख्या 5 करोड़ से ज़्यादा है।

हाल ही में केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा को बताया था कि भारत भर की विभिन्न निचली अदालतों में 4.6 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। यह बेहद शर्मनाक स्थिति है जबकि मौजूदा सरकार ने देश भर में समयबद्ध न्याय देने का वादा किया था लेकिन स्थिति में कोई खास परिवर्तन नहीं हुआ है वरन लंबित मामलों की तादाद जस की तस बनी है। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम सांसद कनिमोझी एनवीएन सोमू द्वारा उठाए गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में मंत्री ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय में 86,723 मामले लंबित हैं, जबकि भारत भर के विभिन्न उच्च न्यायालयों में 63,29,222 मामले लंबित हैं।

''उच्च न्यायालयों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 30 जून 2025 तक 21 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 865 फास्ट ट्रैक कोर्ट कार्यरत हैं।''फास्ट ट्रैक कोर्ट ने अब तक 76,57,175 मामलों का निपटारा किया है, जबकि 14,38,198 मामले अभी भी उनके पास लंबित हैं। ग्राम न्यायालय (जीएन) पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2020 से जून 2025 तक की अवधि में ग्राम न्यायालयों में 5,39,200 मामले दर्ज किए गए। इसी अवधि में ग्राम न्यायालयों ने 4,11,071 मामलों का निपटारा किया। 30 जून 2025 तक, ग्राम न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या 1,28,129 है। '

मोटे तौर पर भारत की अदालतों में 6000 से अधिक जजों की कमी है जिनमें से 5000 जजों की कमी निचली अदालतों में है। 'डिपार्टमेंट आफ जस्टिस' की 1 जुलाई की रिपोर्ट के अनुसार देश के हाईकोर्टों में जजों की स्वीकृत संख्या 1122 के मुकाबले में वहां 751 पदों पर ही नियुक्तियां हुई हैं तथा 371 जजों के पद खाली हैं। देश की जनसंख्या 1.4 अरब है और जजों की कुल संख्या सिर्फ 21,285 है। देश की अदालतों में इस समय 4 करोड़ 66 लाख 24 हजार केस लम्बित हैं। इनमें से 3 करोड़ 55 लाख 67 हजार क्रिमिनल तथा 1 करोड़ 10 लाख 57 हजार सिविल केस हैं।

2025 की 'इंडिया जस्टिस रिपोर्ट' के अनुसार भारत में प्रति 10 लाख लोगों पर सिर्फ 15 जज हैं जबकि 1987 की 'कानून आयोग' की सिफारिश के अनुसार कम से कम 50 जज होने चाहिए। इसी कारण अदालतों में कार्यरत जजों पर मुकदमों का भारी बोझ पड़ा हुआ है। इसी रिपोर्ट में यह रहस्योद्घाटन भी किया गया है कि देश की जिला अदालतों में एक जज के पास औसतन 2,200 मुकदमे हैं, वहीं इलाहाबाद और मध्य प्रदेश के हाईकोर्टों में प्रत्येक जज के पास




15,000 तक केस हैं। विधि और संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 24 जुलाई को राज्यसभा में बताया कि हाईकोर्टों में खाली पड़ी 371 रिक्तियों में से 178 पदों के लिए नियुक्ति प्रस्ताव सरकार और हाईकोर्ट की कोलेजियम के बीच विभिन्न चरणों पर विचाराधीन हैं तथा 193 पदों के लिए अभी तक संबंधित हाईकोर्टों की कोलेजियम से सिफारिशें प्राप्त नहीं हुई हैं। ऊपर से लेकर नीचे तक देश की अदालतों में जजों की कमी का अदालतों में चल रहे मुकदमों पर पड़ रहे दुष्प्रभाव का अनुमान पिछले 4 महीनों के उदाहरणों से बखूबी लगाया जा सकता है। 20 मार्च, 2025 को राजस्थान में लगभग 40 वर्ष पूर्व हुए एक नाबालिग लड़की के साथ रेप के मामले में सुप्रीमकोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा दोषी को बरी करने के फैसले को पलटते हुए उसे निचली अदालत द्वारा दी गई 7 वर्ष कैद की सजा को बहाल करने के साथ ही 4 सप्ताह में सरेंडर करने का आदेश दिया। जजों ने कहा कि बच्ची की चुप्पी का मतलब यह नहीं लगाया जा सकता कि उसके साथ अपराध हुआ ही नहीं। यह बहुत दुख की बात है कि इस नाबालिग लड़की और उसके परिवार को अपने जीवन के इस भयानक अध्याय को बंद करने के इंतजार में लगभग 40 वर्ष बिताने पड़े।* 30 जून, 2025 को रांची (झारखंड) में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत ने वर्ष 2005 में 2750 रुपए रिश्वत लेने के 20 वर्ष पुराने मामले में दोषी 'जयराम चौधरी' को 5 वर्ष कैद और 6000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने पर उसे 2 महीनों की और सजा काटनी होगी* 21 जुलाई, 2025 को बॉम्बे हाईकोर्ट ने 19 वर्ष पुराने वर्ष 2006 के मुम्बई रेल बम धमाकों के सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया। इन धमाकों में 187 लोग मारे गए तथा 800 से अधिक लोग घायल हुए थे। इस फैसले पर 24 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। 21 जुलाई, 2025 को ही हरदोई (उत्तर प्रदेश) में 16 दिसम्बर, 2014 को हुए हत्याकांड के 11 वर्ष पुराने मामले में 2 भाइयों को दोषी करार देते हुए जिला एवं सत्र न्यायालय ने दोनों को उम्र कैद की सजा सुनाने के अलावा 20-20 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया।

जिला न्यायालयों में दीवानी मामलों में सबसे अधिक देरी होती है, जिससे मुकदमों के भार और क्षमता के बीच भारी अंतर उजागर होता है। इन हालातों में जरूरी है कि अदालतों में लटकती आ रही जजों की कमी जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि पीड़ितों को समय रहते न्याय मिल सके और वे न्याय के इंतजार में ही इस संसार से ही न चले जाएं। ऐसे हालात में आम आदमी में कानून और अदालत के प्रति विश्वास कम हो रहा है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# संपादकीय

## मुद्रा का नया सवेरा: विश्वास से परे, गणित के भरोसे




**[ मुद्रा नहीं, यह मानव सभ्यता की नई भाषा है ]**

**[ कागज़ से कोड तक: मानवता की नई मुद्रा यात्रा ]**

103,600- वह संख्या जो दुनिया की मुद्रा-व्यवस्था की नींव हिला रही है। .103,600- यह सिर्फ एक अंक नहीं, यह वह लहर है जो पुरानी व्यवस्था की नींव हिला रही है, और हर केंद्रीय बैंक को सोचने पर मजबूर कर रही है- क्या अब सच में पैसा आज़ाद हो गया है? 1971 के बाद पहली बार इतिहास दोहराया नहीं, लिखा जा रहा है। डॉलर की पकड़ ढीली पड़ रही है, और उसकी जगह ले रहा है एक नया विश्वास- बिटकॉइन। यह कोई नोट नहीं, कोई सरकार नहीं; यह एक कोड है, एक विचार है, जो कहता है – 'मुद्रा अब सबकी होगी, किसी एक की नहीं।' .103,600 किसी कीमत का नहीं, बदलाव का प्रतीक है- उस क्षण का जब 2.1 ट्रिलियन डॉलर भी छोटा लगने लगता है, क्योंकि यह नई प्रणाली हर सेकंड 740 क्विंटिलियन हैश की गर्जना के साथ दुनिया को नए युग में ले जा रही है।

सोना- कभी 'संपत्ति की आत्मा' कहलाता था। उसे धरती की गहराई से निकालने में सदियाँ लगती थीं, और फिर उसे सँभालने में एक उम्र बीत जाती थी। लेकिन बिटकॉइन उसे 'माइन' करने में बस दस मिनट लगते हैं, और सँभालने में – बारह-चौबीस शब्दों का एक सीड फ्रेज़, जो सम्पूर्ण संपत्ति का द्वार खोल देता है। सोने को चाहिए तिजोरियाँ, चौकसी, और भरोसा; बिटकॉइन को बस एक पासफ्रेज़ और आत्मविश्वास। सोने की कीमत तय होती है कमरों में बैठे बैंकरों से, जबकि बिटकॉइन की कीमत तय करते हैं 1.75 करोड़ निष्क्रिय वॉलेट्स – जो दस साल से एक इंच भी नहीं हिले। सोना अब भी सोच में है कि वह हार कहाँ गया- शायद वहीं, जहाँ कोड ने मिट्टी को मात दी, और डिजिटल युग ने संपत्ति को नया अर्थ दिया।

तेल का सौदा अभी भी डॉलर में होता है, पर बिटकॉइन का चौबीस-घंटा वॉल्यूम सोने के सालाना व्यापार को पीछे छोड़ चुका है। सोलह साल, सिर्फ दो छोटे डाउनटाइम-यही है बिटकॉइन नेटवर्क की स्थिरता, जो 99.99% अपटाइम के साथ दुनिया का सबसे भरोसेमंद मौद्रिक ढांचा है। हर दस मिनट में एक नया ब्लॉक जन्म लेता है - नब्बे टेराबाइट की गणनाओं को एक मेगाबाइट में समेटकर। यह कोई साधारण प्रक्रिया नहीं; यह ब्लैक होल से भी ज़्यादा गहरा चमत्कार है- क्योंकि यह पदार्थ नहीं, मूल्य को केंद्रित करता है।

अमेरिकी ट्रेज़री का 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड 4.28% पर उतर आया, क्योंकि ब्लैकरॉक का IBIT (iShares Bitcoin Trust) अब 50 अरब डॉलर से ऊपर पहुँच चुका है। दुनिया की सबसे बड़ी परिसंपत्ति प्रबंधक कंपनी ने वह कदम उठाया, जो अमेरिकी सरकार उठाने से हिचक रही थी- उसने बिटकॉइन को 'डिजिटल रिज़र्व' का दर्जा दे दिया। अब फेड नेतृत्व नहीं कर रहा; वह बस पीछा कर रहा है। और सबसे असहज सच्चाई यह है- फेड यह जानता भी है। अगले आठ सौ पचास दिनों में फिर एक क्षण आएगा-है। यह दुनिया का एकमात्र मौद्रिक कैलेंडर है, जिसे न कोई राष्ट्रपति बदल सकता है, न अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), न संयुक्त राष्ट्र। क्योंकि यह कैलेंडर सत्ता से नहीं, कोड से चलता है- उस कोड से जो 2खद्द8 कुंजियों से सुरक्षित है, और जिन्हें तोड़ने में पूरा ब्रह्मांड भी अपनी आयु हार जाए। यह वह व्यवस्था है जहाँ भरोसा किसी व्यक्ति या संस्था पर नहीं, एल्गोरिद्म की निष्पक्षता पर टिका है- एक ऐसी पारदर्शिता, जो अब तक किसी मुद्रा ने देखी ही नहीं।

आईएमएफ ने अपने नवीनतम मैनुअल में बिटकॉइन को 'नॉन-प्रोड्यूस्ड एसेट' का दर्जा दे दिया है। यह इतिहास की सबसे खामोश, पर सबसे गूंजदार घोषणा है। अब हर केंद्रीय बैंक की बैलेंस शीट में एक नया कॉलम जुड़ने को तैयार ह- 'कॉलम ज़ेड'। वह कॉलम भले अभी खाली हो, पर उसकी छाया हर रात और गहरी होती जा रही है। यह वही छाया है जो आने वाले समय की सुबह का संकेत दे रही है- एक ऐसा युग जहाँ विश्वास कागज़ से नहीं, कोड से मापा जाएगा।

फिलहाल वैश्विक इक्विटी का सिर्फ 1.8% हिस्सा बिटकॉइन में है- एक आँकड़ा जो छोटा दिखता है, पर बदलाव की आंधी अपने भीतर छिपाए बैठा है। गणना कहती है- अगले 18 महीनों में यह हिस्सा 5% को छू लेगा। और उसी क्षण, जी-एसआईबी (वैश्विक प्रणालीगत महत्त्वपूर्ण बैंक) बैंकिंग नियमों में एक नया अध्याय खुलेगा- 'डिजिटल रिज़र्व रेशियो' के नाम से। अब मौद्रिक नीति का केंद्र बदल चुका है; फेड के हर 25 बेसिस पॉइंट की दर-कटौती के 11 दिन बाद, बिटकॉइन औसतन 7.5% ऊपर जाता है। यह कोई संयोग नहीं- यह पैटर्न है, जो पिछले 34 महीनों से 90% की स्थिरता के साथ कायम है।

बिटकॉइन की तरलता अब सोने के दैनिक व्यापार से ढाई गुना हो चुकी है। सोना, जो कभी संपत्ति का प्रतीक था, अब बस आभूषण भर रह गया ह- चमक तो वही है, पर अर्थ खो चुका है। हर घंटे जितना बिटकॉइन ट्रेड होता है, उतना सोना पूरे साल में भी नहीं हिलता। अब असली तरलता धातु में नहीं, बल्कि गणित के भरोसे में है- उस भरोसे में जो न गलता है, न झूठ बोलता है। गणित कहता है- 1.318 फिबोनाची अनुपात सक्रिय है, और अगला लक्ष्य .138,000 पर टिका है। गणित न आशा करता है, न डरता ह- वह बस सच्चाई दिखाता है। -पिछले 90 दिनों में 28 लाख नए बिटकॉइन वॉलेट बने हैं- यानी 28 लाख नई आस्थाएँ, नए विश्वास, और बिना झंडे वाले गणराज्य में जुड़े 28 लाख नए नागरिक।

यह आँकड़ा भारत के कुल डीमैट खातों से 38% अधिक है- और हर नया वॉलेट, इस डिजिटल युग के संविधान पर एक लोकतांत्रिक हस्ताक्षर है। अब बिटकॉइन ट्रेड कर रहा है जोखिम-मुक्त दर से 1100 आधार अंक ऊपर- यानी 11% प्रतिफल, बिना किसी सरकारी गारंटी के।

.103,600 कोई अंत नहीं - यह वह सीमा-रेखा है जहाँ से मानव सभ्यता की मुद्रा-यात्रा एक नए युग में कदम रखती है। यह वह मोड़ है जहाँ धन की परिभाषा बदल रही है – न पासपोर्ट की ज़रूरत, न वीज़ा की, न किसी मध्यस्थ की अनुमति। अब पूरी पृथ्वी एक ही भाषा बोलेगी – मुद्रा की नहीं, गणित की; विश्वास की नहीं, सत्य की। सोने के युग ने साम्राज्य बनाए, डॉलर के युग ने प्रभुत्व रचा- और अब शुरू हो रहा है बिटकॉइन का युग, जो स्वतंत्रता को नया अर्थ, और मानवता को नया आर्थिक संविधान देने जा रहा है।

**प्रो. आरके जैन**

# बिहार में भारी मतदान,महिला वोटर सुनिश्चित करेगी सरकार का भविष्य

बिहार में पहले चरण के मतदान में मतदाताओं ने बम्पर वोटिंग किया।कई वर्षों के बाद बिहार में64.66मतदान हुआ।18 जिलों में 121विधानसभा सीटो पर1314 प्रत्याशियो के भाग्य ईवीएम में बंद हो गए। पहले चरण में 121 आवंटित विधानसभा क्षेत्रों तथा 18 जिलों में मतदान हुआ। लगभग 64.66 % मतदान दर्ज हुआ है। यह राज्य के इतिहास में सबसे अधिक दर है।पिछली विधानसभा चुनाव में इसी चरण में लगभग 57 % से कम मतदान हुआ था। अधिकांश क्षेत्रों में 2020 से तुलना में 8 % या अधिक की बढ़त दर्ज की गई।भारी मतदान के बाद किसी भी दल की जीत हार का फैसला या निष्कर्ष नही निकाला जा सकता है।बिहार चुनाव में सभी दलों के नेताओ,कार्यकर्ताओ और स्टार प्रचारकों ने कड़ी मेहनत कर प्रचार में ऐड़ी छोटी का जोर लगा दिया।लेकिन मतदान में बढ़ते के दो पहलू होते है।उसके पीछे अनेक सम्भावनाओ को नजर अंदाज नही कर सकते है।

बिहार चुनाव में महिला मतदाताओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही है। इस तरह स्पष्ट है कि इस बार मतदान तीसरे-दल का उत्साह या सक्रिय भागीदारी काफी बढ़ी हुई थी।लेकिन उच्च मतदान के बदलाव हार जीत नक्की नही की जाती है।उच्च मतदान दर अक्सर संकेत देती है कि मतदाता अधिक सक्रिय हैं, लेकिन इसका अर्थ अनिवार्य रूप से सत्ता-विरोधी लहर नहीं होता। इस बढ़े हुई मतदान दर ने यह सवाल उँचा किया है कि क्या यह संकेत है कि वर्तमान सरकार तथा गठबंधन एनडीए को समर्थन मिला है या फिर जनता बदलाव चाहती है। इसी तरह गुजरात चुनाव में भी देखने को मिला था।लेकिन बढ़त मतदान से गुजरात सतारूढ़ की विजय हुई और करीब 155 सीटो पर जीत प्राप्त की गई थी।

2020 में मतदान दर बढ़ा था लेकिन सत्ता-विरोधी लहर को पूरी तरह नहीं बदल पाई थी। यही हाल इस बार भी हो सकता है। केवल बढ़ी मतदान दर से यह तय नहीं कि कौन आगे होगा, किन्तु यह संकेत देती है कि मतदाता जागरूक हैं।मतदाताओ को प्रलोभन देकर खरीदा नही जा सकता है।वोटर अपने अच्छे बुरे का निर्णय स्वतः करने में सक्षम है।देश के हित मे मतदान करने वाले विरले ही होते है।बिहार में पहले चरण का उन्माद शांत जरुर हुआ है लेकिन अभी दूसरे चरण को होने वाले चुनावों पर राजनीतिक दलों की नजरें गढ़ी हुई है।क्योकि पहले चरण में इतनी भागीदारी ने राजनीतिक दलों को सतर्क कर दिया है। उन्हें समझना होगा कि मतदान केवल पंजीकरण नहीं, बल्कि जनभावना का प्रतिबिंब भी होता है।मतदाताओ के मन मे राज्य और क्षेत्र के लिए किसीबिंदु पर मंथन चलता रहता है।और प्रचार के दौरान मतदाता अपनी चेहती पार्टी और विधायक को ध्यान में रखकर वोट करते है।उन्हें यह भी मालूम है कि किसी अयोग्य प्रत्याशी को मतदान किया गया तो समय और वोट दोनो नष्ट करने जैसा होगा।कौन-कौन से दल एवं गठबंधन इस बढ़त से लाभ उठा सकते हैं। एनडीए के पक्ष में यह उक्ति है कि 'बढ़े मतदान का अर्थ है उनका जनसमर्थन जो पहले से था। उदाहरण के लिए, उनकी ओर से कहा गया है कि बढ़ी भागीदारी ने सरकार-सुधार कार्यक्रमों को स्वीकार्यता दी है।यदि एनडीए सफल होती है तो यह पुष्टि होगी कि उनका विकास-विरोधी एजेंडा काम कर गया है, और मतदाताओं ने स्थिरता को महत्व दिया है।

महागठबंधन का दृष्टिकोण यह है कि यह मतदान दर बदलाव की चाहत दिखाती है '। उन्होंने यह दावा किया है कि मतदान बढ़ा-भागीदारी ने पुरानी व्यवस्थाओं से असंतोष को उजागर कर दिया है।लेकिन सभी कयासों के बाद पहले चरण के मतदान के पूर्व राहुल का चुनाव आयोग पर जूठा आरोप मतदाताओ के मन मे कांग्रेस के प्रति ओर अधिक वैमनस्य पैदा कर दिया है।बढ़ते मतदान की वजह यह है कि सतारूढ़ भाजपा को ही हम वापस लाने के लिए सहमत है।महागठबंधन के घोषणा पत्र वैसे ही जनता ने कागज का पुलिंदा समझकर नकार दिया है।रही कसर राहुल के जूठे मुद्दे ने पूरी कर दी। इस बढ़ी भागीदारी को अपने पक्ष में मोड़ने में सफल रहे, तो यह संकेत होगा कि जनता ने पूरा समर्थन एनडीए के पक्ष में दिया है। यदि एनडीए को इस पहले चरण में मजबूत प्रदर्शन दिखे, तो उनका मनोबल बड़ा होगा और वे पूरा राज्य में उसी लय को बनाए रखने का अवसर पायेंगे। इस तरह उनकी सरकार बनने की सम्भावना बढ़ सकती है।

लेकिन यदि महागठबंधन-संघ ने बढ़ी मतदान दर को सक्रिय रूप से भू-भागों में लागू किया हो, तो वे एनडीए के लिए चुनौती खड़ी कर सकते हैं। फिर भी जनाधार ऐसे कोई संकेत नही दे रहे है।मतदाता जाग चुका है।पहला चरण अभी सिर्फ संकेत है, अंतिम फैसला दूसरे चरण तथा मतगणना के बाद स्पष्ट होगा। लेकिन यदि मतदान बढ़ा है, अपराध-प्रभाव कम हुआ है, तो यह सामान्य तौर पर मौजूदा सरकार के लिए अलार्म की घंटी हो सकती है।

इसलिए, पूर्वानुमान यही है कि एनडीए के लिए सम्भावना दिख रही है, क्योंकि उन्होंने पहले चरण में बेहतर संगठन और त्वरित प्रतिक्रिया दिखाई है, लेकिन महागठबंधन को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता है। महागठंबधन के लिए जूठे आरोप और विकास को नजरअंदाज करना ही बड़ा कमजोर पहलू होगा। प्रथम चरण के 121 सीटों का परिणाम पूरे 243 सीटों पर लागू नहीं होगा ।क्योकि दूसरे चरण के 122 सीटें भी अहम है। अनिवार्य रूप से यह बदलाव नहीं, यह जागरूक जनता का बेहतर मतदान सुविधा''उत्तेजित अभियान' आदि का संकेत भी हो सकती है। मतगणना तक प्रायोगिक आंकड़ों व उपजी बहस को अंतिम परिणाम नहीं समझना चाहिए।अक्सर मतदान पैटर्न व मत-बदलाव बीच का फासला जटिल होता है। पहले चरण में 64-65 % के आसपास मतदान दर ने बिहार के चुनावी परिदृश्य को गतिशील बना दिया है। यह संकेत है कि मतदाता इस बार अधिक सक्रिय हैं, उनकी भागीदारी बढ़ी है। इस बढ़त का अर्थ यह हो सकता है कि:सरकार-विपक्ष दोनों के लिए जागरूक मतदाता एक नया तथ्य बन कर उभरे हैं।यदि नितीश कुमार-नीतियों या एनडीए के काम-काज को जनता ने स्वीकार किया है, तो एनडीए की सरकार बनने की सम्भावना उज्जवल है। इसके विपरीत, यदि जनता बदलाव चाहती है और महागठबंधन ने मैदान तैयार किया है, तो वहाँ से बदलाव की सम्भावना है। लेकिन मतदाताओ के रुझान के अनुसार ऐसा कुछ नही दिखाई दे रहा है कि महागठबंधन के लिए शुभ संकेत है।अभी-अभी बढ़ता मतदान स्थायी परिणाम नहीं तय करता है। दूसरे चरण का मतदान, मतगणना एवं क्षेत्र-विशिष्ट चलन अंतिम तस्वीर बनाएँगे।अतः, इस पहले चरण की बढ़ी भागीदारी एक महत्वपूर्ण संकेत है, लेकिन यह अलग-अलग क्षेत्रों में किस दिशा में जा रही है यह अब अगले कुछ दिनों में स्पष्ट होगा।हमे इंतज़ार करना होगा।

**कांतिलाल मांडोत**

# सुरों की साधिका सुलक्षणा पंडित नहीं रहीं



6 नवंबर 2025 को हिंदी फिल्म और संगीत जगत की सुरमयी आवाज़ सदा के लिए खामोश हो गई। प्रसिद्ध गायिका और अभिनेत्री सुलक्षणा पंडित का मुंबई के नानावटी अस्पताल में निधन हो गया। वे 71 वर्ष की थीं और पिछले कई वर्षों से अस्वस्थ थीं। उनके जाने से फिल्म इंडस्ट्री के एक स्वर्णिम युग की स्मृतियाँ फ़िर से ताज़ा हो उठीं कृ वो दौरए जब गीतों में आत्मा होती थी और चेहरों पर अभिनय नहींए भावनाएँ बोलती थीं।

सुलक्षणा पंडित का जन्म 12 जुलाई 1954 को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में हुआ था। उनका परिवार भारतीय संगीत परंपरा का एक सम्मानित स्तंभ रहा। वे महान शास्त्रीय गायक पंडित जसराज की भतीजी थींए जबकि उनके भाई जतिनदृललित ने 90 के दशक में हिंदी सिनेमा को अनगिनत अमर धुनें दीं। उनकी बहन विजयता पंडित भी फिल्म जगत से जुड़ी रहीं। इस संगीतपूर्ण वातावरण में पली.बढ़ी सुलक्षणा के भीतर कला का बीज बचपन से ही गहराई तक बोया गया था। संगीत उनके लिए केवल अभिव्यक्ति नहींए बल्कि एक साधना थी। उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 1975 में ष्उलझनष् फिल्म से की थीए जिसमें उनके साथ संजीव कुमार थे। यह जोड़ी पर्दे पर बहुत पसंद की गई। इसके बाद उन्होंने ष्संकोचष् ष्हेरा फेरीष् ष्अपनापनष् ष्खानदानष् ष्चेहरे पे चेहराष् और ष्धर्म कांटाष् जैसी फिल्मों में अभिनय किया। उनका अभिनय सहजए कोमल और भावनाओं से भरा हुआ था। वे किसी चरित्र को ओढ़ती नहीं थींए बल्कि जीती थीं। उनकी आँखों में सादगीए आवाज़ में अपनापन और मुस्कान में एक अनकही कहानी झलकती थी।

पर अभिनय से पहले वे एक गायिका थीं। 1967 में बतौर बाल गायिका उन्होंने फिल्म ष्सात समुंदर पारष् में लता मंगेशकर के साथ गाना गाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। 1975 में आई फिल्म ष्संकल्पष् का उनका गीत श्तू ही सागर हैए तू ही किनाराश् आज भी सुनने वालों को भीतर तक भिगो देता है। इस गीत के लिए उन्हें फिल्मफेयर का सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्वगायिका पुरस्कार मिला। उन्होंने किशोर कुमारए मोहम्मद रफ़ीए हेमंत कुमारए महेंद्र कपूरए येसुदास और लता मंगेशकर जैसे महान कलाकारों के साथ काम किया। उनकी गायकी में शास्त्रीयता की गहराई और भावनाओं की मिठास का दुर्लभ संगम था। 1980 में उनका ग़ज़ल एल्बम ष्जज़्बातष् आयाए जिसने उन्हें एक नए रूप में सामने लाया। उस दौर में जब ग़ज़ल सुनना एक नफ़ासत माना जाता थाए सुलक्षणा ने अपनी कोमल आवाज़ से प्रेमए विरह और एकाकीपन को नया अर्थ दिया। उनके गीतों में स्त्री की संवेदना थी कृ वह स्त्री जो प्रेम करती हैए टूटती हैए पर भीतर कहीं एक अदम्य गरिमा बनाए रखती है।

लेकिन सुलक्षणा का जीवन केवल गीतों की मिठास से नहीं बना था। उनके जीवन में गहरी चुप्पियाँ भी थीं। कहा जाता है कि वे अभिनेता संजीव कुमार से गहराई से प्रेम करती थींए पर यह प्रेम अधूरा ही रह गया। संजीव कुमार ने विवाह नहीं कियाए और 6 नवंबर 1985 को उनका निधन हो गया। यह एक अजीब संयोग है कि ठीक चालीस साल बादए उसी तारीख कोए सुलक्षणा भी इस दुनिया से चली गई कृ जैसे उनकी जीवन.धुन ने अंततः उसी तान पर विराम लियाए जहाँ से वह कभी टूटी थी।

संजीव के जाने के बाद सुलक्षणा ने जीवनभर विवाह नहीं किया। उन्होंने खुद को धीरे.धीरे दुनिया से अलग कर लिया। बीते लगभग सोलह वर्षों से वे गंभीर रूप से बीमार थीं और अधिकतर समय बिस्तर पर रहीं। आर्थिक तंगी के दिन भी आएए पर उनके परिवार कृ विशेषकर भाई जतिन.ललित और बहन विजयता कृ ने उन्हें हमेशा संभाले रखा। अभिनेता जीतेंद्र ने भी एक बार उनकी मदद की थी। पर सुलक्षणा की दुनिया अब संगीत और सिनेमा से बहुत दूर जा चुकी थी।

उनके जीवन में जितना वैभव थाए उतना ही विरह भी। वे अपने गीतों की तरह ही थीं कृ मीठीए भावुक और गहरी। वे उस पीढ़ी की प्रतिनिधि थींए जिसने कला को करियर नहींए साधना माना। उन्होंने अभिनय और गायन दोनों में अपनी छाप छोड़ीए और आज भी उनका नाम सम्मान से लिया जाता है। उनका जीवन यह सिखाता है कि प्रतिभा के साथ संवेदना होए तो कलाकार समय से परे हो जाता है।

6 नवंबर की वह रात जब उनके निधन की खबर आईए तो सोशल मीडिया पर कलाकारोंए संगीतकारों और प्रशंसकों ने उन्हें याद किया। हर श्रद्धांजलि के साथ एक धुन थीए जो उनकी आवाज़ की तरह ही कोमल और स्मरणीय थी। उनके भाई ललित पंडित ने बताया कि उन्हें हार्ट अटैक आया था।

अगले दिन मुंबई में उनका अंतिम संस्कार किया गया। सुलक्षणा पंडित का जीवन एक अधूरी कविता की तरह था कृ जिसमें प्रेम थाए वियोग थाए पर साथ ही था संगीत का अटूट विश्वास। वे अपने पीछे गीतोंए फिल्मोंए यादों और उस मुस्कान को छोड़ गई जो अब भी उनके सुरों में गूंजती है। शायद यही उनकी अमरता है कृ कि जब भी कोई श्तू ही सागर हैए तू ही किनाराश् सुनता हैए उसके भीतर कुछ देर के लिए दुनिया ठहर जाती हैए और उस ठहराव में सुलक्षणा पंडित फ़िर से जीवित हो उठती हैं।

**महेन्द्र तिवारी**

# समय के यथार्थ संयोजन से जीवन समर्थ, सशक्त

बेंजामिन फ्रैंकलिन ने कहा था- 'Lost time is never found again'- बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता। समय वह अनमोल संपदा जो न किसी के लिए रुकती न किसी के लिए लौटती यह निरंतर गतिशील अविराम, अनश्वर और सर्वव्यापी। जीवन की सफलता, सार्थकता और समृद्धि का आधार यदि किसी एक तत्व को कहा जाए तो निस्संदेह वह 'समय का सदुपयोग' है। । यह कथन न केवल यथार्थ का उद्घाटन करता है बल्कि जीवन के अनुशासन की दिशा भी दिखाता है। धन, वैभव, प्रतिष्ठा ये सब खोकर पुनः अर्जित किए जा सकते हैं, किंतु समय का एक क्षण खो जाने पर वह सदा के लिए इतिहास बन जाता है। भारतीय संतों ने भी यही चेताया 'काल करे सो आज कर, आज करे सो अब, पल में परलय होएगी, बहुरि करेगा कब। ' यह दोहा समय के अनमोल क्षणों की पुकार है, जो मनुष्य को आलस्य और विलंब की दलदल से बाहर निकालने का प्रयास करता है। प्रसिद्ध लेखक मेसन ने भी कहा है- 'सोने के कण की तरह समय का हर क्षण मूल्यवान है।' सच ही तो है, स्टेशन पर खड़ी रेलगाड़ी अपने यात्रियों की प्रतीक्षा नहीं करती; देर से पहुंचने वाला व्यक्ति केवल हाथ मलता रह जाता है। प्रकृति स्वयं समय की शिक्षिका है,यदि वर्षा ऋतु में वर्षा समय पर न हो तो फसलें सूख जाती हैं; यदि सूरज समय पर न उगे तो जीवन का क्रम बाधित हो जाता है। तुलसीदास ने कहा, 'का वर्षा जब कृषि सुखावे, भल समय जब बाढ़े उपजावे। 'यह उदाहरण स्पष्ट करता है कि समय की अनदेखी विनाश का कारण बन सकती है। इतिहास गवाह है कि जिन्होंने समय के साथ अनुशासन और श्रम को अपना आदर्श बनाया, वही युगपुरुष बने। चाहे महात्मा गांधी हों, आइंस्टीन हों या स्टीव जॉब्स इन सबने समय का सदुपयोग कर अपने विचारों से मानवता को नई दिशा दी। इंग्लैंड की अनुशासनप्रियता और समयनिष्ठा ने उसे ग्रेट ब्रिटेन का दर्जा दिलाया, जिसने कभी कहा था- 'The sun never sets on the British Empire.' हालांकि उनका अनुशासन कई बार दमनकारी भी रहा, परंतु यह भी सत्य है कि समय के प्रति उनकी सजगता ने उन्हें शक्ति और समृद्धि दी।

भारत ने भी जब-जब समय के मूल्य को पहचाना, तब-तब उसने विश्व में अपना लोहा मनवाया। हमारे वैज्ञानिकों - डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, सी.वी. रमन, और होमी भाभा ने समय की पाबंदी और अनुशासन से अनुसंधान के शिखर को छुआ। उन्होंने दिखाया कि कठोर परिश्रम और समय का प्रबंधन साधारण मनुष्य को भी असाधारण बना सकता है। समय और अनुशासन एक-दूसरे के पर्याय हैं। अनुशासन के बिना समय की उपयोगिता संभव नहीं, और समय के बिना अनुशासन का कोई अर्थ नहीं। जीवन के जिस कार्य को हम सबसे कठिन मानते हैं, उसे सबसे पहले करना ही सफलता की कुंजी है। जैसा कि नेपोलियन बोनापार्ट ने कहा था– 'Take time to deliberate, but when the time for action comes, stop thinking and go in. 'विद्यार्थी जीवन में समय का महत्व सर्वोपरि है। समय का नियोजन और आत्मसंयम विद्यार्थी को साधारण से असाधारण बना देता है। जो विद्यार्थी समय के मूल्य को समझते हुए अध्ययन करते हैं, वे न केवल परीक्षाओं में सफल होते हैं बल्कि जीवन में भी ऊँचाइयाँ छूते हैं। देर से उठने वाले और विलंब से कार्य करने वाले हमेशा परिस्थितियों से संघर्ष करते रहते हैं, जबकि समयनिष्ठ व्यक्ति आत्मविश्वास से भरा और ऊर्जावान रहता है।

युवा वर्ग को चाहिए कि वह शरीर और मन दोनों का अनुशासन बनाए। समय पर उठना, भोजन करना, व्यायाम करना और ब्रह्ममुहूर्त में अध्ययन करना आत्मविकास की पहली सीढ़ी है। देर से उठने वाले व्यक्ति के हर कार्य में विलंब होता है, जिससे अवसर हाथ से निकल जाते हैं। जैसे समुद्र की लहरें लौटकर नहीं आतीं, वैसे ही




समय भी एक बार गया तो फिर नहीं लौटता। पेरिक्लेस ने कहा था– 'Time is the wisest counselor of all.' वास्तव में समय सबसे बड़ा शिक्षक है, क्योंकि यह किसी को बख्शता नहीं। जो इसे समझ लेता है, वह जीवन के हर क्षेत्र में विजयी होता है। समय के यथार्थ संयोजन से जीवन समर्थ, सशक्त और सार्थक बनता है। व्यक्ति का व्यक्तित्व तभी निखरता है जब वह समय के साथ चलना सीखता है, न कि उसके विपरीत। यही समय का सत्य है- यह न किसी राजा के लिए रुकता है, न भिखारी के लिए। यह केवल उनके साथ चलता है जो उसके साथ चलने की कला जानते हैं। अतः यह आवश्यक है कि हम हर क्षण को सार्थक बनाएं, क्योंकि यही क्षण आने वाले कल की दिशा तय करते हैं। समय को साध लीजिए, वही जीवन को समर्थ बना देगा यही मानव जीवन की सर्वोच्च साधना है।

**संजीव ठाकुर**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति क़ी इलाज के दौरान मौत

**रुद्रपुर,देवरिया।** जनपद के एकौना थाना क्षेत्र के ग्राम निबा निवासी मुकेश पाण्डेय पुत्र ओम प्रकाश पांडेय उम्र 32 वर्ष मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए गंभीरावस्था में उन्हें एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान बुधवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकेश पांडेय अपने एक मित्र को विदेश रवाना करने के लिए शनिवार को गोरखपुर के कौड़ीराम गए थे। वापसी के दौरान शाम लगभग 4 बजे उनकी बाइक के सामने अचानक एक पशु आ गया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई जिससे मुकेश के सिर में गंभीर चोटें आई और वे मौके पर ही बेहोश हो गए। राहगीरों ने तुरंत घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजन उन्हें गंभीर अवस्था में गोरखपुर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए, जहाँ इलाज के दौरान बुधवार सुबह उनकी मृत्यु हो गई। दुर्घटना की खबर सुनते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अपने पीछे 7 वर्ष के पुत्र और 3 वर्ष की पुत्री सहित परिवार को बिलखता छोड़ गए हैं।

## ग्राम प्रधान के विरुद्ध निराधार शिकायत निक्षेपित

**देवरिया।** जनपद के विकास खंड बैतालपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत लखनचन्द के ग्राम प्रधान दिलीप कुमार सिंह के विरुद्ध दायर शिकायत प्रकरण में जांच पूर्ण होने के उपरांत कोई आरोप सिद्ध न पाए जाने पर प्रकरण को निक्षेपित कर दिया गया है। शिकायतकर्ता रीता देवी, पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा नाली एवं पंचायत भवन निर्माण कार्यों में कथित अनियमितता की शिकायत की गई थी। इस पर नामित जांच अधिकारी की जांच आख्या 30 जून 2025 के अनुसार पाया गया कि संबंधित निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं और कार्यों की गुणवत्ता संतोषजनक है। जिलाधिकारी की सहमति 23 सितम्बर 2024 तथा पत्रांक 2180 22 अगस्त 2024 के क्रम में जारी वसूली आदेश को मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने निरस्त करते हुये शिकायत निस्तारित कर मामले में क्लीन चिट दे दी है।

## गंगा उत्सव के अवसर पर महाविद्यालय में आयोजित हुए कार्यक्रम



**ललितपुर।** गंगा उत्सव के अवसर पर नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत जिला गंगा समिति द्वारा महर्रा स्थित एक महाविद्यालय में विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में गंगा एवं अन्य नदियों के संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। शुरुआत गंगा थीम पर रंगोली और चित्रकला गतिविधि से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी चित्रकृतियों में नमामि गंगे, स्वच्छ गंगा-निर्मल गंगा जैसे संदेश उकेरे। जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण संवाद में परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने बताया कि गंगा उत्सव का कार्यक्रम गंगा नदी को भारत की राष्ट्रीय नदी घोषित किए जाने उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 4 नवम्बर को आयोजित किया जाता है। प्रबधंक ने कहा कि यदि हमने आज जल को नहीं बचाया, तो आने वाली पीढियां हमें कभी क्षमा नहीं करेंगी। डा.रोहित जैन ने कहा कि जल संरक्षण एक ऐसा विषय है जिसमें छोटी-छोटी कोशिशें भी बड़े परिणाम ला सकती हैं। विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने आसपास के लोगों को जल और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करें तथा इस दिशा में स्वयं उदाहरण बनें। परिचर्चा के बाद विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से गंगा शपथ ली, जिसमें उन्होंने गंगा और सभी नदियों को स्वच्छ व निर्मल बनाए रखने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पूराकलां बस स्टैंड से अज्ञात चोर मोटरसाइकिल लेकर फरार

**तालबेहट।** थाना क्षेत्र के पूराकलां बस स्टैंड पर खड़ी मोटरसाइकिल को अज्ञात चोर चोरी करके ले गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम खांदी, मजरा शायपुर निवासी अशोक कुशवाहा ने क्षेत्राधिकारी को दी तहरीर में बताया कि 23 सितंबर 2025 को उन्होंने अपनी हीरो सीडी यूपी 94 यू 1344 बस स्टैंड पर दोपहर करीब 12:30 बजे खड़ी की थी और किसी आवश्यक कार्य से चले गए थे। जब वे वापस लौटे तो मोटरसाइकिल मौके से गायब थी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, मायका पक्ष ने ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप

### ●प्रॉपर्टी व अवैध संबंध को बताया गया विवाद की वजह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर-** जनपद के गोला थाना क्षेत्र के भूपगढ़ टोला जोत में बीती रात एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो जाने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका राजकुमारी देवी (45) पत्नी सुरेश यादव की मौत की सूचना मिलने पर गोला पुलिस मौके पर पहुंची और विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक गोला एवं क्षेत्राधिकारी गोला दरवेश कुमार भी मौके पर पहुंचे और स्थल निरीक्षण करते हुए परिजनों तथा ग्रामीणों से पूछताछ की। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 6 बजे मृतका के परिवार की ओर से उनकी भतीजे ईश्वर चंद यादव निवासी सिहोड़वा थाना झंगहा को फोन कर घटना की जानकारी दी गई। ईश्वर ने तत्काल गोला पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेने के बाद भतीजे ने ससुराल पक्ष के नौ लोगों के खिलाफ तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया।

दिए गए आरोप में मृतका के पति सुरेश यादव उर्फ गुड्डू समेत परिवार के कई सदस्यों का नाम शामिल है। आरोप है कि मृतका के ससुराल वाले लंबे समय से उसे मारते-पीटते एवं प्रताड़ित करते थे। भतीजे का कहना है कि यह जानकारी मृतका की बेटी अंकिता यादव नियमित रूप से उन्हें देती रही थी। तहरीर के अनुसार बीती रात प्रॉपर्टी और घरेलू विवाद के चलते साजिशन राजकुमारी की हत्या की गई।

**मृतका की बेटी ने खोला पारिवारिक विवाद का राज**

मृतका की बेटी अंकिता, जो कि गोरखपुर में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा है, ने बताया कि उसके पिता सुरेश यादव 12 वर्षों तक थाईलैंड में रहने के बाद हाल ही में घर लौटे थे। इस दौरान उनका गांव की ही एक महिला से अवैध संबंध बन गया था। बेटी का आरोप है कि पिता सहित ससुराल परिवार प्रॉपर्टी पर कब्जे की नीयत से उसकी माँ को लगातार प्रताड़ित करते रहे। अंकिता ने कहा कि गुरुवार को वह कॉलेज से आने के बाद पूरी रात और दिन अपनी माँ को फोन करती रही लेकिन फोन नहीं उठा। शुक्रवार सुबह उसके चाचा ने फोन कर बताया कि उसकी माँ ने फांसी लगा ली, साथ ही यह भी कहा कि जो भी होता था, पुलिस को कुछ न बताना। बेटी का आरोप है कि हत्या गुरुवार को ही कर दी गई थी।

**पुलिस ने शुरू की जांच**

थाना प्रभारी राहुल शुक्ल ने बताया कि मृतका के मायके पक्ष की तहरीर पर जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी। फिलहाल ससुराल पक्ष के लोगों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# बाँसगांव क्षेत्र ग्राम सैरो (बनटोला) में सरकारी आरसीसी सड़क पर विवाद, युवक को पीटकर किया गया अधमरा, हालत गंभीर - लखनऊ रेफर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** बांसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सैरो (बनटोला) में सरकारी आरसीसी सड़क को लेकर हुए विवाद ने गुरुवार शाम गंभीर रूप ले लिया। आरोप है कि सड़क को नुकसान पहुँचाने का विरोध करने पर पट्टीदारों ने एक युवक को पकड़कर बुरी तरह पीटा और उसके सिर को बिजली के पोल से पटक-पटककर अधमरा कर दिया। युवक की हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ पीजीआई के लिए रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता संगीता देवी पत्नी सुरेन्द्र यादव निवासी ग्राम सैरो (बनटोला) ने थाना बांसगांव में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके दरवाजे पर ग्राम सभा द्वारा निर्मित आरसीसी सड़क ही आने-जाने का एकमात्र रास्ता है। गुरुवार शाम लगभग 5:30 बजे उनके पट्टीदार परशुराम पुत्र सरेख, उमाशंकर पुत्र स्व. जयराम यादव, मुन्नी देवी पत्नी परशुराम तथा गीता देवी पत्नी जयराम उक्त सड़क को नुकसान पहुँचाने की नियत से ट्रैक्टर से जुताई और कुदाल से मिट्टी काट रहे थे।

इसी दौरान संगीता देवी के पति सुरेन्द्र यादव वहां पहुंचे और सड़क काटने का विरोध किया। आरोप है कि इस पर चारों नामजद आरोपियों ने सुरेन्द्र को घेर लिया और मारपीट करते हुए उनकी हत्या करने की नीयत से बिजली के पोल पर उनका सिर पटकते रहे, जब तक वह बेहोश नहीं हो गए। शोर सुनकर संगीता देवी और उनका बेटा आलोक यादव मौके पर पहुंचे। उन्हें आता देख आरोपी गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से घायल सुरेन्द्र यादव को गंभीर स्थिति में सावित्री हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने स्थिति नाजुक बताते हुए उन्हें लखनऊ PGI के लिए रेफर कर दिया।

संगीता देवी की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। एफआईआर अवर निरीक्षक जितेन्द्र कुमार द्वारा दर्ज की गई, जबकि जांच की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक सर्वेश कुमार सिंह को सौंपी गई है. स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क को लेकर विवाद पहले भी हो चुका है, लेकिन इस बार मामला खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। घटना से गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस मौके की स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# अनुबंध अवधि समाप्त होने के बाद भी टावर कंपनी कर रही मनमानी

### ●टावर हटवाने के लिए भू-स्वामिनी ने लगाई सीएम व उच्चाधिकारियों से गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार,गोरखपुर-** उपनगर ग़ोला के ग्राम चिकनिया में इंडस टावर लिमिटेड कंपनी द्वारा भू-स्वामिनी की जमीन पर लगाया गया मोबाइल टावर अब विवाद में घिर गया है। बीस वर्ष की अनुबंध अवधि पूरी हो जाने के बावजूद कंपनी टावर हटाने से इनकार कर रही है, जिससे भू-स्वामिनी मीरा देवी बेहद परेशान हैं। न्याय की तलाश में पीड़िता ने मुख्यमंत्री से लेकर जिला प्रशासन तक, सभी जिम्मेदार अधिकारियों तक गुहार लगा डाली है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हो सका है। ग़ोला संवादाता बृजनाथ त्रिपाठी अनुसार ग़ोला क्षेत्र ग्राम चिकनिया निवासी मीरा देवी की जमीन आराजी संख्या 126 में कंपनी ने वर्ष 2005 में 20 वर्ष के अनुबंध पर मोबाइल टावर स्थापित किया था। अनुबंध की शर्तों के तहत टावर का किराया भी दिया गया, लेकिन अक्टूबर 2025 में यह अवधि पूरी हो चुकी है। अब अनुबंध खत्म होने के बाद कानूनन कंपनी को टावर हटाना चाहिए था, परंतु इंडस टावर लिमिटेड कथित रूप से टावर हटाने में टालमटोल और दबाव की नीति अपनाए हुए है।

**पीड़िता की गुहार**

मीरा देवी ने अनुबंध पत्र, जमीन के कागजात और भुगतान रिकॉर्ड समेत पूरी जानकारी ई-मेल, रजिस्ट्री डाक और शिकायत पोर्टल के माध्यम से उपजिलाधिकारी गोलाबाजार, थाना गोला को भेजकर टावर हटवाने की मांग की है।लेकिन लंबे समय से कोई ठोस कार्रवाई न होने से पीड़िता असहाय और परेशान हैं।

**भू-स्वामिनी का दर्द**

'हमने 20 साल के लिए जमीन दी थी, अब समय पूरा हो चुका है। फिर भी कंपनी हमारी जमीन पर अवैध कब्जे की तरह टावर खड़ा किए हुए है। हम गरीब लोग हैं, गलत तरीके से जमीन नहीं छिनने देंगे, ' मीरा देवी, भू-स्वामिनी

**अब बड़ा सवाल**

अवधि समाप्त होने के बाद भी टावर को हटाने में देरी क्यों? क्या किसी प्रशासनिक दबाव या कंपनी के प्रभाव के चलते कार्रवाई लटकाई जा रही है? या फिर नियमों को ताक पर रखकर कंपनी मनमानी कर रही है?

**स्वास्थ्य संबंधी चिंताएँ अलग हैं।**

अगर प्रशासन सख्ती से कदम नहीं उठाता तो मामला और तूल पकड़ सकता है। स्थानीय जनता उम्मीद लगाए बैठी है कि शासन-प्रशासन जल्द हस्तक्षेप कर न्याय दिलाएगा और टावर हटवाया जाएगा।

# हर शुक्रवार ग्राम चौपाल से बढ़ रहा विकास का रथ, 5.7 लाख से अधिक प्रकरणों का निस्तारण- केशव प्रसाद मौर्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बीकेटी, लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश में प्रत्येक शुक्रवार को ग्रामों में आयोजित की जा रही ग्राम चौपालों के सुखद, सार्थक व सकारात्मक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं और ग्राम चौपालें गांवो के विकास का ग्रोथ इंजन बन रही है । गांवों की समस्यायों का गांवों में समाधान हो रहा है।प्रत्येक शुक्रवार को प्रत्येक विकासखंड के 2 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपालों का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है और ग्राम चौपालों के आयोजन से गांव में विकास का रथ तेजी से बढ़ रहा है। चौपालों में ग्रामीण जनों की निजी समस्याओं के अलावा गांवो की स्थानीय सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान किया जा रहा है। गांवो के विकास का रथ तेजी से आगे बढ़ रहा है।शुक्रवार को लखनऊ के विकास खण्ड बख्शी का तालाब के ग्राम -उसरना मे आयोजित ग्राम चौपाल को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मोतिहारी, बिहार से वर्चुवली सम्बोधित कर रहे थे।जनता चौपाल का आयोजन हर शुक्रवार को हो रहा है । यह चौपाल प्रत्येक विकास खंड की 2 ग्राम पंचायतों में आयोजित की जा रही है। श्री मौर्य ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को प्रदेश सरकार अब उनकी चौखट पर ही सुलझा रही है । पंचायती राज व्यवस्था की मूल भावना को प्रतिबिंबित करती इस व्यवस्था के पीछे मंशा यह है कि विकास योजनाओं को सुदूर गांवों तक पहुंचाया जा सके। क्रियान्वयन से लेकर निगरानी तक की व्यवस्था गांव के स्तर पर हो सके। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इन चौपालों से विवादों के निस्तारण तो हो ही रहा है, कृषि, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी मूलभूत और बुनियादी सुविधाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने में मदद मिल रही है । उन्होंने कहा कि जनवरी 2023 से उत्तर प्रदेश मे प्रत्येक शुक्रवार को प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पचायतो मे ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है।अब तक 1लाख 63 हजार से अधिक ग्राम चौपालो का आयोजन किया जा चुका है और 1 करोड़ से अधिक ग्रामीण इन चौपालो मे सम्मिलित हो चुके हैं।पिछले शुक्रवार तक 572926 प्रकरणों, समस्याओं का निस्तारण किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ग्राम चौपाल का बहुत ही पवित्र दिन है।वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर उन्होने सभी को बधाई दी। कहा कि इस अवसर पर प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने डाक टिकट और स्मारक सिक्का जारी किया है।

# फादर ड्रीम अकादमी स्कूल में राष्ट्रीय गीत का किया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जाखलौन।** कस्बा के फादर्स ड्रीम अकादमी स्कूल में शिक्षा विभाग उच्चअधिकारियों के आदेशानुसार राष्ट्रीय गीत का आयोजन किया विद्यालय के संस्थापक शिवम विश्वकर्मा व विद्यालय प्रधानाचार्य विहान झा बंटी झा के द्वारा बच्चों को राष्ट्रीय गीत के बारे में समझाया गया कि 7 नवम्बर: वंदे मातरम् के 150 वर्ष ! भारत की आत्मा को प्रज्वलित करने वाला वंदे मातरम गीत आज भी हमारी स्वतंत्रता, एकता और गर्व का अमर प्रतीक है।इसके शब्द हर भारतीय के हृदय में भारत माता की भावनाय साहस, भक्ति और मातृभूमि के प्रति अटूट प्रेम को जीवंत करते हैं। विद्यालय समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा और सभी ने संकल्प लिया कि अब हम रोज विद्यालय में इस गीत की शुरुआत करेंगे।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार छात्र घायल

**ललितपुर।** महरौनी थानान्तर्गत ग्राम पठा विजयपुरा निवासी भूपत पुत्र सुकई कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीते गुरूवार को उसका पुत्र मोहित कुशवाहा, राकेश पुत्र रामरतन के साथ महरौनी से ललितपुर विद्यालय में पढने के लिए जा रहे थे। अपराह्न करीब 12 बजे राकेश कुशवाहा महरौनी से ललितपुर जा रहा था, तभी ललितपुर की ओर से आ रही पिकअप नं. यू.पी.94 टी 0652 जिस पर लोहे का सरिया लोड होने के कारण तेज गति से भागती हुयी आयी और सिलावन के पशु अस्पताल के सामने उसके पुत्र की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे राकेश कुमार व मोहित को गंभीर चोटें आयीं। दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी महरौनी लाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर दोनों को ललितपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पिकअप चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए) व 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

## तहसील बार चुनाव में पांच लोगों ने पर्चा भरा

### ●-बार में दो फांक,एक गुट कर रहा विरोध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रुद्रपुर,देवरिया।** तहसील बार एसोसिएशन रुद्रपुर के वार्षिक चुनाव के नामांकन के पहले दिन कुल पांच लोगों ने पर्चा दाखिल किया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दो सत्यानंद पांडे और आनंद कुमार सिंह ने परचा दाखिल किया।जबकि महामंत्री के लिए विनोद कुमार पाठक ने पर्चा भरा। इसी प्रकार वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए रामेश्वर मणि त्रिपाठी और कोषाध्यक्ष के लिए शशि भूषण मिश्रा ने पर्चा दाखिल किया। ज्ञात हो कि 3 नवंबर को चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी। जिसमें आज नामांकन के प्रथम दिन कुल पांच लोगों ने पर्चा दाखिल किया। नामांकन 10 नवंबर तक होना है जबकि पर्चा वापसी 11 नवंबर को निर्धारित किया गया है और चुनाव 14 नवंबर एवं उसी दिन मतगणना भी होनी है। इसी बीच तहसील बार एसोसिएशन के एक गुट ने चुनाव कराने का विरोध किया है। इसके विरोध में बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश को पत्र भेजकर एल्डर्स कमेटी द्वारा कराया जा रहे चुनाव को अवैध बता रहा है। जबकि एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश मणि ने कहा कि चुनाव नियमानुसार कराया जा रहा है। इसमें बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के किसी भी दिशा निर्देश का उल्लंघन नहीं किया जा रहा है। पहले भी नवंबर में चुनाव होते रहे हैं और इस बार भी नवंबर माह में चुनाव कराया जा रहा है। इसके लिए बार संघ के 53 सदस्यों ने अपनी लिखित सहमति दी है तभी चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि यह कमेटी पहली जनवरी 2026 से कार्य करेगी। 31 दिसंबर तक वर्तमान पदाधिकारी का कार्यकाल चलता रहेगा। ज्ञात हो कि एल्डर्स कमेटी ने बार संघ रुद्रपुर के सदस्यों की जो लिस्ट जारी की है उसमें कुल 64 सदस्य हैं।

# गोरखपुर स्टेशन पर बड़ी कार्रवाईः संदिग्ध व्यक्ति के सूटकेस से 99 लाख 9 हजार रुपये बरामद, इनकम टैक्स की टीम जांच में जुटी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर –** बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए रेलवे स्टेशनों, बस स्टैण्डों और सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा एजेंसियों द्वारा विशेष निगरानी और सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की। स्टेशन के बीआईपी गेट नंबर-2 पर खड़े एक संदिग्ध व्यक्ति से करीब 99 लाख 9 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर रेलवे स्टेशन परिसर में सुरक्षा के दृष्टिगत सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान बीआईपी गेट नंबर-2 पर एक युवक सूटकेस के साथ संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। उसके चेहरे के भाव और गतिविधियों पर संदेह होने पर सुरक्षा कर्मियों ने उसे रोका और पूछताछ के बाद उसके सूटकेस की तलाशी ली। तलाशी में सूटकेस के अंदर काले पोलिथीन और कपड़ों के बीच बड़ी मात्रा में नकदी का बंडल बरामद हुआ।

पूछताछ में युवक अपना नाम मुकुंद माधव मोकामा निवासी बताया और गोरखपुर आया था बगहा के पास किसी ने उसे कोई अज्ञात व्यक्ति देकर मोकामा पहुंचाने के लिए कहा था। वह गोरखपुर ट्रेन बदलने के लिए आया था। हालांकि, वह यह नहीं बता पाया कि पैसे किसके थे, किस उद्देश्य से भेजे जा रहे थे और मोकामा में पैसा किसे पहुंचाना था। युवक के जवाबों में लगातार विरोधाभास और अस्पष्टता मिलने के बाद अधिकारियों ने इस रकम को संदिग्ध मानते हुए मामले की सूचना आयकर विभाग (Income Tax) को दे दी। आरपीएफ सीओ जीआरपी विक्रम कुमार सिंह ने बताया कि आयकर विभाग की टीम को मौके पर बुला लिया गया है। नकदी की गिनती, नोटों के नंबरों का मिलान और युवक के मोबाइल फोन व संपर्कों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक स्तर पर यह भी संभावना जताई जा रही है कि चुनावी खर्च के लिए यह राशि अवैध रूप से ले जाई जा रही थी। यदि ऐसा पाया गया तो आगे कानूनी कार्रवाई सख्त होगी।

उन्होंने बताया कि जांच जारी है, पैसे का स्रोत और उद्देश्य साफ होने पर ही अगली कार्रवाई तय की जाएगी। बिहार चुनाव के सरगर्म माहौल के बीच इस बरामदगी ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है। संभावना है कि ऐसे कई और प्रयास किए जा सकते हैं, इसलिए रेलवे सहित सभी संवेदनशील स्थानों पर चेकिंग और निगरानी और कड़ी कर दी गई है।

# गोरखपुर में प्रेम प्रसंग से आहत 17 वर्षीय युवक ने फांसी लगा कर दी जान

### ●ननिहाल में बीमार नाना की देखभाल कर रहा था युवक, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

वृजनाथ तिवारी



**गोलाबाजार/गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम घोड़ालोटन वार्ड नंबर-2 में एक 17 वर्षीय युवक ने बीती देर रात फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि युवक एकतरफा प्रेम प्रसंग को लेकर मानसिक रूप से परेशान था। घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**ननिहाल में रहकर कर रहा था नाना की सेवा**

ग़ोला तहसील संवादाता बृजनाथ तिवारी अनुसार मृतक युवक कौशल (17) पुत्र राममिलन मूल रूप से चिलवा का निवासी था। पिता और मामा विदेश में नौकरी करते हैं, जबकि घर पर मामी और बीमार नाना बुच्चन प्रसाद रहते हैं। नाना की स्थिति खराब रहने के कारण कौशल उन्हें सहारा देने और देखभाल करने के लिए ननिहाल में ही रह रहा था। नाना बुच्चन प्रसाद ने बताया कि गुरुवार देर रात युवक किसी बात को लेकर काफी रो रहा था। परिवार के लोगों ने उसे समझाने का प्रयास किया। खाना खाने के बाद वह नाना के साथ ही सो गया। रात करीब 1 बजे नाना की नींद खुली तो कौशल बिस्तर पर नहीं था। तलाश करने पर वह कमरे में पंखे से लटका मिला।

**प्रेम प्रसंग बना मौत की वजह**

परिजनों के अनुसार कौशल आनंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज ककरही का छात्र था। उसी विद्यालय की एक छात्रा से वह एकतरफा प्रेम करता था। बताया गया कि बीते कुछ दिनों से वह इसी बात को लेकर मानसिक तनाव में था और गुरुवार की रात भी इसी बात पर वह रो रहा था।

**पुलिस कर रही जांच**

सूचना पर पहुंची गोला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है।

**दो भाइयों में था बड़ा**

कौशल अपने दो भाइयों में बड़ा था। परिवार और गांव के लोग उसकी सरल और जिम्मेदार स्वभाव को याद कर स्तब्ध हैं।

# संदिग्ध हालत में गड्ढे में मिला युवक का शव

### ● परिजनों ने हत्या की जताई आशंका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** चिल्हिया थाना क्षेत्र के धेन्सा नानकार में शुक्रवार की सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान रामदास साहनी (37 वर्ष) पुत्र स्व. सर्वजीत निवासी ग्राम महादेव नानकार जोगिया उदयपुर थाना क्षेत्र के रूप में हुई। परिवार इस मामले में हत्या की आशंका जता रहा है और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिवार के अनुसार, रामदास गुरुवार सुबह करीब 8 बजे घर से निकले थे। रात में वापस नहीं आए तो पत्नी मालती और भाई गोविंद ने खोजबीन शुरू की। शुक्रवार सुबह लगभग 10 बजे ग्रामीणों ने तालाब में एक शव देखा, जिसकी पहचान रामदास के रूप में की गई। घटनास्थल मृतक के घर से लगभग 3 किलोमीटर दूर है, जिससे परिवार को शक है कि वह वहां स्वयं नहीं गया बल्कि किसी द्वारा ले जाया गया।

परिजनों ने बताया कि मृतक जींस और शर्ट पहनकर घर से निकला था, लेकिन घटनास्थल से उसके कपड़े गायब मिले। केवल एक चप्पल तालाब के बाहर पाई गई। इसके अलावा नाक से खून निकलना भी चोट या संघर्ष की ओर संकेत करता है। परिवार का कहना है कि यह सभी तथ्य हत्या की ओर इशारा करते हैं। मृतक के भाई गोविंद कहना है कि गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे रामदास को धेन्सा नानकार चौराहे पर देखा गया था, जो तालाब के रास्ते में आता है। परिवार ने आरोप लगाया कि पुलिस ने इस चौराहे के आसपास के सीसीटीवी फुटेज या मोबाइल लोकेशन की जांच करने में कोई तत्परता नहीं दिखाई।परिजन आरोप लगा रहे हैं कि पुलिस इस घटना को सामान्य मौत दिखाने की कोशिश कर रही है। इस संबध में थानाध्यक्ष राजेश तिवारी का कहना कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। और मामले की जांच की जा रही है।

# नया तालाब में पानी भरने से किसानों जमीन डूबी, डीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** ग्राम पंचायत बानपुर के गोलियाघाट नया तालाब में पानी भरने से खेत की जमीनें डूब गयी हैं, जिससे किसान खेती नहीं कर पा रहे हैं। इस ज्वलन्त समस्या को लेकर शुक्रवार को कई किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम को शिकायती पत्र देकर तालाब का पानी खोलकर जमीनों को खाली कराये जाने की मांग की है। अन्यथा की स्थिति में किसानों ने तीन दिन के बाद आमरण अनशन किये जाने की भी अनुमति मांगी है।

डीएम को भेजे पत्र में किसानों ने बताया कि नया तालाब में अधिक पानी भर जाने से उनकी भूमिधरी आराजियों में लगभग 100 एकड़ जमीन पूरी तरह से पानी में डूबी हुयी है। बताया कि उक्त जमीनों पर वह वर्षो से खेती करते आ रहे हैं, लेकिन अब पानी भरने के कारण खेती नहीं कर पा रहे हैं। पूर्व में एसडीएम महरौनी, तत्कालीन डीएम को भी यह समस्या बतायी, लेकिन अभी तक पानी नहीं खुलवाया गया है, जिससे खेत जलमग्न हैं। किसानों ने बताया कि वह खेती नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनके समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। अब किसानों ने डीएम से तालाब का पानी खाली कराया जाकर जमीनें खेती योग्य बनाये जाने की मांग की है। ज्ञापन देते समय भगवान सिंह, सीताराम, राजू, सुनील कुमार, कंछेदी, राजू, किशोरी के अलावा अनेकों किसान मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## आरसीसी नाले में हो रहे घटिया निर्माण में जेई का भ्रष्टाचार चर चढ़कर बोला

**जेई के अनुसार दो एक का मसाला और ठेकेदार के अनुसार तीन एक का मसाला जेई बोले सरिया भी सही 8 एम एम और 10 एम एम जब कितने सूत की सरिया लगाई जा रही तो बोले हमें सूत नहीं पता एम एम पता**




**लखीमपुर खीरी।** नगर पंचायत खीरी टाउन स्टेशन के पास हो रहे आर सी सी नाले में घटिया निर्माण चर्चा का विषय बना हुआ है अपने को सही बताने की परंपरा जारी ठेकेदार दुध के धुले मानकों के अनुसार काम हो रहा है जेई ईओ भी भ्रष्टाचार में लिप्त कार्यों में लिपापोती कर रहे सबके स्वर बदले हैं जिससे आर सी सी नाले में हो रहे भ्रष्टाचार में लिप्त होने की बात सच साबित हो रही है।एस्टीमेट के नाम पर मूर्ख बनाने की परंपरा जारी बहुत ही जल्द पूरे भ्रष्टाचार से हटेगा पर्दा और घुमाऊ फिराऊं बातो की जिम्मेदारों की होगी उजागर। अगली खबर में सब होंगे बेनकाब।

## राधा गोविंद इंटरनेशनल स्कूल का विधायक ब्लॉक प्रमुख ने किया शिलान्यास



**बरेली**/विकासखंड भदपुरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत महमूदपुर में राधा गोविंद इंटरनेशनल स्कूल का पूजन आज किया गया इसके मुख्य अतिथि नवाबगंज विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ब्लॉक प्रमुख भदपुरा रवि शंकर गंगवार आदितदथे विद्यालय का भूमि पूजन विद्यालय के प्रबंधक टी आर गंगवार के द्वारा आयोजित किया गया।

शिक्षा की दृष्टिगत रखते हुए कोई भी सरकारी विद्यालय अच्छी शिक्षा के लिए क्षेत्र में न होने के कारण इस विद्यालय को खोला जा रहा है विद्यालय पूजन का शुभारंभ पूजा पाठ करने के बाद किया गया इसके बाद सभा का आयोजन किया गया सभा को संबोधित करते हुए। भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने विद्यालय के प्रबंधक को बधाई दी और उनकी चतुराई पर भी प्रकाश डाला यहां पर उपस्थित विधायक डॉक्टर एमपी आर्य भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकरगंगवार नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार राकेश गंगवार भुजेंद्र गंगवार राम मोहन गंगवार वीरेंद्र सिंह गंगवार पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार गंगवार के हरी सिंह ठाकुर विनय सिंह पीतांबर सिंह सर्वेश कुमार समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दो दिवसीय इंटर स्कूल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ हुआ



**बरेली/रिठौरा।** खंडेलवाल कालेज परिसर में दो दिवसीय वॉलीवाल प्रतियोगिता का शुक्रवार को शुभारंभ हो गया।बरेली जनपद से लगभग 18 स्कूल की टीम में इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह में कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.विनय खंडेलवाल महानिदेशक डॉ अमरेश कुमार प्राचार्य डॉ.आर.के सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारी आरके चतुर्वेदी सर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके मैच को शुरू किया। प्रतियोगिता का पहला मैच सी.जी.एल इंटरनेशनल स्कूल बनाम जी. के.सिटी के बीच हुआ जिसमें जी. के सिटी ने सी.जी.एल को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया दूसरा मैच सीक्रेट हार्ट टी.पी नगर और आर्मी पब्लिक के बीच हुआ। जिसमें सेक्रेड हार्ट टी.पी नगर ने आर्मी पब्लिक को हराकर अगले राउंड मे प्रवेश किया तीसरा मैच हमारा सीक्रेट हार्ट नैनीताल रोड वर्सेस जी.के सिटी के बीच हुआ। जिसमें सीक्रेट हार्ट ने इस मैच को जीत लिया चौथा मैच पुलिस मॉडर्न स्कूल नकटिया वर्सेस राधा माधव पब्लिक के बीच हुआ जिसमें नकटिया ने इस मैच को जीत लिया। पांचवां मैच स्काईलार्क वर्सेस विद्या वर्ल्ड के बीच हुआ जिसमें विद्या बढ़ाने इसका इलाज को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। इस प्रतियोगिता में के सेमी फाइनल और फाइनल मैच शनिवार को खेले जाएंगे और यह प्रतियोगिता अभिनव सिंह (क्रीड़ाधिकारी) की देखरेख में चल रही हैं।

# नीमगांव पुलिस के लिए 'सिरदर्द' बन रहे प्रेमी जोड़े

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नीमगांव खीरी** थाना क्षेत्र नीमगांव में आए दिन प्रेमी जोड़े के भागने का मामला सामने आ रहा है। पता लगाने और बरामदगी में अच्छा खासा वक्त लगने के.चलते हार्ड कोर क्राइम को वर्कआउट करने में कंस्ट्रेट नहीं कर पा रही पुलिस।

कई घटनाओं में सप्ताह बीता तो,किसी में बीत रहा पूरा माह,थाना क्षेत्र में हुए गोली कांड में भी खुलासा नहीं कर पाई नीमगांव थाना पुलिस।मिली जानकारी प्यार की सुनहरी दुनिया सजाने के लिए फुर्र हो रहे लव ब?र्ड्स नीमगांव थाना पुलिस के लिए टेंशन का सबब बन गए हैं।, आलम कुछ ऐसा हो गया है कि पुलिस एक मामले को सुलझाती है,तब तक दूसरा मामला उसके गले आकर पड़ जाता है।ऐसे में हो यह रहा है कि पुलिस, गोली कांड, कच्ची अवैध शराब, महिला संबंधित गंभीर अपराध, लूटपाट जैसी घटनाओं पर कंसंट्रेट करने की बजाए इन्हीं में फंस कर रह गई है,जिससे हो यह रहा है कि पुलिस की इस सिरदर्दी में कहीं न कहीं क्रिमिनल्स जरुर मजे कर रहे हैं।

लव बर्ड्स किस कदर पुलिस को परेशान कर रहे हैं इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अक्टूबर के अंतिम और नवम्बर माह के शुरुआती दौर में ही अब तक कई मामले आ चुके हैं।

**हर लड़की को दिखाया जाता है नाबालिग–** खास बात यह है कि जितने भी लड़कियों के भागने के मामले सामने आए हैं, उसमें परिजन लड़की को नाबालिग बताकर ही अपहरण की एफआईआर दर्ज करवाते हैं, इसके पीछे का कारण धाराओं में चेंज होता है, नाबालिग शब्द जुड़ते ही प्रेमी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होता है, ऐसे में पुलिस को भी सीरियस होकर इन केस को क्लोज करना पड़ता है। जबकि लड़कियों के बरामद होने के बाद ज्यादातर मामलों में यह बात सामने आती है कि वह नाबालिग नहीं होती है।

**पुलिस के लिए बड़ी टेंशन,लंबा वक्त–**

भले ही यह मामला ऐसे नार्मल लगते हो,लेकिन गंभीर धाराओं के बाद यह पुलिस के लिए सीरियस हो जाता है,दूसरी बात यह है कि परिजनों का इस तरह के मामलों पर पुलिस पर बेहद दबाव रहता है,जिस कारण से भी उसके लिए अच्छी खासी टेंशन हो जाती हैं,खास बात यह है कि एक प्रेमी जोड़े के भागने के मामले में पुलिस को करीब 15 दिन तक का वक्त लगता है,जो कि कहीं न कहीं उसकी दूसरी वर्किंग को डिस्टर्ब करता है।

कभी- कभी कम्यूनल प्रॉब्लम का भी रहता है डर।कई बार इन प्रेमी जोड़ों की वजह से कम्यूनल प्राब्लम भी खड़ी होती है,इसके पीछे की वजह लड़का-लड़की का एक जाति या धर्म का न होना होता हैं,दोनों के परिवार इसे सामाजिक प्रतिष्ठा पर ले लेते हैं, एक बार प्राब्लम खड़ी होती तो फिर पुलिस के साथ आम जनता को भी प्राब्लम होती है।थाना नीमगांव क्षेत्र में इस तरह के कई मामले पिछले दिनों हुए हैं।

एक मामले में 10 से 15 दिन का लग जाता है वक्त- ज्यादातर मामलों में नाबालिग और अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जाता है एफआईआर दर्ज होने के बाद मामले की जांच के लिए आईओ यानी इंवेस्टिगेटिव ऑफिसर लगाया जाता है। चूंकि मामला लड़की से जुड़ा होता है ऐसे में लेडी कांस्टेबल की भी डयूटी लगाई जाती है। ज्यादातर मामलों में प्रेमी जोड़े दूसरे शहरों में भागकर जाते हैं, ऐसे में टीम को वहां जाना पड़ता है। टीम के जाने का मतलब चार से पांच पुलिसकर्मियों को जाना पड़ता है।दूसरे शहरों में पकड़े जाने पर वहां की कोर्ट में भी पेश करना पड़ता है।उसके बाद में लड़की को मेडिकल जांच होती है, जिसमें कई दिन तक लग जाते हैं।उसके बाद लोकल कोर्ट में पेश किया जाता है। जहां पर बयान दर्ज होते है।उसके बाद कोर्ट का आदेश मिलने के बाद लड़की को परिजनों को सौंपा जाता है।

इस पूरी प्रक्रिया में कई बार 10 से 15 दिन या उससे भी ज्यादा का वक्त लगता है।एक पुलिस विभाग में कार्यरत व्यक्ति ने नाम का न खुलासा करने की शर्त पर बताया कि प्रेमी जोड़े पुलिस के लिए सिरदर्द तो नहीं हैं लेकिन कहीं न कहीं ये चुनौती जरूर बन रहे है,लड़कियों के अपहरण के केसेस में 80 परसेंट में लड़की की मर्जी होती है इसके पीछे के कई कारण हैं,दूसरी जाति या धर्म के होने के चलते कम्यूनल प्राब्लम भी खड़ी हो जाती है पुलिस अपना कार्य तो करती हैं पर...... अव्हेलना भी पुलिस ही को झेलनी पड़ती हैं।

## आसरा आवास पर अवैध कब्जा, जिम्मेदार बने मौन



**बरवर (खीरी)।** नगर में बने आसरा आवास अब अपने असली उद्देश्य से भटकते नजर आ रहे हैं। गरीबों के लिए बनाए गए ये आवास अब अवैध कब्जाधारियों के ठिकाने बन चुके हैं। कई मकानों में लोगों ने भूसा और कंडा भर रखा है, वहीं कुछ ने ताले लगाकर निजी उपयोग में ले लिया है।जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत से इन लोगों का कोई आवंटन नहीं हुआ, फिर भी वे कब्जा जमाए बैठे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बारे में कई बार नगर पंचायत अध्यक्ष को मौखिक और लिखित शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।इस संबंध में नगर के नागरिकों ने जिलाधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराने के लिए कहा स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि अवैध कब्जों को तत्काल हटाकर आवासों को उनके वास्तविक लाभार्थियों को दिया जाए।

# कस्ता में दो घरों में लगी आग सारा सामान जलकर राख

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मितौली खीरी** मितौली थाना क्षेत्र के कस्ता गांव में गुरुवार अचानक दोपहर आग लग गई आग लगने से घर में अफरा तफरी मच गई जिस घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया इस आग में वकील पुत्र यासीन का घर पूरी तरह जल कर राख हो गया साथ में घर में रखे पैसे भी जल कर राख हो गए वकील के घर में रखा सामान बेड बक्सा श्रृंगार दान और कपड़े साथ में नगद ?30000हजार जलकर भी रख हो गए वकील ने बताया कि उनकी पत्नी अफसाना की डिलीवरी होनी थी जिसके लिए उन्होंने इधर-उधर से पैसे इकट्ठे कर रखे थे और इस आज की चपेट में वकील के भाई शामिल का घर भी आकर चपेट में आ गया शामिल का परिवार हरियाणा में मजदूरी करते हैं शामिल का घर तिरपाल से बना जलकर राख हो गया आग लगने से घर में रखा एक छोटा सिलेंडर फट गया सिलेंडर फटने से 20 मीटर दूर खेत में जा गिरा ग्रामीणों की कड़ी



मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया आपकी सूचना की घटना मिलते ही कस्ता चौकी प्रभारी जयकृष्ण तिवारी दीवान रमाशंकर वर्मा लेखपाल मनोज कुमार पंचायत सचिव धीरेंद्र कुमार वर्मा और कसता प्रधान अजमेर अली मौके पर पहुंचे लेखपाल मनोज वर्मा ने पीड़ित परिवार के लिए खाने-पीने की व्यवस्था कराई इस घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा लेकिन तब तक गांव वालों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

# वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर (खीरी)** लखीमपुर खीरी, 07 नवंबर। राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास भवन के स्वामी विवेकानंद सभागार में गुरुवार को भव्य आयोजन हुआ। शासन के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश स्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण देखा गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक (सदर) योगेश वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे, पीडी एसएन चौरसिया और डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से किया। सभागार में जब 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन हुआ, तो वातावरण राष्ट्रप्रेम की भावना से सराबोर हो उठा।विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि वंदे मातरम् सिर्फ एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा और कर्तव्यों की अभिव्यक्ति है। आजादी के आंदोलन में इस गीत ने देश को एक सूत्र में पिरोने का काम किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि वंदे मातरम् हमारे दिलों में राष्ट्र प्रथम की भावना को जगाता है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस ऐतिहासिक अवसर को मनाना हर भारतीय के लिए गर्व की बात है।कार्यक्रम के आरंभ में पीडी एसएन चौरसिया ने बताया कि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा 1875 में रचित इस गीत ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को ऊर्जा दी। उन्होंने बताया कि वर्षभर जिले में इस अवसर पर विभिन्न देशभक्ति गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के लाइव उद्बोधन को सभी उपस्थितजनों ने एकाग्रता से सुना और तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रगीत गाने वाली स्कूली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।इस दौरान डीपीआरओ विशाल सिंह, सीवीओ डॉ दिनेश सचान, जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, डीपीओ भारत प्रसाद, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी पर्यटन सूचना अधिकारी संजय भंडारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद रहे।

**स्कूलों में बच्चों ने गाया वंदे मातरम–**

इधर, जिलेभर के माध्यमिक और परिषदीय विद्यालयों में भी एक साथ 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन हुआ। बच्चों की स्वर लहरियों से स्कूलों का वातावरण राष्ट्रभक्ति से भर उठा।

# शूपर्णखा के नाक-कान काटने और खर दूषण वध लीला का मंचन हुआ



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** कस्बे के ऐतिहासिक मेले में चल रही रामलीला में शूर्पणखा ने श्री राम और लक्ष्मण के प्रति अपने प्रेम का प्रस्ताव रखा, जिसे ठुकराने पर उसने सीता पर हमला करने की कोशिश की। लक्ष्मण ने उसके नाक और कान काट दिए। इस अवसर पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। दर्शकों की भीड़ मंचन देखने के लिए डटी रही। इस अवसर पर क्षेत्र के दर्शक भारी संख्या में मौजूद रहे।

पंचवटी में भगवान राम अपनी पत्नी सीता और लक्ष्मण के साथ कुटिया बनाकर रहते हैं।वहां पर सूर्पनखा नाम की राक्षसी आई और भगवान राम से विवाह करने के लिए कहने लगी तो भगवान राम ने कहा कि हमारा विवाह हो चुका है हमारे छोटे भाई लक्ष्मण का विवाह नहीं हुआ है उसके पास जाओ। लक्ष्मण के पास जाकर वह विवाह का कहती हैं लक्ष्मण विवाह करने से मना करते हैं तो सुपनखा भयंकर रूप ले लेती है तभी लक्ष्मण तलवार उठाकर सूर्पनखा की नाक काट देते हैं तब सुपनखा अपने भाई खर-दूषण के पास जाती है और सारी कहानी सुनाती तब खर दूषण भगवान राम से युद्ध करने के लिए जाते हैं और भगवान श्री राम दोनों का वध कर देते हैं।

## बरेली में ऑडिटोरियम के भुगतान को लेकर बखेड़ा, एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने नगर आयुक्त को घेरा

**बरेली।** शहर के स्मार्ट सिटी आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में भुगतान को लेकर उपजे विवाद ने बड़ा तूल ले लिया। गुरुवार को रानी अब्बका देवी के राज्यारोहण कार्यक्रम संपन्न होने बाद शुक्रवार को एबीवीपी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में नगर निगम पहुंच गए। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य से कार्यक्रम के दौरान भुगतान की रसीद नहीं मिलने की शिकायत करते हुए तत्काल रसीद देने की माँग की। इस दौरान नगर आयुक्त ने गुरुवार को अवकाश के चलते रसीद नहीं जारी हो पाने की बात कहते हुए तत्काल भुगतान रसीद जारी करने का आश्वासन दिया। इसी दौरान एबीवीपी के कुछ कार्यकर्ताओं ने नगर आयुक्त के विरुद्ध अपशब्द का प्रयोग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। इस पर नगर आयुक्त कार्यालय में निर्माण विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी आगे आ गए।एबीवीपी कार्यकर्ताओं को समझाने की कोशिश की। लेकिन कार्यकर्ताओं ने नगर आयुक्त के टेबल को पीटना शुरू कर दिया। मामला बढ़ता देख भारी पुलिस बल बुला लिया गया। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने नगर निगम गेट पर ही धरना दे दिया।

## निर्वाचक नामावली के विशेष पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत चल रहे सुपरवाइजर और बीएलओ के प्रशिक्षण का अवलोकन किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**टूण्डला–** टूण्डला के एल एस रिसोर्ट में निर्वाचक नामावली के विशेष पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत चल रहे सुपरवाइजर और बीएलओ के प्रशिक्षण का अवलोकन करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ पहुंचे और उन्होंने वहां उपस्थित बीएलओ और सुपरवाइजरो से एस आई आर प्रक्रिया के संबंध में प्रश्न कर उनकी जानकारी को परखा, जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि सभी बीएलओ घर-घर जाकर सर्वे का कार्य पूरी तल्लीनता और ईमानदारी के साथ करें, जिससे इस प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि न हो, जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी ने इस दौरान 22 ऐसे बीएलओ जिनका बीएलओ मैपिंग जीरो प्रतिशत है, उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए, इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी ने बीएलओ नेहा संखवार, मनोज कुमार, पुष्पेंद्र पाल, पूजा, रानी शर्मा, नवनीत बघेल और सौभाग्य जैन से जिलाधिकारी ने एस आई आर की प्रक्रिया के संबंध में प्रश्न किया, परंतु कोई भी बीएलओ संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया, जिस पर जिलाधिकारी ने अत्यंत नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रक्रिया को आप सब भली-भांति समझ लें, अन्यथा इसके संबंध में की गई गलती क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा पात्र व्यक्ति छूटने न पाए, इस बात का सभी बीएलओ ध्यान रखें डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय अनुराधा सिंह, और प्रवक्ता एमडीएम इंटर कॉलेज सिरसागंज अश्वनी जैन द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, मोहनलाल गुप्ता, उप जिलाधिकारी टूण्डला आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिना अनुमति के गायब शिक्षक का वेतन रोकने का निर्देश, बीएसए ने स्पष्टीकरण मांगा

**सिद्धार्थनगर।** बिना अनुमति के गायब रहने वाले शिक्षक राघवेंद्र कुमार तिवारी पर बड़ी कार्रवाई करते हैं बीएसए शैलेश कुमार ने नवंबर माह का वेतन रोकने का आदेश दिया है। बीएसए शैलेश कुमार ने बताया कि इस आशय की जानकारी खण्ड शिक्षा अधिकारी उसका बाजार को उपलब्ध करा दी गई है और संबंधित शिक्षक को विद्यालय से गायब होने पर नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा गया। ज्ञातव्य हो कि स्कूल से अध्यापक के अनुपस्थित रहने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वह जिले के उसका बाजार ब्लाक क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय बकैनिहा में कार्यरत शिक्षक राघवेंद्र कुमार तिवारी बिना सूचना के उपस्थिति रजिस्टर में अनुपस्थित रहने का एक वीडियो बताया जा रहा था। वायरल वीडियो में शिक्षक के 28 अक्टूबर से 6 नवंबर गुरुवार तक उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर नही है। इस संबध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि शिक्षक राघवेंद्र कुमार तिवारी का बिना सूचना अनुपस्थित रहने का जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है वह संज्ञान में उपस्थित रजिस्टर की जांच कराई गई।

# राजश्री कालेज में स्पोर्ट्स एरीना- 2025 का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरेली/रिठौरा।** राजश्री इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग में नोवा क्लब के अंतर्गत ई- स्पोर्ट्स एरीना- 2025 का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत फ्री फायर एवं काउंटर स्ट्राइक जैसे ई- खेलों में अपने प्रतिद्वन्द्वियों को कड़ी प्रतिस्पर्धा देते हुए बी0 टेक0 कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के अनुभव एवं वंशज तथा एम0 टेक0 के मोहित वर्मा के शानदार प्रदर्शन से बाबा भूत को प्रथम एवं हास्टल रैपर्स को द्वितीय स्थान मिला।

उद्घाटन सत्र के अवसर पर संस्थान के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि टीम वर्क के अंतर्गत कार्य करते हुए क्रीडा कौशल को निखारने के लिए छात्राओं का प्रदर्शन एवं प्रतिभा बेहद सराहनीय रहा। इस प्रकार के आयोजन छात्रों में सॉफ्ट स्किल्स को बढ़ाने का एक बेहतर माध्यम है। प्रतिस्पर्धा में काउंटर स्ट्राइक के अंतिम चरण में डिकोड गेम्स को प्रथम व चौंपियन ऑफ बरेली को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतिस्पर्धा में मार्गदर्शक के रूप में संस्थान के निदेशक डॉ0 पंकज शर्मा, डॉ0 अनिल कुमार, डीन डॉ0 साकेत अग्रवाल, रजिस्ट्रार दुष्यंत माहेश्वरी विभागाध्यक्ष डॉ0 रूचिन जैन, समन्वयक आकांक्षा गुप्ता, हर्षित का विशेष सहयोग रहा।

## बाइक विद्युत पोल से टकराई एक की मौत, दो घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** जिले डुमरियागंज थाना क्षेत्र के डमरियागंज मंदिर चौराहे पर गुरुवार की रात एक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौके पर मौत हो गई। तेज रफ्तार बुलेट अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी एक बाइक और बिजली के खंभे से टकरा गई। मृतक की पहचान आजादनगर वार्ड निवासी 25 वर्षीय विष्णु सोनी पुत्र रामनिवास सोनी के रूप में हुई है। वह अपने दो भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटा था। विष्णु अपने साथियों के साथ भारत भारी मेला देखकर लौट रहा था। उसने एक साथी को बैदौला स्थित उसके घर पर छोड़ा और फिर अभय के साथ डुमरियागंज खीरा मंडी स्थित अपने घर की ओर जा रहा था।

मंदिर चौराहे पर पहुंचने पर तेज रफ्तार बुलेट का संतुलन बिगड़ गया। बुलेट पहले मंदिर के बगल में खड़ी राज सोनी की पल्सर बाइक से टकराई, जो अपने भाई के साथ लखनऊ से लौट रहे पिता का इंतजार कर रहे थे। इसके बाद बुलेट बिजली के खंभे से जा टकराई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि विष्णु का सिर सीधे खंभे से टकराया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बुलेट पर पीछे बैठे अभय और बगल में खड़े राज को भी चोटें आई हैं।

हादसे की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और विष्णु को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबध में प्रभारी निरीक्षक श्री प्रकाश यादव ने बताया कि परिजन पोटमार्टम के लिए तैयार नहीं थे इसलिए पंचनामा भराकर शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया।

## कंटेनर ने बस को मारी टक्कर, छह यात्री हुए घायल




**इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के शास्त्री चौराहा के पास यात्रियों से भरी एक रोडवेज बस में तेज रफ्तार कंटेनर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। हादसे में बस में सवार आधा दर्जन यात्री घायल हो गए।

**बस में कंटेनर ने पीछे से टक्कर मारी**

जिनमें से चार को जिला अस्पताल और एक गंभीर रूप से घायल यात्री को आयुर्विज्ञान विश्वविधालय सैफई रेफर किया गया है। टक्कर के बाद कंटेनर चालक वाहन भगाने की कोशिश में करीब पांच सौ मीटर आगे जाकर एक मकान और दुकान से जा टकराया, जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो गया और दुकान की टीन भी टूट गई। हादसे के बाद कंटेनर चालक फरार हो गया।

# मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

**● दहेज, बाल विवाह व महिला सुरक्षा पर दी गई जानकारी- हेल्पलाइन नंबरों और सरकारी योजनाओं की भी दी गई विस्तृत जानकारी**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत थाना महराजगंज तराई जनपद बलरामपुर की एंटी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गुरु लॉरेल्स एकेडमी परसपुर एवं ग्राम पंचायत साहिब नगर में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का नेतृत्व थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने किया। अभियान की निगरानी पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, एवं क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में की गई। इस अवसर पर उप निरीक्षक आकांक्षा तिवारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए दहेज प्रथा, बाल विवाह, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, एवं आत्मनिर्भरता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत दहेज लेना या देना दंडनीय है।

टीम ने छात्राओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी ताकि वे इनका लाभ प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस 108, गर्भवती महिलाओं के लिए 102, साइबर हेल्पलाइन 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के उपयोग की जानकारी दी गई।

टीम ने छात्राओं को मिशन शक्ति केंद्र व महिला साइबर सेल के कार्यों से भी अवगत कराया। उपस्थित छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी गई – हालांकि किसी ने कोई समस्या नहीं बताई। इस कार्यक्रम में हेड कांस्टेबल तेरस राम यादव कॉन्स्टेबल सपना राज, कॉन्स्टेबल प्रमोद कुमार, कॉन्स्टेबल श्वेता मद्धेशिया, कॉन्स्टेबल पवनेश कुमार, एवं हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। छात्राओं में कार्यक्रम के प्रति विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के अंत में सभी को कानून का पालन करने और समाज में महिला सुरक्षा व सम्मान की भावना को सशक्त करने का संदेश दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### जिलाधिकारी ने विक्रय विलेख का स्टांप देयता की दृष्टि से किया स्थलीय निरीक्षण



**भदोही :-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार द्वारा जनपद में पंजीकृत बड़े विलेखों में से 3 विक्रय विलेख का स्टांप देयता की दृष्टि से स्थलीय निरीक्षण किया गया। पहला मौजा खरगापुर और दूसरा मौजा गोपीगंज टाउन बाहर और तीसरा औराई। तीनों ही विलेखों का मूल्यांकन प्रलेखनुसार सही पाया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शासन के नियमानुसार विक्रय विलेख का स्टाम्प शूल्क लेना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि स्टाम्प, न्यायालय शुल्क और पंजीकरण के कार्यो को शासन के मंशानुरूप सम्पादित किया जाय। स्थलीय निरीक्षण के दौरान सहायक महानिदेशक निबंधन भदोही पंकज सिंह, तहसीलदार ज्ञानपुर अजय सिंह, जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार और क्षेत्रीय लेखपाल उपस्थित रहे।

### पेड़ काटने से मना करने पर मारपीट



**ललितपुर।** समीपवर्ती ग्राम कल्यानपुरा के मजरा ढंगा निवासी दीपक पुत्र देशराज राजपूत ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि गुरूवार को सुबह करीब 10.30 बजे उसके मकान के पीछे बैरी का पेड कल्यान पुत्र भगवत, संतोषरानी पत्नी भगवत, विमलेश पत्नी कल्यान काट रहे थे। उन्होंने बेरी का पेड़ काटने से मना किया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी। बचाव करने आयी उसकी मांग विमला देवी के सिर में लाठी व कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया, जिससे विमला का सिर फट गया। वहीं शोरगुल होने पर वह, भागसिंह पुत्र पूरन सिंह, रावरानी आदि आ गये और उक्त हमलावरों को ललकारा तो वह लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

### रामलीला : सीता की खोज व लंका दहन का हुआ मंचन

**मुख्य अतिथि के रूप पहुंचे सदर विधायक**

**बार/ललितपुर।** ब्लॉक बार के ग्राम बस्तगुंवा में आयोजित रामलीला में मां सीता की खोज और लंका दहन की लीला का मंचन किया गया। इस दौरान भगवान राम, लक्ष्मण, हनुमान जी और वानर सेना ने सीता की तलाश की। अंततः हनुमान जी ने अशोक वाटिका में सीता को खोज निकाला। सीता से भेंट के बाद राक्षसों ने हनुमान जी को बंदी बना लिया और उन्हें रावण के समक्ष प्रस्तुत किया। रावण के आदेश पर हनुमान जी की पूंछ में आग लगा दी गई। इसके प्रतिशोध में हनुमान जी ने पूरी सोने की लंका को जलाकर राख कर दिया। इससे पूर्व, बालि के वध के बाद सुग्रीव किष्किंधा के राजा बने और अंगद को युवराज पद दिया गया। इसके उपरांत सुग्रीव ने असंख्य वानरों के साथ भगवान राम की सीता खोज में सहायता की। हनुमान जी से मिलने पर सीता जी ने प्रारंभ में उन्हें राक्षस समझकर भय व्यक्त किया था। हालांकि, जब हनुमान जी ने प्रभु राम की अंगूठी प्रस्तुत की, तो सीता जी को विश्वास हुआ कि वह भगवान के दूत हैं। सीता जी ने हनुमान को अपनी आपबीती सुनाई और भगवान राम से शीघ्र उन्हें ले जाने का संदेश दिया। लंका दहन की लीला देखकर दर्शकों ने 'जय श्रीराम' के जयकारे लगाए। इस अवसर पर ललितपुर सदर विधायक राम रतन कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने भगवान श्रीराम से त्याग की भावना सीखने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में भूपेंद्र सिंह बुंदेला (भैलोनी सूवा), ग्राम प्रधान बासी हरिकिशन झा, डॉ. जितेंद्र जैन बांसी, भैया लाल पुलैया, शैलेंद्र चौबे, रामलीला समिति के अध्यक्ष पंडित राम किशोर बबेले 'अकेला महाराज' सहित देवनारायण दुबे, महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला, राजेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला, सोन सिंह यादव, जयसिंह राजा बुंदेला, ध्रुव राजा बुंदेला, आदर्श राजा बुंदेला, रोहित यादव, प्रधान प्रतिनिधि व्यास जी रामेश्वर प्रसाद पटेरिया और रामलीला मंडल के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पर औराई सीएचसी में हुआ जन जागरूकता कार्यक्रम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औराई में 7 नवम्बर 2025 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के एनपी-एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिलाधिकारी श्री शैलेश कुमार के निर्देशानुसार आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही डॉ. संतोष कुमार चक, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कृष्ण चंद्र दुबे तथा डॉ. रतीश पाठक की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के कैंसर, उनके लक्षण, बचाव एवं उपचार पर विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ. कृष्ण चंद्र दुबे ने ओरल (मुख) कैंसर एवं ब्रेस्ट कैंसर पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि तम्बाकू सेवन से मुख कैंसर का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रेस्ट कैंसर यदि प्रारंभिक अवस्था में पहचान लिया जाए तो उसका उपचार पूर्णतः संभव है। डॉ. रतीश पाठक ने सर्वाइकल कैंसर पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इसके बचाव हेतु सरकार शीघ्र ही टीकाकरण प्रारंभ करने जा रही है जिससे इस बीमारी की रोकथाम में मदद मिलेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक ने सभी फील्ड एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि वे समुदाय में तम्बाकू सेवन करने वाले व्यक्तियों को इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराएं और महिलाओं को स्तन या गर्भाशय संबंधित किसी भी लक्षण पर तत्काल जांच एवं उपचार हेतु प्रेरित करें। इस अवसर पर डॉ. राहुल दुबे, डॉ. अंबरीश सिंह, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. अंजनी गौरव, डॉ. राजीव पांडे, डॉ. विनोद सिंह सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी ने कैंसर के विरुद्ध जनजागरूकता बढ़ाने के संकल्प को दोहराया।

# सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शासन द्वारा 'यातायात माह' के अन्तर्गत शुरू किया जन-जागरुकता अभियान

**●जनपदीय पुलिस व यातायात पुलिस की संयुक्त अभियान के क्रम में जन-जागरुकता के साथ नियमों का उलंघन करने वालों के विरुद्ध की जा रही नियमानुसार कार्यवाही**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



यातायात माह, जिसे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के रूप में भी जाना जाता है, भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष नवम्बर माह में आयोजित किया जाता है। यह अभियान सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने, दुर्घटनाओं को कम करने और जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। नवम्बर 2025 में यह माह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या विश्व में सबसे अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (W H O) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रतिवर्ष लगभग 1.5 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाते हैं।

इस समस्या से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जन-जागरुकता एवं सड़क सुरक्षा 'यातायात माह' अभियान का शुभारंभ दिनांक 01.11.2025 से 30.11.2025 तक किया गया है जिसके तहत स्कूलों, कॉलेजों और कार्यालयों में सेमिनार, वर्कशॉप और रैली आयोजित कर, सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जागरुकता के साथ नियमों का उलंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में राजीव सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात जनपद भदोही मय यातायात पुलिस टीम द्वारा थाना गोपीगंज क्षेत्र अन्तर्गत झिरिया कट पेट्रोल पम्प के पास हाईवे के किनारे वाहन चालकों, राहगीरों एवं स्थानीय लोगों को सम्बोधित कर यातायात नियमों के पालन करने व जन-जागरुकता करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यवाही के क्रम में यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए 670 दो पहिया व 41 चार पहिया वाहनों समेत 711 वाहनों का चालान किया गया।

# महिलाओं एवं बलिकाओं को वितरित किये गये पम्पलेट व महिला सशक्तिकरण के संबंध में जागरूक किया गया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



पुलिस अधीक्षक ' अभिमन्यु मांगलिक' जनपद भदोही के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ' शुभम अग्रवाल' जनपद भदोही के पर्यवेक्षण में समस्त थानों की मिशन शक्ति/एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति फेज-5.0' एवं 'शक्ति दीदी' अभियान । उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में आज दिनांक 07.11.2025 को थानों की एंटी रोमियो टीम द्वारा व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में गठित मिशन शक्ति टीमों व एंटी रोमियो स्क्वॉड द्वारा बाजारों, शिक्षण संस्थानों, चौराहों, धार्मिक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिला अधिकारों, सुरक्षा संसाधनों व कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों/कस्बों/स्कूलों/कॉलेजों/मंदिरों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

# न्याय पंचायत मऊ में बीडीओ वर्षा सिंह की अध्यक्षता में खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**महराजगंज/रायबरेली-** विकासखंड क्षेत्र की न्याय पंचायत मऊ के पूरे अहलादी स्थित खेल मैदान में आज शुक्रवार को सांसद खेल महोत्सव 'फिट युवा फॉर विकसित भारत 2025 के अंतर्गत बीडीओ वर्षा सिंह की अध्यक्षता में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मऊ गर्वी और कोटवा मोहम्मदाबाद न्याय पंचायतों के बच्चों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख (मऊ प्रधान प्रतिनिधि) सत्येंद्र प्रताप सिंह एवं बीडीओ वर्षा सिंह के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर धूप दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के पश्चात राष्ट्रगान से शुरू हुआ। आपको बता दें कि, फिट युवा फॉर विकसित भारत के तहत आयोजित खेल महोत्सव में कबड्डी, खो-खो, 100 मीटर 200 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, पचास मीटर बालिका दौड़ आदि खेल कराए गए। विकास खंड अधिकारी वर्षा सिंह ने बताया कि, यह उत्सव जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का अवसर देगा। खेल महोत्सव में कबड्डी, खो-खो, 100 मीटर 200 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, पचास मीटर बालिका दौड़ आदि कई प्रतियोगिताएं न्यायपंचायत, विकास खण्ड, विधानसभा फिर लोकसभा स्तर पर कराई जाएंगी। यहां विजेता प्रतिभागियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलेगा।

मऊ खेल मैदान में आज दो पंचायतों कोटवा मोहम्मदाबाद और मऊ के विद्यालयों के विजेता प्रतिभागियों को पूर्व ब्लाक प्रमुख व मऊ प्रधान प्रतिनिधि सत्येंद्र प्रताप सिंह के द्वारा पुरस्कृत किया गया। न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता में सीनियर बालक वर्ग की 100 मी. दौड़ और 200 मीटर की दौड़ में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया और कहा कि, ग्राम पंचायत स्तर पर ऐसे आयोजन होने से छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना और शारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रोत्साहित करना है। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न खेल लंबी कूद, ऊंची कूद, कबड्डी, खो-खो, गोला फेंक आदि शामिल होते हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देना, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना तथा आत्मविश्वास को बढ़ाना है।

श्री सिंह ने कहा कि, न्याय पंचायत स्तर पर सफल होने वाले विजेताओं को आगे ब्लॉक और जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का मौका मिलेगा। यही बच्चे आगे चलकर राष्ट्रीय लेवल के खेलों में भी अपने हुनर की बदौलत प्रतिभाग कर सकेंगे। न्याय पंचायत स्तर पर ऐसे आयोजन निश्चित तौर पर सराहनीय हैं। उन्होंने मऊ खेल मैदान में सांसद खेल महोत्सव 'फिट युवा फार विकसित भारत के तहत प्रतियोगिता का आयोजन के लिए बीडीओ वर्षा सिंह, और सभी विद्यालयों के शिक्षकों की भूरि-भूरि सराहना करी। इस मौके पर बीओपीआरडी कुलदीप सिंह, सचिव नितिन, दयाशंकर स्वास्थ्य प्रधानाध्यापक नोडल संकुल, रमेश सिंह, अवनीत, राघवेंद्रप्रताप सिंह, शिवचंद आर्य, राम-लखन, मोहित कुमार, दिलीप कुमार, शिवप्रताप सिंह प्रधानाध्यापक, प्रशान्त वर्मा, दुर्गेश यादव समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# खेत बोने पहुंचे किसान पर हमला

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम विजयपुरा निवासी शंकर चौबे पुत्र केशवदास ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 6 नवम्बर की सुबह 11 बजे वह अपने खेत में बोने गया हुआ था। कुछ समय पश्चात गांव के बबलू व कल्यान पुत्रगण दयाराम, सुजान पुत्र शोभाराम और सूरज पुत्र रामा यादव एकराय होकर आये और गालियां देते हुये खेत जोतने से मना करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

# पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय व क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन द्वारा पुलिस लाइन में किया गया सामूहिक गायन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**






राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'वंदे मातरम्' के सामूहिक वाचन एवं स्वदेशी का संकल्प कार्यक्रम विषयक मा0प्रधानमंत्री जी एवं मा0मुख्यमंत्री जी के संबोधन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण का पुलिस लाइन व विभिन्न थानों पर पुलिस कर्मियों द्वारा सुना गया। राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय जी द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर आज दिनांक 07.11.2025 को भदोही जिले में पुलिस विभाग ने राष्ट्रभक्ति की अनुपम अभिव्यक्ति का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक,भदोही के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय व राजीव कुमार सिंहक्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन द्वारा पुलिस लाइन ज्ञानपुर में 'वंदे मातरम्' के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में सभी पुलिस कर्मियों ने एक स्वर में राष्ट्रगीत का गायन किया गया। जो स्वतंत्रता संग्राम की स्मृति को जीवंत करने के साथ-साथ स्वदेशी का संकल्प लेने का माध्यम बना।

इसी क्रम में पुलिस लाइन सभागार एवं जनपद के विभिन्न थानों पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के संबोधन का सजीव प्रसारण सुना गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों ने 'वंदे मातरम्' के सामूहिक वाचन के माध्यम से माँ भारती के प्रति अपनी अटूट निष्ठा का प्रदर्शन किया। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह राष्ट्रगीत न केवल 'आनंदमठ' उपन्यास का अभिन्न अंग है, बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन का प्रतीक भी रहा है। आज के इस आयोजन ने नई पीढ़ी को राष्ट्रसेवा एवं स्वदेशी अपनाने की प्रेरणा प्रदान की। आह्वानः भदोही पुलिस विभाग सभी नागरिकों से अपील करता है कि वे इस पवित्र अवसर पर 'वंदे मातरम्' को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग से राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। वंदे मातरम्! जय हिंद! जय भारत!

# रोड कटिंग एवं उसकी उपयोगिता से सम्बन्धित विभागों, कार्यदायी संस्थाओं के साथ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई समन्वय बैठक

**●समन्वय बैठक में सड़क निर्माण व चौड़ीकरण, हर घर जल की उपलब्धता, आयूष चिकित्सालय आदि बिन्दुओं पर दिया गया बल**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोहीः-** रोड कटिंग एवं उसकी उपयोगिता से सम्बन्धित विभागों, कार्यदायी संस्थाओं के साथ जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में समन्वय बैठक कलेक्टेऊट सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जिला पंचायत द्वारा कुल 68 सड़कों के सापेक्ष क्षतिग्रस्त एवं मरम्मत करायी गयी। सड़क की कुल लम्बाई सहित मरम्मत हेतु अवशेष सड़को के क्रियान्वयन पर जिलाधिकारी ने बल देते हुए तीनों विभागों व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जनहित में सभी निर्माणाधीन कार्यो को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक में ज्ञानपुर से नथईपुर मार्ग में विद्युत प्रकरणों को 15 दिनों में निस्तारण करने हेतु अधिशासी अभियंता विद्युत को डीएम ने निर्देशित किया। ज्ञानपुर से भदोही तक निर्माणाधीन सड़क चौड़ीकरण हेतु वृक्षों के कटान हेतु प्रभागीय वनाधिकारी व अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी विभागीय औपचारिकताओं को पूर्ण कर जनहित में मार्च तक सड़क निर्माण को पूर्ण करने पर बल दिया गया।

बलीपुर से सागररायपुर तक पूर्ण रूप से सड़क निर्माण हेतु अवशेष अवरोधों को निष्पादित कर पूर्णता पर बल दिया गया। सड़क चौड़ीकरण में जलनिगम विभाग की जलजीवन मिशन योजना के अन्तर्गत बिछाई गई पाईपों की गहराई व क्षतिग्रस्त हुए पाईपों के समग्र मूल्यांकन हेतु डीएम ने सीडीओ व एक्सईएएन पीडब्लूडी को नामित कर टीम गठित किया जो स्थलीय भौतिक सत्यापन कर अविलम्ब रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। बैठक में आयूष चिकित्सालय बंदन कार्यक्रम पर भी बल दिया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन गॉवों व क्षेत्रों में जल जीवन मिशन पेयजल योजना के अन्तर्गत सुचारू रूप से पानी आ रहा है, वहॉ पर अब रिबोर का कार्य नही कराया जायेगा। यदि कराया जाता है तो यह माना जायेगा कि शासकीय धन का दुरूप्रयोग किया गया है, जिसकी वसूली की जायेगी। बैठक में एक्सईएएन-पीडब्ल्यूडी ए0के0पाण्डेय, जल निगम मुजीब अहमद, आरएडी प्रज्ञा पारमिता, डीएसटीओ शशिकान्त, डीएफओ विवेक यादव व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर महावीर स्टडी इस्टेट स्कूल में बच्चों ने गया देशभक्ति गीत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**महराजगंज रायबरेली।** जिले के महराजगंज कस्बे के हैदरगढ़ रोड पर स्थित महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में, वन्दे मातरम् की 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में शुक्रवार को सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक, वन्दे मातरम् गीत का गायन किया। आपको बता दे कि, यह कार्यक्रम विद्यालय के प्रबंधक अवधेश बहादुर सिंह एवं प्रधानाचार्य कमल वाजपेई की मौजूदगी में सुबह के समय आयोजित हुआ। स्कूल प्रांगण में छात्र-छात्राओं ने वन्दे मातरम् की धुन पर गीत गाए और विभिन्न संबंधित गतिविधियों में भाग लिया। यह आयोजन देश भक्ति की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य किया गया था। विद्यालय के प्रबंधक अवधेश बहादुर सिंह ने बताया कि उनके विद्यालय महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में वन्दे मातरम् गायन कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। उन्होंने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कमल वाजपेई ने कहा कि छात्रों ने इस कार्यक्रम में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में संस्कृत निदेशालय ने सभी सरकारी विभागों, में बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग, संस्कृत गृह व सूचना विभाग सहित सभी जिला अधिकारियों को समारोहों के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी है। श्री वाजपेई ने बताया कि, स्मरणोत्सव का पहला चरण सात से 14 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। दूसरा चरण अगले वर्ष 19 से 26 जनवरी, तीसरा चरण सात से 15 अगस्त और चौथा चरण पहली से सात नवंबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा। बंकिम चंद्र चटर्जी ने अक्षय नवमी के अवसर पर सात नवंबर 1875 को वंदे मातरम् गीत लिखा था। पहली बार यह गीत साहित्यिक पत्रिका बंग दर्शन में उनके उपन्यास आनंदमठ के धारावाहिक प्रकाशन के एक भाग के रूप प्रकाशित किया गया था। इस गीत ने उस समय देश भर में चल रहे स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी थी। इस गीत ने देशवासियों के अंदर स्वतंत्रता की अलख जलाई थी। नतीजतन 24 जनवरी 1950 में भारतीय संविधान सभा ने इस गीत को राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया।

संस्कृति मंत्रालय ने राष्ट्रीय गीत के स्मरण में पूरे वर्ष समारोहों के आयोजन के लिए राज्य सरकार को 24 अक्टूबर को पत्र भेजा था। इसके बाद संस्कृत विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने समारोहों के आयोजन की कार्ययोजना तैयार कर मंडलायुक्तों, जिला अधिकारियों व संबंधित विभागों को भेजी है। आपको यह भी बता दें कि, राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी विद्यालयों में वर्ष भर विशेष कार्यक्रम होंगे। इस संबंध में शिक्षा निदेशक ( बेसिक) ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। यह कार्यक्रम आज सात नवंबर 2025 से अगले वर्ष सात नवंबर 2026 तक आयोजित किए जाएंगे। इसकी शुरुआत आज शुक्रवार को यह महाराजगंज क्षेत्र के महावीर स्टडी इस्टेट स्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में प्रार्थना सभा के दौरान छात्र-छात्राओं और शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम् के गायन से किया गया। इसके साथ ही वंदे मातरम् का कान्सर्ट का भी आयोजन किया गया।

# ललितपुर ऑर्थोपेडिक क्लब की जिला स्तरीय बैठक आज

**●कल आयोजित होगा निशुल्क जोड़ प्रत्यारोपण एवं हड्डी रोग परामर्श शिविर**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ललितपुर।** जिला ऑर्थोपेडिक क्लब ललितपुर की आवश्यक बैठक आज आयोजित होगी और इसी क्रम में मरीजों की सेवा हेतु एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 9 नवंबर को किया जायेगा जिसमें हडडी के मरीजों को मुफ्त परामर्श दिया जायेगा। ललितपुर जिला ऑर्थोपेडिक क्लब की आवश्यक बैठक 8 नवम्बर को स्थानीय होटल में शाम 7 बजे से आयोजित की गयी है। यह जानकारी देते हुये ऐसोसिएशन सचिव डा.आकाश खैरा ने बताया कि इस बैठक में संगठन के विस्तार और मजबूती को लेकर कई निर्णय लिये जायेंगे। वे इस दौरान कैपलान इंजरी के बारे में नयी खोजों और बीमारी ठीक करने के तरीके की जानकारी देंगे। इस बीमारी में हडडी टूटने के साथ संधि का विस्थापन हो जाता है। जिसके इलाज में हड्डी बैठाने के साथ हडडी को सही तरीके से जोड़ा जाता है। इसका सरल और सटीम तरीका समझाया जायेगा। इसके अलावा मेदान्ता अस्पताल इन्दौर के अस्थि रोग विशेषज्ञ डा.अनीश गर्ग भी शामिल होंगे, जो रीसेन्ट एडवान्स इन ऑर्थोप्लास्टी पर अपना सारगर्भित लैक्चर देंगे। जिसमें हडडी एवं जोड़ प्रत्यारोपण की नवीनतम तकनीकि के बारे में बताया जायेगा। बैठक में क्लब के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। मुख्य अतिथि राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय डीन और प्रिंसिपल डा.मयंक कुमार शुक्ला रहेंगे। बैठक के बाद अगले दिन एक निशुल्क जोड़ प्रत्यारोपण एवं हडडी रोग परामर्श शिविर लगाया जायेगा। नवजीवन क्लीनिक गिरजाघर के पीछे सिविल लाइन ललितपुर पर आयोजित इस शिविर में हडडी के सभी प्रकार के मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया जायेगा। शिविर में डा.अनीश गर्ग, डा.आकाश खैरा, डा.ए.के. दिवाकर आदि को सेवा हेतु आमंत्रित किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### समाज की सेवा के लिए साईकिल दिया गया सम्मानित किए गए संजय श्रीवास्तव



**नैनी, प्रयागराज।** समाज में जन जागरण अभियान को प्रचार प्रसार करने के लिए बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता समाज सेवक पूरा फ़तेह मोहम्मद नैनी निवासी शाहनवाज खान के द्वारा समाज सेवक पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव को सम्मानित करते हुए शाहनवाज खान ने साइकिल प्रदान किया। शाहनवाज खान ने कहा कि संजय श्रीवास्तव की प्रत्येक दिन स्वच्छता अभियान गंगा जी की साफ सफाई वृक्षारोपण कार्य समाज में गरीबों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने वाले संजय श्रीवास्तव का मैं आज सम्मान कर रहा हूं मुझे गर्व महसूस हो रहा है। इस अवसर पर पार्षद मयंक यादव, आनंद जायसवाल, धीरेंद्र यादव उर्फ धीरू मानस रामलीला समिति अध्यक्ष, अनूप सरकार, नीरज शर्मा, उमेश सेन, बाबूजी यादव, दिलीप कुमार मिश्रा, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बिना अनुमति के गायब शिक्षक का वेतन रोकने का निर्देश, बीएसए ने स्पष्टीकरण मांगा

**सिद्धार्थनगर।** बिना अनुमति के गायब रहने वाले शिक्षक राघवेंद्र कुमार तिवारी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बीएसए शैलेश कुमार ने नवंबर माह का वेतन रोकने का आदेश दिया है। बीएसए शैलेश कुमार ने बताया कि इस आशय की जानकारी खण्ड शिक्षा अधिकारी उसका बाजार को उपलब्ध करा दी गई है और संबंधित शिक्षक को विद्यालय से गायब होने पर नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा गया। ज्ञातव्य हो कि स्कूल से अध्यापक के अनुपस्थित रहने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वह जिले के उसका बाजार ब्लाक क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय बकैनिहा में कार्यरत शिक्षक राघवेंद्र कुमार तिवारी बिना सूचना के स्कूल से गायब और उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर न रहने का एक वीडियो बताया जा रहा था। वायरल वीडियो में शिक्षक के 28 अक्टूबर से 6 नवंबर गुरुवार तक गायब और उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर नही है। इस संबध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि शिक्षक राघवेंद्र कुमार तिवारी का बिना सूचना अनुपस्थित रहने का जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उसे संज्ञान में लेते हुए उपस्थित रजिस्टर की जांच कराई गई।

### उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में वंदे मातरम् राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष का स्मरणोत्सव कार्यक्रम आयोजित



**ब्यूरो प्रयागराज।** आज दिनांक 07.11.2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के वर्ष भर चलने वाले स्मरणोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया गया। इस कार्यक्रम के साथ 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम रचित किए जाने के वर्ष भर चलने वाले राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव का औपचारिक शुभारंभ हुआ है। इसी क्रम में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, प्रयागराज में भी महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह की अध्यक्षता में वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के 150वें वर्ष का स्मरणोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गय। इस अवसर पर महाप्रबंधक के नेतृत्व में मुख्यालय की सांस्कृतिक टीम के साथ उपस्थित रेलवे सुरक्षा बल कर्मियों सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने वंदे मातरम् राष्ट्रीय गीत को एक साथ गाया। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्यालय, तीनों मंडल, कारखाने और अन्य कार्यालय इस कार्यक्रम से जुड़े और राष्ट्रीय गीत का गायन हुआ। ज्ञात हो कि, यह गीत माँ भारती को समर्पित देशभक्ति और आध्यामिकता के भाव से भरा गीत है। इस गीत को श्री बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा अक्षय नवमी के पावन अवसर पर, 7 नवंबर 1875 को लिखा गया था। वंदे मातरम पहली बार साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में उनके उपन्यास आनंदमठ के एक अंश के रूप में प्रकाशित हुआ था। इस गीत ने मातृभूमि को शक्ति, समृद्धि और दिव्यता का प्रतीक बताते हुए भारत की एकता और आत्ममगौरव की जागृत भावना को काव्यात्मक अभिव्यक्ति दी। यह गीत जल्द ही राष्ट्र के प्रति समर्पण का एक चिरस्थायी प्रतीक बन गया। इस कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक जोगिंदर सिंह लाकरा एवं प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, मुदित चंद्रा सहित प्रधान विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारीगण एवं मुख्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कीचड़ भरे रास्तों पर चलने को मजबूर, उठ रही रही भीषड़ दुर्गंध

● अधिकारियों के कान में जूं नहीं रेंग रही।



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**फूलपुर प्रयागराज।** नगर पंचायत फूलपुर के शेखपुर पश्चिम पटरी पर बने नाले पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाने के चलते घरों का गन्दा पानी बाबूपुर गांव कि तरफ बने सड़क पर विगत कई वर्षो से बह रहा है । जिसके चलते आम नागरिकों को जहां परेशानीयो का सामना करना पड़ता है वहीं स्कूल कालेज में पढ़ने वाले छात्र व छात्राओं को भी इस कीचड़ भरे व दुर्गंध भरे रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं। लोग गिर कर चोटिहल भी हो रहे हैं व जल भराव होने के चलते काफी दुर्गंध भी उठ रहा है।

उक्त मुहल्ले में सप्ताह में दो दिन सप्ताहिक बाजार भी लगती है जिसमें काफी संख्या में लोगों का आना जाना रहता है। लेकिन इसके बावजूद अभी तक नगर पंचायत फूलपुर कार्यालय द्वारा कोई मुकम्मल उसे ठीक कराने कि पहल नहीं किया गया है। जिसको लेकर आम नागरिकों में गहरा आक्रोश व्यक्त है । इसी तरहा उक्त मार्ग के बगल ही बने पशु चिकित्सालय परिसर में भी भीषड़ गन्दगी बनी हुई है जिस पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। वहीं दूसरी ओर स्थानीय दुकानदारों व ठेला रेहड़ी द्वारा सड़क के पटरियों पर अतिक्रमण करने के चलते कस्बे में भीषड़ जाम कि स्थिति उत्पन्न हो जाती है जो घंटों घंटों बनी रहती है हुए फिर भी नगर पंचायत कार्यालय में बैठे जिम्मेदार अधिकारी इस सन्दर्भ में मौन साधे हुए हैं ।इस विषय को लेकर जब नगर पंचायत कार्यालय में बैठे नगर अधिशाषी अधिकारी से बात किया गया तो टाल मटोल करने के बाद उनका कहना है रोज रोज अतिक्रमण नहीं हटेगा । जिसको लेकर आम नागरिकों मे गहरा आक्रोश व्यक्त है।

### इफको फूलपुर में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर स्मरणोत्सव मनाया गया

**ब्यूरो प्रयागराज।** इफको फूलपुर इकाई में सांस्कृतिक मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर स्मरणोत्सव मनाया गया। इफको फूलपुर इकाई में महाप्रबंधक (इकाई प्रमुख) पी.के.सिंह के नेतृत्व में प्रशासनिक भवन, संयंत्र के सभी विभागों में नियमानुसार व समयबद्ध तरीके से राष्ट्रीय गीत गाया गया। बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' अक्षय नवमी के शुभ अवसर पर 7 नवंबर 1875 को लिखा गया था। राष्?ट्रीय गीत का समय लगभग 1 मिनट 9 सेकंड है। वंदे मातरम पहली बार साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में उनके उपन्यास आनंदमठ के हिस्से के रूप में क्रमबद्ध तरीके से और बाद में 1882 में में प्रकाशित हुआ था। इस दौरान महाप्रबंधक क्रमशः संजय भंडारी, डॉ अनीता मिश्र, पी.के.पटेल, रत्नेश कुमार, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः अरूण कुमार, अरवेन्द्र कुमार, एस.के. सिंह, ए.के.गुप्ता, पी.के. वर्मा, डॉ सत्य प्रकाश, आर.पी.यादव, पी.के.त्रिपाठी, संदीप गोयल, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफ्को ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी, इफ्को इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय कुमार यादव मौजूद रहे।

### डेढ़ सौ वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नैनी, प्रयागराज** शासन के निर्देशानुसार शुक्रवार को हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी, प्रयागराज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वधान में वंदे मातरम के डेढ़ सौ वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय प्रांगण में वंदे मातरम गायन कराया गया।

साथ ही एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं बच्चे उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर मंजूलता मैडम ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के प्रभारी डॉक्टर रामकुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में अपने वक्तव्य में प्राचार्य ने वंदे मातरम की महत्ता और इसके महत्व पर प्रकाश डालाऔर इसके द्वारा स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक एक राष्ट्रवादी भावना के प्रसार में भूमिका की चर्चा की। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय के प्रभारी डॉक्टर रफत अनीश ने किया।इस अवसर पर डॉ नीतू सिंह, डॉक्टर भाषकर शुक्ला, डॉक्टर अजय मिश्रा, डॉक्टर निरुपमा यादव, डॉ राजेश, डॉ मीनाक्षी, डॉक्टर अंजना, डॉक्टर अर्चना, डॉ अर्चना राय, डॉ भावना डॉ अमित मिश्रा डा नूर फातिमा डॉ मंजरी मिश्रा डॉ महेंद्र प्रसाद सहित समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### ''वंदे मातरम'' के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद के विभिन्न कार्यालयों, विद्यालयों में किया गया सामूहिक गायन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत ''वंदे मातरम्'' के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा सभागार में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी आपूर्ति विजय शर्मा, जिला विकास अधिकारी जी0पी0 कुशवाहा, उप निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, सहायक निदेशक सूचना इन्द्रमणि पाण्डेय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अशोक कुमार गौतम, पाण्डुलिपि अधिकारी गुलाम सरवर, प्राविधिक सहायक एवं राकेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इसके साथ ही जनपद के कार्यालयों/विद्यालयों में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया।

''वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष'' पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 07 नवम्बर, 2025 से 07 नवम्बर, 2026 तक चार चरणों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भव्यतापूर्ण ढंग से किया जायेगा, जिसमें प्रथम चरण में 07 नवम्बर 2025 से 14 नवम्बर 2025 तक द्वितीय चरण 19 जनवरी 2026 से 26 जनवरी, 2026 तक, तृतीय चरण 07 अगस्त 2026 से 15 अगस्त-2026 तक एवं चतुर्थ चरण 01 नवम्बर 2026 से 07 नवम्बर-2026 तक आयोजित होगा।

### पुलिस आयुक्त द्वारा सिविल लाइन्स थाना क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त कर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों को चेक किया गया



**ब्यूरो प्रयागराज।** यातायात माह नवम्बर-2025 के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त प्रयागराज जोगेन्द्र कुमार द्वारा नगर जोन के सिविल लाइन्स थाना क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त कर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों को चेक किया गया तथा सर्व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में पुलिस आयुक्त द्वारा जनपद वासियों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चालकों को हेल्मेट पहनने, व तीन सवारियों के साथ मोटरबाइक न ड्राइव करने, शराब के नशे में वाहन चालन न करने हेतु अपील की गयी।

## हरित जोश और जज्बे से ग्रीन हाउस ने जीता विजेता का ताज

● सेंट थॉमस स्कूल का प्रांगण प्रतिभाओं की चमक से उज्ज्वल हो उठा।





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** सेंट थॉमस स्कूल का प्रांगण प्रतिभाओं की चमक से इस प्रकार उज्ज्वल हो उठा, मानों रचनात्मकता स्वयं धरती पर उतर आई हो। प्रतिभा दिवस के इस मधुर अवसर पर ब्लू, ग्रीन, रेड और येलो हाउस के विद्यार्थियों ने अपनी कला, बुद्धि और अभिव्यक्ति का ऐसा अनूठा संगम प्रस्तुत किया कि पूरा वातावरण तालियों की गूँज से जीवन्त हो उठा।

कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष हंडिया श्री नित्येन्द्र शुक्ल जी विद्यालय के निदेशक श्री वी. के. रेजी, प्रबंधक टीना रेजी, प्रधानाचार्य जीजो अब्राहम, मुख्य समन्वयक रम्या गिरीश आदि के द्वारा दीप प्रज्वलन और प्रभु वंदना के साथ हुआ, जिसने पूरे आयोजन को एक पवित्र और सौम्य आरम्भ प्रदान किया। इसके बाद मंच पर प्रतिभाओं का ऐसा प्रवाह उमड़ा जिसमें ब्लू हाउस की सधी हुई भाषा, तर्क और कला की कोमल रेखाएँ साहित्यिक सौंदर्य का स्पर्श देती रहीं। ग्रीन हाउस ने पर्यावरण, विज्ञान और मानवता को अपने नाटक में इस प्रकार पिरोया कि प्रस्तुति केवल देखी नहीं, महसूस भी की गई।

रेड हाउस ने अपने ज्ञान, त्वरित सोच और प्रदर्शन की शांत गरिमा से दर्शकों को मुग्ध कर दिया, जबकि येलो हाउस ने नृत्य, फैंसी ड्रेस और नृत्य कला के माध्यम से रंगों और संस्कृतियों का ऐसा मनोहारी संसार रच दिया कि पूरा सभागार आनंद से भर उठा। भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और सौहार्द की झलक स्पष्ट दिखाई दी। निर्णायकों द्वारा अंकों के परिणाम मे ग्रीन हाउस को विजेता घोषित किया गया, जिनकी तालियों से गूँजती स्वीकृति ने खुशी को और बढ़ा दिया। मुख्य अतिथि नित्येन्द्र शुक्ला के द्वारा ट्रॉफी प्रदान किया गया तथा उनके संबोधन ने तो कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। अंत मे विद्यालय के प्रबंधक वी. के. रेजी के प्रेरणादायी उद्बोधन ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को और ऊँचाइयों की ओर अग्रसर होने का संबल प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबंधक टीना रेजी, प्रधानाचार्य जीजो अब्राहम, मुख्य समन्वयक रम्या गिरीश, एलिसा प्रकाश, नीरज सिंह, अनूप गुप्ता, शलिनि सिंह, राधेश्याम यादव, दीपेश तिवारी, जयप्रकाश यादव, शहिद खान, मनिष सिंह, विवेक गुप्ता, आवेश अंसारी, शिफाली जायसवाल अदि की भूमिका विषेश रही। इस प्रकार सेंट थॉमस स्कूल का यह प्रतिभा दिवस केवल एक कार्यक्रम न होकर रचनात्मकता, अनुशासन और सपनों का एक सुंदर उत्सव बन गया।

## जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन सिक्स लेन ब्रिज के कार्य प्रगति का किया निरीक्षण

● कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराये जाने के सम्बंध में दिए निर्देश।



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-96 पर फाफामऊ में निर्माणाधीन सिक्स लेन फाफामऊ ब्रिज के एक्स्ट्राडोज्ड हिस्से का निरीक्षण करते हुए परियोजना की वर्तमान प्रगति एवं कार्य स्थिति की जानकारी ली एवं प्रोजेक्ट से जुड़े सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं।

एसपीएस कंस्ट्रक्शन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा बताया गया कि सिक्स लेन ब्रिज के निर्माण का कार्य चल रहा है और प्रोजेक्ट का लगभग 82 प्रतिशत पूर्ण हो गया है। जिलाधिकारी ने पुल के ईपी-4 तक अप्रोच रोड की प्रगति के बारे में जानकारी लिए जाने पर ईपीसी कांटैक्टर के द्वारा बताया गया कि अप्रोच रोड निर्माण कार्य प्रगति पर है और इसे 15 नवम्बर 2025 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य है। इसके उपरांत 20 नवम्बर 2025 से ईपी-4 पर सेगमेंट लिफ्टिंग कार्य आरंभ किया जाएगा। ईपी-4 के शेष सभी सेगमेंट के इरेक्शन तथा फिनिशिंग कार्य जून 2026 तक पूर्ण होने का लक्ष्य है। परियोजना के अन्य हिस्सों की प्रगति के बारे में भी जानकारी देते हुए बताया कि फाफामऊ साइड पर मेजर ब्रिज के वियरिंग कोट का कार्य दिसंबर 2025 से प्रारंभ किया जाएगा तथा एक्सपेंशन जॉइंट्स की स्थापना का कार्य भी समानांतर रूप से चलेगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रोजेक्ट के एक्स्ट्राडोज्ड भाग के साथ प्रोजेक्ट के अन्य भागों में जो भी कार्य शेष हैं, उन्हें तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करा लिया जाये, जिससे परियोजना में इनके कारण कोई विलम्ब न हो। उन्होंने प्रोजेक्ट मैनेजर से कहा कि ब्रिज के निर्माण में जिला प्रशासन से यदि किसी भी प्रकार के सहयोग की आवश्यकता हो, तो प्रशासन के द्वारा पूरा सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी जी0पी0 कुशवाहा, परवेज़ सुल्तान-जेनरल मैनेजर, एसपी सिंगला वरुण वार्ष्णेय, सहायक अधिशासी अभियन्ता, मॉर्थ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने अमृत 2.0 के नगर पंचायत पेयजल पुर्नगठन योजनाका स्थलीय निरीक्षण करते हुए प्रगति का लिया जायजा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा शुक्रवार को नगर पंचायत फूलपुर में अमृत 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन ''फूलपुर नगर पंचायत पेयजल पुर्नगठन योजना'' के कार्यो का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रोजेक्ट एवं प्रोजेक्ट की भौतिक प्रगति के बारे में पूछे जाने पर अधिशासी अभियंता आशुतोष यादव के द्वारा बताया गया कि नगर पंचायत फूलपुर को शत-प्रतिशत पेयजल सुविधा उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत अमृत 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत रू0-2431.65 लाख की लागत से नगर पंचायत पुर्नगठन योजना निर्माणाधीन है, जिसकी कार्य पूर्ण होने की अवधि 30.11.2025 निर्धारित है और कार्य अभी तक 85 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, जिसपर जिलाधिकारी ने योजना के समस्त कार्यो को अतिरिक्त मैनपॉवर एवं संसाधन लगाते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समयावधि में ही कार्य पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने प्रयागराज-जौनपुर मार्ग पर रूके हुए पेयजल वितरण प्रणाली बिछाने के कार्य को शीर्ष प्राथमिकता पर अविलम्ब प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करने तथा कार्य के दौरान काटी गयी सड़कों का कार्य भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण ढंग से सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी जी0 पी0 कुशवाहा, विजय कुमार जायसवाल-सहायक अभियंता, प्रवीण प्रकाश-अधिशासी अधिकारी एवं अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन्स में वंदे मातरम् का गायन कार्यक्रम आयोजित



**ब्यूरो प्रयागराज।** आज राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन्स प्रयागराज में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरणोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम को त्रिवेणी सभागार पुलिस लाइन्स प्रयागराज से सीधा देखा गया। कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज जोगेन्द्र कुमार, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय, अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था, पुलिस उपायुक्त नगर, पुलिस उपायुक्त प्रोटोकॉल, पुलिस उपायुक्त यातायात, सहायक पुलिस आयुक्त लाइन्स व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा प्रतिभाग कर सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का गायन किया गया।

## जिलाधिकारी ने फूलपुर स्थित खाद्य विभाग के क्रय केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

● क्रय केन्द्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें तथा किसानों को उनके धान का मूल्य अनिवार्य रूप से निर्धारित समय सीमा में उनके खाते में अंतरित करने का निर्देश।



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शुक्रवार को फूलपुर स्थित खाद्य विभाग के क्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण करते हुए मार्केटिंग इंस्पेक्टर एवं धान क्रय केन्द्र प्रभारियों को स्पष्ट रूप से हिदायत देते हुए कहा है कि किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। डिप्टी आरएमओ को निर्देशित करते हुए कहा है कि किसानों के धान खरीद एवं उनके मूल्य के भुगतान में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने क्रय केन्द्र प्रभारियों को भी निर्देशित किया यदि किसी भी धान क्रय केन्द्र पर धान बेचने एवं भुगतान में किसी भी प्रकार की शिकायत पायी गयी, तो सम्बंधित केन्द्र प्रभारी की जिम्मेदारी तय करते हुए उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी साथ ही साथ सम्बंधित मार्केटिंग इस्पेक्टर की भी जिम्मेदारी तय करते हुए उनके विरूद्ध भी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

निरीक्षण के समय केन्द्र पर श्री स्वतंत्र कुमार विश्वकर्मा, विपणन निरीक्षक, उपस्थित मिले। केन्द्र पर 02 कृषकों से तद्दिनांक 07.11.2025 तक कुल 120.80 कुं0 की धान खरीद की गई है। केन्द्र प्रभारी द्वारा मौके पर एक कृषक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, की धान की तौल करायी जा रही थी। जिलाधिकारी के द्वारा क्रय केन्द्र पर धान की आवक कम होने के बारे में पूछे जाने पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी के द्वारा बताया गया कि असमय वर्षा हो जाने के कारण क्रय केन्द्रों पर अभी धान की आवक कम है। क्रय केन्द्र से कस्टम हायरिंग हेतु मिलो के सम्बद्धीकरण के बारे में पूछे जाने पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में कार्यरत सभी मिलों की दूरी पोर्टल पर फीड 141 क्रय केन्द्रों से दूरी भर कर पोर्टल पर लॉक करते हुए प्रमाण पत्र प्रेषित कर दिया गया है एक से दो दिन में क्रय केन्द्र मिलों का सबद्धीकरण हो जायेगा।

जिलाधिकारी ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को आगामी 02 दिवस के अन्दर सभी केन्द्रों पर खरीद प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करने तथा अनुमोदित क्रय केन्द्रों के सापेक्ष शत-प्रतिशत केन्द्र सक्रिय किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने जनपद में सभी क्रय केन्द्रों पर पर्याप्त बोरों की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिए है। कहा कि यदि क्रय केन्द्रों पर बोरे की कमी हो तो उनके स्तर से तत्काल उच्चाधिकारी को पत्र प्रेषित किया जाय। उन्होंने सभी क्रय केन्द्रों पर धान के सुरक्षित भण्डारण हेतु क्रेट्स/त्रिपाल आदि की पर्याप्त व्यवस्था कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने विगत वर्ष के सापेक्ष वर्तमान वर्ष में खरीद कम न होने पाये। उन्होंने अपर जिलाधिकारी आपूर्ति द्वारा प्रतिदिन धान खरीद एवं क्रय केन्द्र की समीक्षा करने के लिए कहा है। उन्होंने केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि कृषकों से संपर्क कर तीव्रगति से धान खरीद के साथ कृषकों का पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से भुगतान भी कराया जाना सुनिश्चित करें। केन्द्र पर कोई अनियमितता प्रकाश में नहीं आयी। इस अवसर पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनास चन्द्र अग्रवाल, जिला सांख्यिकी अधिकारी संतोष कुमार के साथ अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## फाफामऊ पुलिस टीमद्वारा, विभिन्न कम्पनियों के कूटरचित रैपर व पैकशुदा कॉपीराइट सामान बरामद, 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज।** थाना फाफामऊ क्षेत्रान्तर्गत गंगा विहार कॉलोनी स्थित मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में कूटरचित तरीके से ब्राण्डेड कम्पनी के रैपर का इस्तेमाल कर नकली देशी घी, तेल, नमक, टूथपेस्ट आदि सामानों का भण्डारण कर बेचे जाने की सूचना पर थाना फाफामऊ पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर अभियुक्त पंकज केसरवानी पुत्र स्व0 छेदीलाल केसरवानी निवासी 116 पुरानी गली फाफामऊ थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज को नकली नकली देशी घी, तेल, नमक, टूथपेस्ट आदि सामानों व ब्राण्डेड कम्पनी के रैपर के साथ गिरफ्तार किया गया तथा उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना फाफामऊ पर मु0अ0सं0-321/2025 धारा-318(4)/319(2)/338/336(3)/340(2)/274 भा0न्या0सं0 व 63/65 कॉपी राइट एक्ट पंजीकृत किया गया।

उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त थरवई के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना फाफामऊ पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त पंकज केसरवानी पुत्र स्व0 छेदीलाल केसरवानी निवासी 116 पुरानी गली फाफामऊ थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज को आज दिनांक-07.11.2025 को थाना फाफामऊ क्षेत्रान्तर्गत गंगाविहार कॉलोनी के पास से नकली देशी घी, तेल, नमक, टूथपेस्ट आदि सामानों व ब्राण्डेड कम्पनी के रैपर जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत 30 लाख रूपये/- है, के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना फाफामऊ पर मु0 अ0 सं0-321/2025 धारा-318(4)/319(2)/338/ 336(3)/ 340(2)/ 274 भा0 न्या0 सं0 व 63/65 कॉपी राइट एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त पंकज केसरवानी उपरोक्त से पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त पंकज केसरवानी उपरोक्त तथा गोपाल चन्द्र केसरवानी व मुकेश चन्द्र केसरवानी पुत्रगण



रामबाबू निवासी लहटी बाजार थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज मिलकर ब्राण्डेड कम्पनी के रैपर का इस्तेमाल कर उसमें नकली, सस्ता व मिलावटी सामान/माल मिलाकर जनता को भ्रम में डालकर अधिक दामों में बेचकर भारी मुनाफा अर्जित किया जाता था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-** पंकज केसरवानी पुत्र स्व0 छेदीलाल केसरवानी निवासी 116 पुरानी गली फाफामऊ थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 34 वर्ष। **पंजीकृत अभियोग का विवरण-** मु0अ0सं0-321/2025 धारा-318(4)/319(2)/ 338/ 336(3)/ 340(2)/ 274 भा0 न्या0 सं0 व 63/65 कॉपी राइट एक्ट थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज।

# संक्षिप्त खबरें

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में गूंजा राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम'

### भारत माता के चरणों में समर्पित हुआ राष्ट्रीय गीत, स्वास्थ्य कर्मियों ने एक स्वर में किया गायन



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** भारत माता को समर्पित राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' का भावपूर्ण सामूहिक गायन शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पाकुड़िया में किया गया। राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत इस आयोजन में स्वास्थ्य कर्मियों, चिकित्सकों और साहियाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत 'वंदे मातरम्' गीत के सामूहिक गायन से हुई, जिसके साथ ही पूरे परिसर में राष्ट्रभक्ति का माहौल बन गया। ज्ञात हो कि इस प्रेरणादायक गीत की रचना महर्षि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने भारत माता के श्रीचरणों में समर्पित करते हुए की थी। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इस गीत ने भारतीयों के हृदय में आज़ादी की ज्वाला प्रज्वलित की और अंग्रेजों को नाकों चने चबाने पर मजबूर कर दिया था। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सक डॉ. गंगा शरण साह, डॉ. मंजर आलम, डॉ. प्रीतम कुमारी, नित्य कुमार पाल, योगेश प्रसाद, शैलेश सोरेन, निवेश प्रसाद, अटल प्रसाद, राजकुमार, अलख निरंजन प्रसाद, टुडू जी समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी, नर्सें और स्वास्थ्य साहियाओं ने भी सामूहिक रूप से गीत गाया। सभी ने एक स्वर में 'वंदे मातरम्' का गायन कर राष्ट्रीय एकता और देशप्रेम का संदेश दिया। उपस्थित जनों ने कहा कि यह गीत आज भी देशभक्ति और राष्ट्रसमर्पण की भावना को जीवित रखता है और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण



**लातेहार, झारखंडः-** लातेहार-जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा आज ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में रखे गए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) एवं वोटर वेरीफायबल पेपर ऑडिट ट्रेल (VVPAT) उपकरणों की भौतिक स्थिति, रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था एवं रिकॉर्ड संधारण की विस्तृत समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा परिसर के अवलोकन के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, तैनात सुरक्षा बलों, अग्निशमन यंत्र आदि सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति सचेत व सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया।

इस दौरान उपायुक्त ने उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से संबंधित सभी निर्देशों एवं मानकों का पालन पूरी तत्परता से किया जाना आवश्यक है। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, निर्वाचन कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य विभाग में बहाली के लिए साक्षात्कार 16 के बाद, इन 298 पदों पर होनी है नियुक्ति

**रांची :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान, झारखंड में विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए साक्षात्कार अब 16 नवंबर को होगा। पहले यह साक्षात्कार सात नवंबर तक विभिन्न तिथियों को पदवार आयोजित होना था, लेकिन अपरिहार्य कारण बताते हुए साक्षात्कार स्थगित कर दिया गया। जबकि प्रमाणपत्रों की जांच की प्रक्रिया निर्धारित तिथियों को ही पूरा होगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान, झारखंड के अनुसार इन पदों पर नियुक्ति के लिए साक्षात्कार की तिथि की घोषणा 16 नवंबर के बाद की जाएगी। बताते चलें कि वरीय अस्पताल प्रबंधक, अस्पताल प्रबंधक, वित्तीय प्रबंधक तथा आइटी एक्जीक्यूटिव के कुल 298 पदों पर अनुबंध पर नियुक्ति के लिए साक्षात्कार आयोजित होना है। प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद साक्षात्कार में सम्मिलित होनेवाले अभ्यर्थियों की सूची पहले ही जारी कर दी गई है।

# बरही प्रखंड में मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन, नवपदस्थापित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का शिक्षकों ने किया स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड मुख्यालय में आज मासिक गुरु गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवपदस्थापित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश सिंह ने की, जबकि संचालन डॉ. सुनील कुमार यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम के 150वें वर्ष पर राष्ट्रीय गीत के सामूहिक गायन से हुई, जिसमें पदाधिकारी एवं उपस्थित शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद सभी शिक्षकों ने नवपदस्थापित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश सिंह का हार्दिक स्वागत किया। सहायक अध्यापक संघ की ओर से बुके और शॉल देकर उनका अभिनंदन किया गया। अपने संबोधन में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश सिंह ने कहा कि पदाधिकारी और शिक्षकों के आपसी सामंजस्य से ही विद्यालयों का संचालन बेहतर तरीके से संभव है। सभी शिक्षक मिलकर शिक्षा व्यवस्था को और सशक्त बनाएं। इस अवसर पर सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार दुबे ने कहा कि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के आगमन से निश्चित रूप से क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। हम सभी शिक्षक उनके साथ मिलकर शिक्षा के स्तर को ऊँचाई तक ले जाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष दीपक यादव, केदार राणा, प्रेम कुमार, राजेश यादव, रमजान अली, मंसूर जी, अफरोज जी, अजपता के प्रखंड अध्यक्ष अयोध्या कुम्हार, प्रखंड सचिव मथुरा प्रसाद, राजेंद्र आर्य, दशरथ प्रसाद, शशि प्रसाद, तुलसी दास, निर्मला पंडित, बीआरसी के बीपीएम अरुण कुमार, शीला देवी, पंकज कुमार सकलानी, वीरेंद्र यादव, कृपाल राम एवं उच्च विद्यालय बरही के प्रधानाध्यापक शिव प्रसाद सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। स्वागत समारोह के उपरांत मासिक गुरु गोष्ठी के विभिन्न बिंदुओं पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा शिक्षकों को दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति, शिक्षकों की समयपालन, प्रयास कार्यक्रम, विद्यालय की स्वच्छता एवं शिक्षण कार्य पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि ई-कल्याण पोर्टल पर सभी विद्यार्थियों का नाम जल्द से जल्द पंजीकृत कराया जाए। कार्यक्रम का समापन बीआरपी अरुण कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# पीवीटीजी प्रखंडों में सेवा प्रदायन व आजीविका सुदृढ़ीकरण पर 'सुपर 60' सेमिनार आयोजित



### ● दिशोम गुरु शिबू सोरेन के चिता के समक्ष अंतरात्मा की आवाज पर लिया फ़ैसला- सौरभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची, झारखंडः-** आदिम जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के सर्वांगीण विकास व आजीविका सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से नीति आयोग के तत्वावधान में राजधानी रांची में 'सुपर 60 सेमिनार' आयोजित किया गया। इसमें झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और मध्यप्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। नीति आयोग की सचिव रंजना चोपड़ा ने कहा कि पीवीटीजी क्षेत्रों में हाउसहोल्ड सैचुरेशन की दिशा में ठोस पहल जरूरी है। उन्होंने बताया कि 2018 में शुरू हुई योजना से हर घर नल, सड़क और विद्युतीकरण जैसे कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। अब 100 से अधिक आबादी वाले टोलों में आंगनबाड़ी केंद्र और क्रेच शुरू किए जाएंगे।

अतिरिक्त सचिव रोहित कुमार ने कहा कि यह योजना केवल बुनियादी सुविधाओं तक सीमित नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ी पहल है। योजना सचिव मुकेश कुमार ने बताया कि झारखंड ने कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद 'डाकिया योजना' जैसी पहल से आदिम जनजातियों के जीवन में सुधार किया है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए दीदी की दुकान और दीदी का ढाबा योजनाओं से 1200 से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भर बनी हैं। कार्यक्रम में पद्मश्री मधु मंसूरी, जमुना टुडू, सिमन उरांव समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे। सेमिनार में केंद्र व राज्य सरकारों की संयुक्त पहल से पीवीटीजी समुदायों में हो रहे सकारात्मक बदलावों पर चर्चा की गई।

## सिवान में तीर चल गया- कमल खिल गया नीतीश का सीएम बनना तय- प्रमोद पटेल संगठन प्रभारी



**गोपालगंजः सिवान-** सिवान में बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 सम्पन्न होने के उपरांत एनडीए के नेताओं ,कार्यकर्ताओं से बूथ वार समीक्षा कर एंव जोड़ घटाव कर नथन नथनपुरा प्रधान चुनाव कार्यालय पर जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश महासचिव सिवान जिला संगठन प्रभारी सह बडहरिया विधानसभा क्षेत्र के अतिरिक्त प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल ने कहा कि सिवान की आठ सीटो में से सात सीट पर तीर चल गया है और कमल खिल गया है ! बडहरिया, महाराजगंज, रघुनाथपुर, जीरादेई विधानसभा क्षेत्र से जदयू प्रत्याशी - इंद्रदेव सिंह पटेल, हेंमनारायण साह, विकास कुमार सिंह उर्फ जीशू सिंह, एंव भीष्म प्रताप सिंह कुशवाहा का जीत दस हजार से ज्यादा मतों से निश्चित है वही भाजपा सिवान, गोरेयाकोठी, दरौंदा जीत रही हैं जहाँ से मंत्री मंगल पांडेय, देवेश कांत सिंह, व्यास सिंह प्रत्याशी है ! देवतुल्य कार्यकर्ताओं, के साथ साथ जिले के सभी मतदाता मालिको विशेष कर महिला मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है ! जिन लोगों ने एनडीए की सुशासन सरकार मे विश्वास जताया और विकास को चुना ! विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार में आस्था विश्वास रखते हुए पुनः मुख्यमंत्री बनाने के लिए सभी लोग दिल खोल कर मतदान किया है !

# बरही चौक पर 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने पर भव्य समारोह का आयोजन

### ● एसडीओ, डीएसपी, इंस्पेक्टर समेत कई अधिकारी व सामाजिक-पॉलिटिकल कार्यकर्ता रहे शामिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को बरही पुलिस की ओर से बरही चौक पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना देखते ही बन रही थी। इस अवसर पर एसडीओ जोहन टुडू, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल, थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक विनोद कुमार, सीओ चंद्रशेखर कुणाल, सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार समेत कई पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत भामाशाह सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं एवं आरएनवाईएम कॉलेज के एनसीसी कैडेटों द्वारा 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन से हुई। राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत गीतों ने कार्यक्रम स्थल को देशप्रेम और उत्साह के माहौल से भर दिया।

डीएसपी अजीत कुमार विमल ने मौके पर 'वंदे मातरम' के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह राष्ट्रगीत भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा रहा है। उन्होंने युवाओं से देश के प्रति समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। वहीं एसडीओ जोहन टुडू ने कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने सभी से राष्ट्रीय धरोहरों और संस्कृतियों के संरक्षण के साथ-साथ युवाओं में देशभक्ति की भावना विकसित करने की अपील की।

कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिप सदस्य प्रीति गुप्ता, व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष कपिल केशरी, बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, महिला थाना प्रभारी किरण कच्छप, एनसीसी के लेफ्टिनेंट डॉ. अजय कुमार रंजन, व्यवसायी कृष्णा गुप्ता, एसआई रूपलाल यादव, सुमित साव, संतोष कुमार, दीपक कुमार, कपुलदीपक नाग, रंजीत भगत, पृथ्वी हरिजन, सोना राम बिरुवा, एएसआई अजीजुल हक, राजस्व उपनिरीक्षक संजीव राजीव, राजकुमार यादव, अमित गौरव उर्फ पंपम, भाजपा नेता मुन्ना यादव, पंचायत समिति सदस्य मो. सागीर, राजकुमार केशरी, मो. टिंकू आलम, चंदन कुमार, गौरव गुप्ता, नितेश कुमार, पंकज केशरी, सचिन यादव, राहुल केशरी, सोनू केशरी समेत अनेक सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने भारत की अखंडता, एकता और राष्ट्रीय सम्मान की रक्षा का संकल्प लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान 'वंदे मातरम्' के स्वर गूंजते रहे और वातावरण देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत बना रहा।

# अनुराग गुप्ता घर के भेदी, अगर पद नहीं मिला तो...'; बाबूलाल मरांडी की हेमंत सोरेन को सलाह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अनुराग गुप्ता का इस्तीफा स्वीकार कर नए कार्यकारी डीजीपी नियुक्त किए जाने को मुख्यमंत्री द्वारा उनका सलाह पर अमल करना बताया। शुक्रवार को एक प्रेस वक्तव्य जारी कर मरांडी ने कहा कि झारखंड के दागी, विवादास्पद रिटायर्ड अवैध डीजीपी अनुराग गुप्ता को हटाने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद। भगवान का शुक्र है कि इन्हें आपने बाहर का रास्ता दिखाया वरना झारखंड के लोगों को क्या-क्या देखने सुनने और झेलने पड़ते।

विपक्ष के रूप में भारतीय जनता पार्टी ने सरकार की अवैध नियुक्तियों और मनमानी पर सवाल उठाए थे। राज्य के डीजीपी पद पर बैठे अनुराग गुप्ता की नियुक्ति पूरी तरह असंवैधानिक और अवैध थी। राज्य सरकार को सलाह देते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अनुराग गुप्ता को किसी और सम्मानित पद से तुरंत नवाज दीजिए। इससे आपसी हित भी सुरक्षित रहेंगे और सारे राज भी राज ही बने रहेंगे। कहीं ऐसा न हो कि आदतन ये व्यक्ति घर का भेदी-लंका ढाहे की तरह सरकार को बेनकाब करना प्रारंभ कर दे।

## जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

### निदान को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**लातेहार, झारखंडः-** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याएं एक-एक कर सुनीं और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। जन शिकायत निवारण के दौरान रोजगार, सहायता राशि, भूमि विवाद एवं अन्य जनहित से जुड़े आवेदन प्रमुख रूप से सामने आए। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजनों की समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जन शिकायत निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि लोगों की समस्याओं का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित हो सके।

# समाहरणालय सभागार में गूंजा 'वंदे मातरम'- राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ सामूहिक गायन



### ● देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के संदेश के साथ मनाई गई 150वीं वर्षगांठ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गिरिडीह, झारखंडः-** राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार, गिरिडीह में सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में जिला प्रशासन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, कर्मचारी एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन से हुई, जिससे पूरा सभागार देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो उठा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता सहित कई अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने अपने संबोधन में जिलेवासियों को 150वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 'वंदे मातरम्' मात्र एक गीत नहीं, बल्कि यह देश की आत्मा, स्वाभिमान और स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह गीत मातृभूमि के प्रति समर्पण, त्याग और राष्ट्रीय चेतना को जागृत करता है। उन्होंने आगे कहा कि यह अभियान नई पीढ़ी में देशभक्ति और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला प्रशासन द्वारा इस अवसर पर जिला मुख्यालय, अनुमंडल कार्यालय, प्रखंड कार्यालय और अन्य सभी सरकारी संस्थानों में भी सामूहिक गायन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम में 'वंदे मातरम्' की ऐतिहासिक भूमिका को याद करना और जन-जन में राष्ट्रप्रेम की भावना को सशक्त बनाना रहा। सभागार में गूंजते 'वंदे मातरम्' के स्वर ने वातावरण को देशभक्ति की भावना से अभिभूत कर दिया।

# बरही पश्चिमी पंचायत में बच्चों के बीच स्वेटर का हुआ वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** ठंड के मौसम की शुरुआत के साथ ही गरीब और जरूरतमंद बच्चों को ठंड से बचाने के उद्देश्य से बरही प्रखंड अंतर्गत बरही पश्चिमी पंचायत के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहला कार्यक्रम बरहीडीह आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 1 में आयोजित किया गया, जहाँ कुल 25 बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया गया। इस अवसर पर बरही पश्चिमी पंचायत के मुखिया शमशेर आलम एवं पंचायत समिति सदस्य जीतू ठाकुर ने संयुक्त रूप से बच्चों को स्वेटर वितरित किए। कार्यक्रम में कई ग्रामीण और अभिभावक भी उपस्थित थे जिन्होंने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखकर संतोष व्यक्त किया। मुखिया शमशेर आलम ने कहा कि ठंड के मौसम में छोटे बच्चों को सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियों से बचाने के लिए यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि पंचायत के प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रशासनिक और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। इसके साथ ही दूसरा कार्यक्रम बरही डीह आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 3 में आयोजित किया गया, जहाँ मुखिया शमशेर आलम के द्वारा 35 बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर केंद्र की सेविका एवं सहायिका के साथ-साथ कई अभिभावक भी मौजूद थे। मुखिया ने कहा कि पंचायत स्तर पर बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के साथ-साथ उनके मौसमी जरूरतों पर भी ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले दिनों में अन्य आंगनवाड़ी केंद्रों में भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि सभी बच्चों को समान रूप से लाभ मिल सके। पंचायत समिति सदस्य जीतू ठाकुर ने भी कहा कि इस तरह की पहल से ग्रामीण स्तर पर शिक्षा और बाल देखभाल की व्यवस्था मजबूत होगी।

# सांसद आदर्श ग्राम चटुआग में आरद्धशरण संस्था द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल



### ● आदिम जनजाति बहुल परहैया टोले में पीवीटीजी परिवारों के लिए आयोजित होगा स्वास्थ्य सेवा अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, लातेहार, झारखंडः-** स्वर्गीय डॉ. रमेश शरण, पूर्व कुलपति, विनोबा भावे विश्वविद्यालय की स्मृति में आरद्धशरण संस्था की ओर से सांसद आदर्श ग्राम चटुआग के आदिम जनजाति बहुल परहैया टोला में कल रविवार को एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। संस्था की प्रबंधक नेहा प्रसाद ने बताया कि डॉ. शरण का शोध कार्य सदैव समाज के हाशिए पर खड़े लोगों, विशेषकर आदिम जनजातियों के विकास के लिए समर्पित रहा है। इसी भावना के अनुरूप चटुआग के पीवीटीजी टोले को स्वास्थ्य शिविर के लिए चुना गया है, जहां बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है।

इस शिविर में प्रतिष्ठित चिकित्सक- डॉ. अमरनाथ प्रसाद (सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी), डॉ. अखिलेश प्रसाद (उपाधीक्षक, सदर अस्पताल लातेहार), डॉ. निलीमा कुमारी (प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, चंदवा सीएचसी), डॉ. अलीशा टोप्पो (बीडीएस) तथा डॉ. प्रकाश बड़ाइक अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर में मरीजों को निःशुल्क उपचार, स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक चलेगा। शिविर के सफल आयोजन में कमता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत और वार्ड सदस्य सावन परहिया का विशेष सहयोग रहेगा। गौरतलब है कि इस क्षेत्र में सड़क की कमी और आर्थिक तंगी के कारण लोग मुख्यधारा के स्वास्थ्य तंत्र से दूर हैं। ऐसे में आरद्धशरण संस्था का यह प्रयास वंचित समुदायों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने की दिशा में एक सराहनीय पहल मानी जा रही है।

## बचाव की कर लें तैयारी, कल से बढ़ेगी ठंड, कोहरे एवं धुंध का भी दिखेगा असर

**रांची।** पिछले दिनों राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में मोंथा चक्रवातीय तूफान की रिमझिम फुहारों ने तापमान गिरा दिया है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची द्वारा जारी पूर्वानुमान में बताया गया है कि राज्य में अगले 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले तीन दिनों तक यानी 8 से 10 नवंबर तक तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि तापमान गिरने से ठंड का असर बढ़ने लगेगा और इस वर्ष चूंकि वर्षापात अधिक हुआ है इसलिए कोहरे या धुंध का असर भी दिखेगा।

**12 नवंबर तक सुबह में दिखेगा कोहरा या धुंध-** हालांकि, इसका असर अभी से ही दिखने लगा है और घाटी क्षेत्रों में तो अहले सुबह और शाम ढलते ही कोहरे का असर दिखने लगता है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान में भी स्पष्ट किया गया है कि राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में 12 नवंबर तक सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में

**आसमान मुख्यतः साफ रहेगा और मौसम शुष्क बना रहेगा।-** वहीं, पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो पूरे राज्य का मौसम शुष्क बना रहा। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस चाईबासा का जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 13.9 डिग्री सेल्सियस सिमडेगा का रिकार्ड किया गया। वहीं, राजधानी रांची का अधिकतम 27.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 15.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया

# चौपारण चट्टी में जल्द बहाल होगी जलापूर्ति, विधायक ने उपलब्ध कराया नया मोटर

### ● दो माह से ठप पड़ी जल योजना अब फिर से शुरू होगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** दो महीने से ठप पड़ी चौपारण चट्टी की जलापूर्ति योजना अब जल्द ही फिर से शुरू होने जा रही है। मोटर चोरी हो जाने के कारण बाधित जल आपूर्ति को लेकर स्थानीय लोगों की समस्या पर बरही विधायक मनोज यादव ने तत्परता दिखाते हुए नया मोटर उपलब्ध कराया है।

गौरतलब है कि लगभग दो माह पूर्व अज्ञात चोरों ने पीएचईडी विभाग के मोटर हाउस का ताला तोड़कर मोटर चोरी कर ली थी, जिसके कारण चौपारण के लोगों को पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या की जानकारी मिलते ही विधायक ने तुरंत पहल की और शुक्रवार को स्वयं मोटर हाउस पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, समाजसेवी रिशु बर्णवाल, अशोक केशरी, मंटू सिंह, मुकेश सिंह, आनंद सिंह, सुधीर केशरी सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित थे।

जनहित की समस्या सर्वोपरीः विधायक मनोज यादव विधायक यादव ने बताया कि उन्होंने इस मामले को लेकर उपायुक्त



हजारीबाग से मुलाकात की और चौपारण के जल संकट की जानकारी दी। डीसी ने तुरंत कार्रवाई का आश्वासन देते हुए नया मोटर उपलब्ध कराने की स्वीकृति दी, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 3 लाख रुपये है। विधायक ने कहा, 'जनहित की समस्याएं हमारे लिए सर्वोपरि हैं। जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिए मैं हमेशा तत्पर रहा हूं और आगे भी रहूंगा।'

## संक्षिप्त खबरें

### सिद्ध क्षेत्र पावागिरि में तीन दिवसीय वार्षिक मेला का शुभारम्भ



**तालबेहट।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध जैन सिद्ध क्षेत्र पावागिरि में शुक्रवार को तीन दिवसीय वार्षिक मेला का शुभारम्भ धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ हुआ। कार्यक्रम का आरम्भ वात्सल्य मूर्ति बुंदेली संत मुनि सुव्रत सागर महाराज एवं मुनि संयम सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में चमत्कारी बाबा मूलनायक पारसनाथ स्वामी की अभिषेक शांतिधारा के साथ हुआ। प्रदीप जैन एंड पार्टी, ललितपुर द्वारा मधुर भक्ति संगीत में पूजन-विधान संपन्न कराया गया। बाल ब्रह्मचारी संजय भैया मुरैना के निर्देशन में देवाज्ञा, गुरु आज्ञा और आचार्य निमंत्रण के साथ मेले का औपचारिक उद्घाटन किया गया। दोपहर में विद्या गुरु विधान के तहत आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का 58वां पदारोहण दिवस मनाया गया। सायं काल में गुरु भक्ति एवं 48 दीपकों से मंगल आरती ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।इस अवसर पर क्षेत्र प्रबंध कार्यकारिणी समिति के राजेंद्र जैन टूंका, अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, मंत्री जयकुमार जैन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद जैन, उपाध्यक्ष विशाल जैन पवा, संयुक्त मंत्री विकास भंडारी, अमित कुमार, अक्षत जैन सहित निकटवर्ती सकल दिगम्बर जैन समाज के सदस्य सक्रिय रूप से मौजूद रहे। ऑडीटर पंकज भंडारी ने बताया कि शनिवार, 8 नवंबर को प्रातः अभिषेक शांतिधारा, पारसनाथ विधान, दोपहर में विमानोत्सव, जल विहार, गजरथ वेदी पर कलशाभिषेक तथा रात्रि में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानचंद बबीना ने किया तथा आभार व्यक्त जयकुमार कंधारी ने किया।

### तीन दिवसीय आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण संपन्न



**महरौनी।** दिव्यांग बच्चों के विद्यालय पूर्व शिक्षा को ध्यान में रखते हुए समेकित शिक्षा के अंतर्गत तीन दिवसीय कोलॉकेड आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ, इस प्रशिक्षण में दिव्यांगता के प्रकार,कारण, बचाव, के साथ-साथ आंगनवाड़ी केद्रों में पंजीकृत दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग एवं खेलकूद के माध्यम से शिक्षा देने के टिप्स प्रशिक्षण के दौरान दिया गया, खंड शिक्षा अधिकारी महरौनी राजकुमार पुरोहित ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बदलाव के परिणाम स्वरूप आंगनबाडि़यों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है यह दिव्यांग बच्चों के लिए मील का पत्थर साबित होगा , वही मीनेश राय बाल विकास परियोजना अधिकारी महरौनी ने बताया आंगनबाडि़यों को दिव्यांग बच्चों की पहचान एवं संदर्भ सेवा सुगम होगी और दिव्यांग बच्चों का शीघ्र हस्तक्षेप किया जा सकता है ट्रेनिंग में संदर्भ दाता के रूप में ज्ञानेश तिवारी, हरिओम एवं जितेंद्र उपस्थित रहे जिसमें तकनीकी सहयोग धर्मेंद्र सोनी ने दिया, ज्ञानेश तिवारी ने अतिथियों एवं आंगनबाडि़यों का आभार व्यक्त किया।

### क्षयरोगियों को वितरण की गई पोषण पोटली

**ललितपुर।** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सोसायटी फॉर प्रगति भारत संस्था द्वारा उपचार प्राप्त कर रहे क्षयरोगियों को पोषण पोटली वितरित की। इस दौरान उप जिला क्षयरोग अधिकारी डा.धीरेन्द्र वैध ने बताया कि निक्षय मित्र बनकर क्षयरोगियों को पोषण पोटली वितरित करके उनके स्वास्थ्य में सुधार किया जा सकता है। आम जनमानस भी निक्षय मित्र बनकर राष्ट्रीय क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम को सफल बनाने में भागीदार बन सकते हैं। इस दौरान पीपीएम कॉर्डिनेटर आदेश श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत टीबी के नये रोगियों को खोजना, व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से सामुदायिक जागरूकता, टीबी रोगियों की मृत्युदर को कम करना, टीबी रोग से पीड़ित व्यक्तिओं में डिफरेन्शियेटेड टीबी केयर अप्रोज पद्धति को लागू करके मृत्यु की संभावना को कम करना आदि पर विशेष बल दिया जा रहा है। जोखिम वाली जनसंख्या की टीबी स्क्रीनिंग सफल बनाने के लिये प्रभावशाली व्यक्तिओं एवं धर्मगुरूओं से भी सहयोग लिया जा रहा है। इस दौरान टीबी परामर्शी चिकित्सक एवं एसटीएस उपस्थित रहे।

## भाजपा द्वारा मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान (एस आई आर) की विधानसभा कार्यशाला का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर के झांसी रोड स्थित एक होटल में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान (एस आई आर) कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री अभियान एवं विधानसभा संयोजक बंशीधर श्रीवास ने किया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के संयोजक हरीराम निरंजन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रवासी और सहकारी बैंक झांसी के अध्यक्ष जयदेव पुरोहित उपस्थित रहे। इसके अलावा जिले के सभी छह मंडल ललितपुर, तालबेहट, पूराकलां, जाखलौन, जखौरा और बार मण्डल के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यशाला की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम की डेढ़ सौवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में ध्रुव राजा द्वारा सामूहिक गायन से हुई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कार्यशाला की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि जब तक आप एस आई आर अभियान में वर्तमान समय में फार्म वन के वोटर नहीं बनते, तब तक आप वोटर नहीं माने जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि मतदाता गहन परीक्षण के बाद पुरानी वोटर लिस्ट शून्य हो जाएगी, और इसके लिए हमें सक्रिय रूप से काम करना होगा।

उन्होंने मण्डल अध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे अपनी कार्यसमिति की बैठक आज ही बुलाकर सैक्टर संयोजकों को इस कार्य की जिम्मेदारी दें। बीएलए टू और बूथ अध्यक्षों को सरकारी बीएलओ से मिलकर अधिक से अधिक फार्म भरवाने होंगे। इसके साथ ही प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने फार्म की स्लिप अपने पास रखने की बात भी उन्होंने कही, ताकि वोटर लिस्ट से किसी त्रुटि के कारण नाम हटने पर चुनौती दी जा सके। बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे ने कहा कि यह आयोजन मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर है, जिसमें भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को अपडेट करना और गलत या फर्जी वोटरों को सूची से बाहर करना है। इसके लिए पुराने और नए वोटरों की समीक्षा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि एवं जिला प्रवासी जयदेव पुरोहित ने कहा कि कार्यकर्ताओं को बारह प्रमुख दस्तावेजों के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। इसके अलावा जो परिवार के सदस्य एक जनवरी 2026 को अठारह साल के हो रहे हैं, उनका भी फार्म भराना जरूरी है। कार्यशाला के अंत में जिला संयोजक हरीराम निरंजन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान राष्ट्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, और हमें इस अभियान को जिले में भी जागरूकता अभियान के रूप में चलाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोग वोटर बन सकें। जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, विधानसभा एस आई आर अभियान के संयोजक बंशीधर श्रीवास, बुंदेलखंड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे, पूर्व अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी, सहकारी बैंक अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह लोधी, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, शिवम ग्वाला, शंकर चंदेल, अजय साहू, नितेश वाल्मीकि, राम सिंह यादव, राजकुमार नामदेव, अशोक कुशवाहा, चन्द्रकांत लिटौरिया, आमिर खान, अजय रैकवार, शिवम तिवारी, हरिओम कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## सिंचाई निर्माण खण्ड-द्वितीय के अधिशाषी अभियंता के खिलाफ विभाग के कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

●अधिशाषी अभियंता पर लगाए गंभीर आरोप, किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** सिंचाई निर्माण खण्ड-द्वितीय में अधिशाषी अभियंता (द्वैत कार्यभार) पर दूषित कार्यप्रणाली अपनाने, अभद्र व्यवहार करने और अवैध रूप से धन की मांग करने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुये कर्मचारियों ने इनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस सम्बन्ध में उ.प्र. सिंचाई विभाग सहायक अभियंता संघ व सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने एकराय होकर कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों का आरोप है कि सिंचाई निर्माण खण्ड-द्वितीय में अधिशाषी अभियंता (द्वैत कार्यभार) द्वारा 3 जुलाई 2023 की शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। जिसके परिप्रेक्ष्य में निरंतर धमकाते हुये अवैध रूप से धन मांगने, गालियां देने, अभद्रता कर प्रताड़ित किया जा रहा है। इस दूषित कार्य प्रणाली के विरोध में यह धरना प्रदर्शन किया गया। संगठन ने बताया कि संघ सदस्य इनके साथ कार्य करने में असमर्थ हैं एवं लिखित रूप में 27 अक्टूबर 2025 को मुख्य अभियन्ता (परियोजना-बेतवा) झांसी एवं अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई निर्माण मण्डल, झांसी के समक्ष उपस्थित होकर साक्ष्यों सहित लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत करा चुके हैं। लेकिन उस पर भी कार्यवाही नहीं हुयी। उन्होंने मांग उठायी कि अधिशाषी अभियंता का द्वैत कार्यभार समाप्त किया जाये या फिर पीड़ित अधिकारी व कर्मचारियों को अन्यत्र स्थानान्तरण किया जाये। इस दौरान अध्यक्ष सुरेन्द्र अहिरवार, अध्यक्ष रीतेश बंसल, सचिव मुराद खान, सचिव पंकज सिंघल, अध्यक्ष विपिन कुमार, उपाध्यक्ष दिलशाद हुसैन, रमाकान्त वर्मा, पूजा कुमारी, रेशम अहिरवार, राजेन्द्र बाबू, देवकुमार, अरूण कुमार, ओमप्रकाश खरवार, पंकज सेन, शैलेन्द्र सिंह, शालिकराम, संदीप, अविनाश, अवनीश यादव, रणविजय, अनुराग दीक्षित, आदित्य गुप्ता, सुनील कुमार, विकास कुमार वर्मा, लक्ष्मण सिंह, अशोक कुमार गुप्ता, दीपक मालवीय, विकासदीप भारती, दीपक यादव, जितेन्द्र कुमार खरवार, के.के.वर्मा, राजेश गुप्ता, पुष्पेन्द्र सिंह परमार, मनोज त्रिपाठी, अखिलेश कुमार गुप्ता, आकाश गुप्ता आदि इंजीनियर्स अधिकारी मौजूद रहे।

### खेती के लिए सहरिया जाति के लोगों ने मांगी जमीनें



**ललितपुर।** ग्राम दैलवारा में भूमिहीन सहरिया अनुसूचित जाति के लोगों को खाली पड़ी भूमि पर पट्टा आवंटन किये जाने की मांग उठायी गयी है। इस सम्बन्ध में सहरिया अनुसूचित जाति के लोगों ने एकराय होकर जिलाधिकारी के नाम एडीएम नमामि गंगे को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि वर्षो से वह इसी ग्राम में निवासरत हैं, लेकिन खेती करने के लिए जमीनें न होने के कारण उनके समक्ष आर्थिक संकट खड़ा रहता है। बताया कि ग्राम में कई स्थानों पर खाली जमीनें पड़ी हैं, जिस पर उन्होंने सरकारी पट्टे कर खेती के लिए जमीनें उपलब्ध कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय दुर्जन, भगवानदास, मौन सिंह, खिलावन, हरचरन, हरीराम, रामगोपाल, गोकुल, संजू, किशन, रामस्वरूप के अलावा अनेकों किसान मौजूद रहे।

## डीएम साहिबा बताइये, सरकारी बीज गोदाम पर हो रही संगठित लूट में किस किस का हिस्सा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिला मुख्यालय पर कम्पनी बाग स्थित सरकारी बीज गोदाम पर लूट मची है। यहां तनख्वाह से अफसरों का पेट नहीं भर रहा है इसलिये वे महनतकश किसानों की जेब काट रहे हैं। शिकायत मिलने पर हमारे संवाददाता ने मौके पर जाकर देखा तो सरकारी बीज केन्द्र के प्रभारी योगेन्द्र वर्मा किसानों को दिये जा रहे गेहूं के बीज में प्रति बोरी 114 रूपये ज्यादा वसूल कर रहे हैं।सब्सिडी के बाद इसका सरकारी रेट 936 रूपया है। यह पूछने पर कि ये ओवर रेटिंग किसके आदेश पर हो रही है और इसमे किस किस की हिस्सेदारी है उन्होने वितरण काउन्टर बंद कर दिया और इधर उधर कर बातें करने लगे। मौके पर मौजूद भदेश्वरनाथ निवासी लवकुश गिरि तथा भूवरसराय निवासी अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि उनसे 114 रूपये ज्यादा लिया गया है। अन्य कई किसान ओवररेटिंग की गवाही दे रहे थे। संवददाता ने डीएम कृतिका ज्योत्सना के सीयूजी नम्बर पर फोन करके इसकी जानकारी दी। किसी तीसरे जिम्मेदार व्यक्ति ने फोन उठाया और कहा जिला कृषि अधिकारी को बताता हूं। इसके बाद संवाददाता ने जिला कृषि अधिकारी को जानकारी दी, पूछा 114 रूपये की लूट में किस किस का हिस्सा है। मेहनतकश किसानों के खून पसीने की कमाई आखिर कौन डकार रहा है, उन्होंने संवाददाता से कहा आपका सवाल टेढ़ा है। फिलहाल उन्होने भी किसी अधिकारी को मौके पर भेजन की बात कही। देखना होगा कि तेज तर्राक नवाबत जिलाधिकारी इस मामले में क्या कार्यवाही करती हैं या फिर जिला प्रशासन की नाक के नीचे संगठित लूट जारी रहेगी।

## सड़क हादसे के बाद खुली तस्करी की पोल, नारियल की आड़ में गांजा तस्करी का भंडाफोड़

●अनियंत्रित होकर पलटे ट्रक से 1 कुंतल 78 किलो करीब 53 लाख कीमत का गांजा हुआ बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**तालबेहट।** राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर ग्राम टेकरी के पास शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। बताया गया कि ट्रक के रॉन्ग साइड से भागने के दौरान वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद ट्रक से 1 कुंतल 78 किलो गांजा बरामद किया गया। सूत्रों के अनुसार नारकोटिक्स टीम की सूचना के बाद ट्रक गलत दिशा में भाग रहा जिसके चलते हादसा हो गया। हादसे के बाद पुलिस प्रशासन के अफसर और नारकोटिक्स टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू की। समाचार लिखे जाने तक ट्रक मालिक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की तैयारी की जा रही थी।

सूत्रों के मुताबिक ट्रक उड़ीसा से आगरा की ओर गांजा लेकर जा रहा था। तस्करों ने माल को छिपाने के लिए ट्रक की ऊपरी सतह पर हरे नारियल लदे थे, जबकि नारियलों के नीचे आठ बोरियों में भारी मात्रा में गांजा भरा हुआ था। मुखबिर की सूचना पर नारकोटिक्स टीम लगातार ट्रक का पीछा कर रही थी। बताया गया कि ट्रक क्रमांक आर0जे 11 जी0ए 8276 राजस्थान के धौलपुर का है। पीछा बढ़ने पर चालक घबराकर ट्रक को रॉन्ग साइड से निकालने की कोशिश कर रहा था, तभी एनएच 44 टेकरी के पास वाहन पलट गया। सूचना पर सीओ राजपाल सिंह, कोतवाल मनोज मिश्रा, स्वाट टीम प्रभारी अतुल तिवारी सहित नारकोटिक्स टीम प्रभारी चंदन पांडेय मौके पर पहुंचे। मामला खुलने के बाद ट्रक मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। **इनका कहना–** बरामदगी के बाद कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ट्रक चालक की तलाश की जा रही है तथा यह गांजा कहां से लाया गया और कहां सप्लाई होना था, इसकी जांच जारी है। मनोज मिश्रा प्रभारी निरीक्षक

## साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर एसपी ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। एसपी ने परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड एवं तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्म अवलोकन किया। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में डायल-112, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कंट्रोल रूम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव तथा संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की। इसके पश्चात डायल-112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों (वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैबध्मोबाइल) की कार्यशीलता तथा अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति जांची गयी। एसपी ने पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा-भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया तथा त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत अर्दली रूम में रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन किया। विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लंबित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया। एसपी ने परेड में सम्मिलित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। उपस्थित कार्मिकों को प्रेरित करते हुए एसपी ने कहा कि पुलिस कर्मी जनविश्वास के आधार स्तंभ हैं उनका व्यवहार, तत्परता एवं निष्पक्षता ही पुलिस की वास्तविक पहचान है। इस दौरान सीओ पाली सुनील कुमार सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## संकुल स्तरीय मिनी वाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ, खुशबु ने गोला फेक में मारी बाजी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बार।** नेताजी रघुवीर सिंह इंटर कॉलेज, बार के प्रांगण में संकुल स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य आशीष जाटव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने दौड़, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो, लंबी कूद, ऊंची कूद और कबड्डी जैसी स्पर्धाओं में भाग लिया। प्राथमिक स्तर की 50 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में आशीष प्रथम, जितेंद्र द्वितीय और अंश तृतीय रहे। बालिका वर्ग में माही ने प्रथम और आराधना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में आशीष प्रथम, दीपक द्वितीय और अंश तृतीय रहे। बालिका वर्ग में माही प्रथम, रवीना द्वितीय और अंशिका तृतीय रहीं। 200 मीटर दौड़ प्राइमरी स्तर बालक वर्ग में शिवांश प्रथम, दीपक द्वितीय और आशीष तृतीय रहे। बालिका वर्ग में आराधना प्रथम, राजकुमारी द्वितीय और रवीना तृतीय रहीं। जूनियर स्तर की 100 मीटर दौड़ में दीपक प्रथम, देवेंद्र द्वितीय और भूपेंद्र तृतीय रहे। बालिका जूनियर स्तर 100 मीटर में भारती प्रथम और मोहिनी द्वितीय रहीं। 200 मीटर जूनियर स्तर बालक वर्ग में देवेंद्र प्रथम, दीपक द्वितीय और भूपेंद्र तृतीय रहे। बालिका जूनियर स्तर में भारती प्रथम, ममता द्वितीय और लवी राजा तृतीय रहीं। गोला फेंक जूनियर स्तर बालक वर्ग में दीपक प्रथम, राज दशरारा द्वितीय और दीपक तृतीय रहे। गोला फेंक जूनियर बालिका स्तर में खुशबू ने प्रथम, भारती ने द्वितीय और अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो बालिका स्तर में खुशबू प्रथम, भारती द्वितीय और अंशिका तृतीय रहीं। डिस्कस थ्रो जूनियर स्तर बालक वर्ग में दीपक प्रथम, राज दशरारा द्वितीय और दीपक तृतीय रहे। प्राथमिक स्तर बालक लंबी कूद में दीपक प्रथम, वेदांश द्वितीय और आशीष तृतीय रहे। बालिका स्तर लंबी कूद में रवीना प्रथम, आराधना द्वितीय और प्रियांशी तृतीय रहीं। जूनियर लंबी कूद बालक वर्ग में राज प्रथम, भूपेंद्र द्वितीय और टिंकू दशरारा तृतीय रहे। ऊंची कूद बालक वर्ग में भूपेंद्र प्रथम, अनिकेत द्वितीय और अंकित दशरारा तृतीय रहे। लंबी कूद बालिका जूनियर स्तर में भारती प्रथम और कृष्णा कुमारी दशरारा द्वितीय रहीं। ऊंची कूद में भारती प्रथम और कृष्णा कुमारी द्वितीय रहीं। कबड्डी प्रतियोगिता बालक स्तर जूनियर वर्ग में पूर्व माध्यमिक विद्यालय दशरारा विजेता रहा, जबकि यूपीएस बछरावनी उपविजेता रहा। बालिका जूनियर कबड्डी में कन्या जूनियर हाई स्कूल बार विजेता और पूर्व माध्यमिक विद्यालय बछरावनी उपविजेता रहा। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बछरावनी ने कबड्डी जूनियर स्तर बालक और बालिका दोनों वर्गों में विजेता का खिताब जीता। प्रतियोगिता का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। न्याय पंचायत क्रीड़ा प्रभारी विशाल गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

## संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिताः बच्चों ने खेलों में दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जाखलौन।** सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम, जाखलौन में आयोजित जाखलौन संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में संकुल जाखलौन के 21 विद्यालयों के लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर दौड़ में राज (प्राथमिक विद्यालय बरोदा बिजलोन), 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में जमुना और पूर्वी (प्राथमिक विद्यालय जाखलौन अंग्रेजी माध्यम) ने जीत हासिल की। कबड्डी और खो-खो (बालक और बालिका) में प्राथमिक विद्यालय जाखलौन अंग्रेजी माध्यम की टीम ने सफलता प्राप्त की। उच्च प्राथमिक स्तर पर 100 मीटर दौड़ में यशवेंद्र (यूपीएस गढ़ोली) और मुस्कान (नेहरू नगर बारोद) विजेता रहे।

200 मीटर दौड़ में बाबूलाल और दीपिका (नेहरू नगर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट में कृष्ण और संजना (नेहरू नगर) ने और डिस्कस थ्रो में शिवा और राधिका (यूपीएस गढ़ोली) ने जीत हासिल की। कबड्डी और खो-खो में यूपीएस नेहरू नगर बारोद की टीम चौंपियन रही। प्राथमिक स्तर पर चौंपियन टीम प्राथमिक विद्यालय जाखलौन अंग्रेजी माध्यम रही, जबकि उच्च प्राथमिक स्तर पर चौंपियन टीम कंपोजिट नेहरू नगर बारोद रही। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में मेराजुद्दीन, राजेन्द्र साहू, कृष्णगोपाल सिंह, रूपसिंह, कल्याण, स्वाती, दीपा और शशि बगौलिया शामिल थे। मंच संचालन कृष्ण गोपाल चौबे और राम विलास ने किया, जबकि लेखन मंडल में सबिता पटेरया, हरप्रसाद, राजकुमार और अवधेश सिंह ने योगदान दिया। विशिष्ट सहयोगी के रूप में ललित जैन, सुनील पुरोहित, अनिल कुमार विश्वकर्मा, सजल जैन और सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक कार्यक्रम में सक्रिय रूप से जुड़े रहे। अंत में, प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया, साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

## राजीनामा करने का दबाव बनाकर अपमानित करने का आरोप, केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना गिरार अंतर्गत ग्राम इकौना निवासी जगवेन्द्र अहिरवार पुत्र नथुवा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 3 नवम्बर की शाम करीब 4 बजे उसके पिता घर के बाहर बैठे थे, तभी गांव के मंगल लोधी पुत्र राजाराम, राजपाल लोधी पुत्र मंगल, रामू लोधी पुत्र गोपी, पहाड़ सिंह लोधी पुत्र पूरन, हरिसिंह पुत्र ढिल्ला लोधी, जयसिंह लोधी पुत्र पंचू एकराय होकर लाठी-डण्डा लेकर उसके घर आये और पिता को एक मामले में राजीनामा करने का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये गालियां दींऔर अपमानित किया। शोरगुल सुनकर जब उनकी मां फूला, बड़े भाई लखन अहिरवार, रामू अहिरवार के साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। हमले में सभी लोग घायल भी हुये हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 115 (2), 352, 351 (3) व एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(घ), 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## तप और त्याग की प्रतिमूर्ति थे आचार्य श्री विद्या सागर महाराज : आचार्य निर्भय सागर

●प्रथम निर्यापक श्रमण मुनि शिवदत्त सागर महाराज को आचार्य श्री ने किया संस्कारित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** नगर के मउठाना स्थित पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन नया मंदिर में वैज्ञानिक संत आचार्य श्री निर्भयसागर महाराज के सानिध्य में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का आचार्य पदारोहण समारोह प्रभावना पूर्वक मनाया गया। इस दौरान आचार्य श्री ने संघस्थ मुनि शिवदत्त सागर महाराज को निर्यापक श्रमण मुनि के संस्कार किए और आर्शीवाद प्रदान किया। आज प्रातःकाल पार्श्वनाथ नया मंदिर में आचार्य श्री निर्भयसागर महाराज के सानिध्य में मूलनायक पार्श्वनाथ भगवान के सम्मुख शान्तिधारा का पुर्याजन श्रावकों ने किया। इसके उपरान्त धर्मसभा का शुभारम्भ आचार्य श्री के चित्र के सम्मुख पंचायत के पदाधिकारियों द्वारा दीपप्रज्जवलन किया गया। शान्तिसागर जूनियर हाईस्कूल की वालिकाओं ने भक्तिनृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति की। इस मौके पर आचार्य श्री ने दिगम्बर साधुओं की चर्चा को उत्कृष्ठ बताते हुए कहा आचार्य श्री विद्या सागर महाराज तप और त्याग की प्रतिमूर्ति थे उन्होंने सर्वाधिक श्रावकों को धर्म से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त किया और उत्कृष्ठ चर्या धारण कर समाधिस्थ हुए। आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज ने संघ के संचालन एवं स्वाध्याय साधना को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपने संघस्थ ज्येष्ठ श्रमण मुनि शिवदत्त सागर महाराज को निर्यापक श्रमण मुनि के संस्कार किए। संघस्थ मुनि शिवदत्त सागर महाराज, मुनि सुदत्त सागर महाराज, मुनि मूदत्त सागर महाराज, मुनि पदमदत्त सागर महाराज, मुनि गुरूदत्त सागर महाराज, मुनि मेघदत्त सागर महाराज, मुनि वृषभ दत्त सागर महाराज, क्षुल्लक चन्ददत्त सागर महाराज एवं श्रीदत्तसागर महाराज ने आचार्य श्री का पादप्रक्षालन कर आर्शीवाद ग्रहण किया। इसके पूर्व आचार्य श्री की संगीतमय पूजन का पुर्याजन पूर्णमति महिला मण्डल, चन्द्रप्रभु महिला मण्डल, सुधा सिन्धू सम्भाग, नंदा सुनंदा महिला मण्डल, साधु वैयावृत्ति महिला मण्डल, विद्या आदर्श श्राविका मण्डल, जिनवाणी सुरक्षा महिला मण्डल ने किया। सतोदय तीर्थ अध्यक्ष सतीश जैन बजाज, महामंत्री मनोजजैन बबीना ने आचार्य श्री को श्रीफल अर्पित कर सेरोन जी में प्रवास हेतु निवेदन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रफुल्ल जैन दैलवारा द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जैन पंचायत अध्यक्ष डा0 अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन, सनत खजुरिया, सौरभ सीए, संजीव जैन लकी. मंदिर प्रबंधक अजय जैन गंगचारी, जिनेन्द्र जैन रजपुरा, मनीष जैन, आनंद जैन भावनगर, मीडिया प्रभारी अक्षय अलया, अखिलेश गदयाना, सतीश नजा, मनोज जैन जडीबूटी, विमल जैन पारौल, चंचल पहलवान, अमित सराफ के अतिरिक्त अनीता मोदी, कल्पना जैन, अमृता जैन प्रधानाचार्या आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### लूट के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार किये गये

प्रतापगढ़। वादी निवासी ग्राम अतरसुई, थाना बाघराय, जनपद प्रतापगढ़, जो रोज़गार हेतु सियारामगंज बाजार में दुकान संचालित करते हैं, 31 अगस्त की रात्रि में बाजार से घर लौट रहे थे। जब वे बकुलाही नदी के समीप सियालाल के पुरवा स्थित बंशियारा मार्ग पर फूलपुर मौरी से आगे भटपुरवा की तरफ पहुंचे तो तीन अज्ञात व्यक्ति सड़क पर खड़े थे, जिन्होंने वादी की मोटरसाइकिल रोक ली और उनसे एक मोबाइल फोन तथा 5,000 रुपए नकद छीन लिए। वादी द्वारा शोर मचाने पर उक्त व्यक्ति मौके से भाग निकले। इस संबंध में थाना बाघराय पर मु0अ0स0 175/2025 धारा 309(4) बीएनएस बनाम अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया था।इस मामले में 02 अभियुक्तों आशीष सरोज पुत्र राम मिलन सरोज निवासी ग्राम शीतलपुर लाला का पुरवा थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 20 वर्ष व अमित सरोज पुत्र गुड्डू सरोज निवासी ग्राम बभनपुर कर्माजीत पट्टी थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 20 वर्ष को थाना बाघराय क्षेत्रांतर्गत फूलपुर मौरी से आगे भटपुरवा की तरफ निकले कि रास्ते से गिरफ्तार किया गया।

### जिला पूर्ति अधिकारी ने पेट्रोल पम्पों पर जाकर वाहन चालकों को हेलमेट पहनने हेतु किया जागरूक



प्रतापगढ़। जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने वाहन चालकों में जागरूकता के दृष्टिगत 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' अभियान के क्रम में आज विभिन्न पेट्रोल पम्प आउटलेट्स पर जाकर आम जनमानस को हेलमेट पहनने हेतु जागरूक किया, साथ ही पेट्रोल संचालकों को निर्देशित किया कि अपने पेट्रोल पम्प पर ईंधन भरवाने आने वाले आम जनमानस को हेलमेट पहनने हेतु जागरूक करें। साथ ही साथ जनपद प्रतापगढ़ के समस्त दो पहिया वाहन चालकों से अनुरोध किया कि वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें।जनपद में 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जन जागरूकता के दृष्टिगत जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा टीम सहित पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण किया गया। पेट्रोल पम्प संचालकों को भी वाहन चालकों को जागरूक किये जाने के दृष्टिगत सभी पेट्रोल पम्पों पर 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' सम्बंधी होर्डिंग/बैनर प्रदर्शित करा दिया गया है।

### स्कूल बस की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

सिद्धार्थनगर। गोल्हौरा थाना क्षेत्र के देवभरिया गांव के पश्चिम शुक्रवार की सायं लगभग तीन बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें स्कूल बस की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । मिली जानकारी के अनुसार, मृतक राम अधारे (65) पुत्र छोटकऊ कनौजिया निवासी नउवा गांव, थाना सोनहा, जनपद बस्ती का रहने वाला था। वह पिछले एक माह से अपनी बेटी सुभावती पत्नी सुखदेव के घर ग्राम गोपीजोत उर्फ शंकरजोत, थाना गोल्हौरा में रह रहा था। शुक्रवार को वह दवा लेने के लिए देवभरिया चौराहे की ओर जा रहा था। कि इसी दौरान पचमोहिनी की तरफ से आ रही एक अज्ञात स्कूल बस ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मृतक की बेटी सुभावती और नाती सूरज मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की। नाती सूरज की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तथा अज्ञात चालक की तलाश की जा रही।

### आरोपी धराया, गया जेल

लालगंज, प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने अपहरण तथा दुष्कर्म एवं पास्को एक्ट में वांछित एक आरोपी को शुक्रवार को धर दबोचा। थाने के दरोगा ज्ञानेन्द्र कुमार फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। थाना क्षेत्र के बंधवा तालाब के पास लीलापुर थाने के अजगरा रानीगंज पुत्र नेवाजी निवासी सलमान खान पुत्र ईशी मोहम्मद को पुलिस ने घर दबोचा। सलमान की पुलिस को थाने में पीड़िता के साथ दुष्कर्म तथा अपहरण को लेकर केस दर्ज हुआ है। किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दोपहर बाद जेल भेज दिया।

## वंदे मातरम् गीत ने हमारे देश की आजादी में स्वतंत्रता दिलाने में मुख्य भूमिका निभाई-डीएम

● वंदे मातरम् एक गीत नहीं, बल्कि भारतवर्ष की आत्मा और स्वतंत्रता आंदोलन का है अमर प्रतीक-सीडीओ



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। जनपद में शुक्रवार को बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित भारत के राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम्" के लेखन के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक गरिमामय एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय भावना, एकता एवं देशभक्ति के संदेश को सशक्त रूप से अभिव्यक्त करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुआ।कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने 150वीं वर्षगांठ की सभी को बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे देश में वंदे मातरम् गीत जो की बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखित है की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आज गर्व का दिन है कि हम सब लोग एकत्र होकर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् ने देश को एकता, अखंडता के सूत्र में बांधने का कार्य किया है।आजादी की लड़ाई में हमारे वीर सपूतों को याद करने का आज शुभ अवसर है। वंदे मातरम् गीत ने हमारे देश की आजादी में स्वतंत्रता दिलाने में मुख्य भूमिका निभाई है, हमारे देश के वीरों ने राष्ट्रीय गीत को पढ़कर सुनकर अपने जीवन को त्यागा है। देश को गुलामी की जंजीरों से भारत को बाहर किया है। देश को आजाद कराने में आम जन तक संदेश पहुंचाने में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का बहुत बड़ा महत्व रहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति सहित अधिवक्तागण व कलेक्ट्रेट के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 दिव्या मिश्रा ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए वंदे मातरम् गीत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और उसके राष्ट्रीय महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारतवर्ष की आत्मा और स्वतंत्रता आंदोलन का अमर प्रतीक है।कार्यक्रम में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला विकास अधिकारी केएन पांडे सहित विकास भवन के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।जनपद के विभिन्न स्थलों, विद्यालयों में "वंदे मातरम्" के लेखन के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वंदे मातरम् व राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया व मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा का आगमन 10 नवम्बर को



प्रतापगढ़। उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा10 नवम्बर को पूर्वान्ह 10.30 बजे निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग प्रतापगढ़ आयेगी। पूर्वान्ह 11:30 बजे महिला आयोग की सदस्य वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण करेंगी, दोपहर 12:20 बजे राजकीय बालिका इण्टर कालेज में निरीक्षण व मिशन शक्ति 5.0 जागरूकता कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। अपरान्ह 1:35 बजे महिला आयोग की सदस्य जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण व नवजीवन उत्सव-मां और शिशु सम्मान समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। उसके उपरान्त महिला आयोग की सदस्य द्वारा औचक निरीक्षण किया जायेगा।

## दृष्टिहीन दिव्यांगजनों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है-रोशनलाल उमरवैश्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



प्रतापगढ़। चिलबिला में स्थित मैरिज हॉल में दिल्ली की राष्ट्रीय संस्था एआईसीबी के द्वारा प्रतापगढ़ जिले में संचालित सीबीआर प्रोजेक्ट के द्वारा एक फैमिली काउंसलिंग मीटिंग व कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिव्यांग बंधु के सदस्य एवं लायंस क्लब इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि दिव्यांगजनो में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। इन्हें केवल संबल देने की जरूरत है। इस दिशा में यह संस्था बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। दृष्टिहीन व्यक्तियों का यह सौभाग्य है कि इस प्रकार के कार्य प्रतापगढ़ जिले में हो रहा है। मैं इस संस्था से जुड़कर अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं तथा सभी दिव्यांगजनों को यह आश्वासन भी देना चाहता हूं कि जब भी जरूरत होगी मैं इसके कार्य के लिए सहर्ष रुप से तैयार रहूंगा इ कार्यक्रम में उपस्थित एनएबीएच की प्रतिनिधि गौरी सेन ने दृष्टिबाधितों में उत्साह भरते हुए कहा कि आप लोग अपना हौसला बनाए रखिए सारे कार्य सरल हो जाएंगे, कोई कार्य मुश्किल नहीं होता सिर्फ प्रयास करने की देर है।कार्यक्रम में उपस्थित गोंडे ग्राम सभा के पूर्व प्रधान रविन्द्र सिंह, आचार्य राजेंद्र प्रसाद ने भी अपने विचार व्यक्त किया।एडवोकेसी अधिकारी तथा प्रभारी परियोजना अधिकारी डॉ0 मनीष कुमार मिश्रा ने सीबीआर प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के बारे में भी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में 18 दृष्टिबाधित तथा उनके परिवार के 16 सदस्य तथा श्याम जी पांडेय,लक्ष्मी प्रसाद, वरुण, प्रसून तथा सुनील आदि उपस्थित रहे।

## हॉकी के 100 साल पर खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



प्रतापगढ़। भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने पर जनपद प्रतापगढ़ में हॉकी प्रतापगढ़, तथा अनवर हाकी सोसायटी ने संयुक्त रूप से एक दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक राजेंद्र मौर्य उपस्थित रहे तथा बच्चों को आशीर्वाद दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ के प्रधानाचार्य कुलश्रेष्ठ तिवारी तथा भाजपा के जिला प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी राघवेंद्र शुक्ला उपस्थित रहे। इस मौके पर जनपद के हॉकी के पूर्व के खिलाड़ियों को सम्मान किया गया तथा हॉकी के प्रति किए जा रहे उनके कार्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। इस मौके पर हॉकी के पूर्व खिलाड़ियों के साथ-साथ श्रीमती शकुंतला शुक्ला अनवर हॉकी समिति के सचिव खुर्शीद अली, अनवर की समिति के असिस्टेंट कोच जसीम खान ,पूर्व भारतीय राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अमजद खान, गुलरेज खान अनवर हॉकी समिति के उपाध्यक्ष अलाउद्दीन सहित बहुत से हॉकी खिलाड़ी प्रेमी तथा स्टेडियम प्रतापगढ़ के सभी प्रशिक्षक गण एथलेटिक्स कोच सोमनाथ यादव, फुटबॉल प्रशिक्षक, बुद्ध प्रकाश खेलो इंडिया हॉकी कोच आशुतोष सिंह, निखिल राणा कुश्ती प्रशिक्षक,अरविंद यादव कबड्डी प्रशिक्षक जयप्रकाश यादव, दुर्गेश तिवारी, जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह, बड़े बाबू राम अजोर सहित बहुत से खेल प्रेमी व खिलाड़ी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के संबंध में हॉकी प्रतापगढ़ के सचिव आजम अली ने आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता राज ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया।

## सिद्धार्थनगर में पेट्रोल डालकर प्रेमी को जिंदा जलाया, इलाज के दौरान युवक की हुई मौत, पुलिस ने एक और आरोपी को किया गिरफ्तार

● मृतक की प्रेमिका ने बहन के साथ मिलकर हाथ- पैर पकड़े,भाई ने लगा दी आग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




सिद्धार्थनगर। जिले के खेसरहा थाना क्षेत्र के ग्राम बरनवार में एक शादीशुदा प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को परिवार वालों ने पकड़कर पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया। जिसका इलाज के दौरान बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर मौत हो गई। मृतक बुधवार की रात को चोरी छिपे प्रेमिका से मिलने पहुंचा था, तभी स्वजनों ने वारदात को अंजाम दिया । पुलिस ने नामजद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बरनवार गांव निवासी नृत्य गोपाल पाण्डेय का पुत्र कृष्णदेव पाण्डेय उर्फ रोहित (27) बुधवार की रात करीब 9 बजे अपनी प्रेमिका सुधा यादव से मिलने उसके घर गया था । इसी दौरान प्रेमिका के परिजनों ने उसे देख लिया पहले पकड़ कर पीटा और पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया जिससे कृष्ण देव उर्फ रोहित की हालत गंभीर हो गई।

कृष्णदेव पांडे और सुधा यादव दोनों शादीशुदा थे और उनके दो-दो बच्चे भी हैं। जानकारी के अनुसार, दोनों पहले घर से फरार हो गए थे और दीपावली के समय वापस लौटे थे। सुधा यादव की शादी 8 वर्ष पूर्व जोगिया उदयपुर कोतवाली क्षेत्र के हाटा खास गांव में हुई थी। बताया जाता है कि मृतक कृष्ण देव पाण्डेय और सुधा दोनों मुंबई में रह रहे थे इसी बीच दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी और प्रेम का परवान इस कदर चढ़ा कि दोनों एक दूसरे को चाहने लगे और सुधा ससुराल जाना बंद कर दिया । और मायके में ही रहना शुरु कर दी। पेट्रोल डालकर जलाए जाने के बाद कृष्णदेव पांडे उर्फ रोहित बुरी तरह झुलस गया था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी पूनम ने थाने में तहरीर दी , इस मामले में थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर नामजद सुधा और मधुरी को बुधवार को ही पुलिस ने गिरफ्तार किया जबकि राकेश पुत्र स्व. राजमणि को गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

### वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर किया गया सामूहिक वाचन

चित्रकूट- राष्ट्रगान के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग सहित जनप्रतिनिधियों व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने 'वंदे मातरम्' का सामूहिक वाचन किया तथा स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा। जिसमें मुख्यमंत्री ने जनमानस को राष्ट्र प्रेम, आत्म निर्भरता एवं स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया। वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूरे पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य सहित अन्य विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम् गीत का वाचन किया। साथ ही स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक आर.के. रावत द्वारा किया गया।

## पुनरीक्षण अभियान में गणना प्रपत्र पूर्ण किये जाने में एसडीएम ने दिया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



लालगंज, प्रतापगढ़। विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत शुक्रवार को मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किये जाने की कार्रवाई तेज दिखी। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा के निर्देशन में बीएलओ द्वारा अभियान के तहत घर घर सम्पर्क के जरिये मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किया गया। खालसा सादात में अभियान की देखरेख करने एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने स्वयं भी निर्वाचकों को गणना प्रपत्र की प्रतियां वितरित की। वहीं एसडीएम शैलेन्द्र ने बताया कि रामपुरखास विधानसभा के कुल 339 मतदेय स्थलों में तीन लाख तीस हजार मतदाता पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि गणना प्रपत्र को मतदाता द्वारा सही जानकारी के साथ सम्बन्धित बीएलओ के पास जमा करना होगा। एसडीएम ने बताया कि यह कार्य चार दिसंबर तक पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने बीएलओ को भी निर्देशित किया है कि अभियान में पूरी पारदर्शिता के साथ गणना प्रपत्र को पूर्ण कराया जाना चाहिए। वही एसडीएम ने राजनैतिक दलों से भी अभियान में बीएलए के माध्यम से गणना प्रपत्र के पूर्ण कराये जाने में सहयोग पर भी जोर दिया है।

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ, कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



प्रतापगढ़। जिले के श्रद्धालु वातावरण में शुक्रवार को आध्यात्मिक उत्सव की गूंज सुनाई दी। व्यासपीठ आचार्य रघुनंदन शुक्ला महाराज के सान्निध्य एवं अशोक तिवारी के यजमानत्व में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ। यह आयोजन 7 नवंबर से 14 नवंबर तक प्रतिदिन हवन, कथा और भजन-कीर्तन के साथ संपन्न होगा।

**भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ**

कार्यक्रम के प्रथम दिवस पावन कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में नगर और आस-पास के गांवों से श्रद्धालु महिलाएं सिर पर कलश रखकर भजन-कीर्तन करती हुई चलीं। बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सभी ने इस यात्रा में सहभागिता कर धर्म और संस्कृति के प्रति आस्था व्यक्त की।यात्रा के दौरान भागवत कथा के शुभारंभ की मंगल कामनाओं के साथ भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष लगाए। रंग-बिरंगे पुष्पों से सजी झांकियों ने आकर्षण का केंद्र बनकर सबका मन मोह लिया।

**तिवारी परिवार सहित क्षेत्र के लोग रहे शामिल**

कलश यात्रा में तिवारी परिवार के सभी सदस्यों ने भक्ति भाव से भाग लिया। प्रमुख रूप से अशोक तिवारी, ललित तिवारी, अरुण तिवारी, अर्चना तिवारी, अजीत तिवारी, नीलम तिवारी, अनूप तिवारी, सुनील तिवारी, आशा तिवारी, मनीष तिवारी, पवन तिवारी, राकेश तिवारी, शरद तिवारी, राजेश तिवारी, सुशील तिवारी, प्रमोद तिवारी, अंजनी तिवारी, दुर्गेश तिवारी, महेंद्र तिवारी, डॉ. संतोष तिवारी, अर्जुन तिवारी, डॉ. दुर्गेश तिवारी, राजेंद्र तिवारी, आनंद तिवारी, अखिलेश तिवारी, अभिषेक तिवारी, ऋषभ तिवारी, अजय पांडे, सुमन पांडे, संजय शुक्ला और वंदना शुक्ला सहित क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**व्यासपीठ पर गूंजेगी भागवत कथा की अमृत वाणी**

आचार्य रघुनंदन शुक्ला महाराज के सान्निध्य में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक कथा प्रवचन का आयोजन होगा। बताया गया कि कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्म, गोवर्धन लीला, रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। आयोजक अशोक तिवारी ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन का उद्देश्य समाज में संस्कार, भक्ति और एकता की भावना को प्रबल करना है। उन्होंने कहा कि कथा श्रवण से मनुष्य के जीवन में शांति, आनंद और ईश्वर के प्रति समर्पण का भाव जागृत होता है।

## ग्रामीणों को सभी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए - जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में शुक्रवार को उसका बाजार ब्लाक के ग्राम पंचायत सोहास खास में ग्राम चौपाल गांव की समस्या गांव में समाधान का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। चौपाल कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा ग्राम चौपाल- गाव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी तथा समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त किया गया कि शासन की योजनाओं की जानकारी मिल रही है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ग्रामीणों को सभी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। जिले में एसआईआर के अन्तर्गत मतदाता सूची का प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है सभी लोग बीएलओ से गणना प्रपत्र लेकर भरकर उसे बीएलओ को वापस कर दें। जिससे मतदाता सूची में पात्र लोगों का नाम सम्मिलित हो सके। जिलाधिकारी ने पात्र लाभार्थियो का सत्यापन कराकर पेंशन का लाभ दिया जाये।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह द्वारा गर्भवती महिलाओ की गोदभराई कराया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में अन्नपूर्णा भवन ग्राम पंचायत सोहास खास विकास खण्ड उसका बाजार का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य, जिला विकास अधिकारी सतीश सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, बीडीओ उसका बाजार व अन्य ब्लाक स्तरीय अधिकारी एवं ग्राम प्रधान सोहास खास व ग्रामीण आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में धान खरीद को लेकर कार्यशाला हुई आयोजित

● 01 नवंबर से जनपद के 99 क्रय केंद्रों पर धान खरीद शुरू

केंद्र प्रभारियों को क्रय केंद्रों पर किसानों की सुविधा हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में धान खरीद को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा, समस्त क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, विपणन निरीक्षक, क्रय एजेंसियां, भारतीय खाद्य निगम डिपो के प्रबंधक व केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में डीएम ने बताया कि 01 नवंबर 2025 से जनपद में धान खरीद प्रारंभ हो गई है जिसके लिए, जनपद में 99 क्रय केंद्र बनाए गए हैं इस वर्ष जनपद में 140000 एमटी खरीद का लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष अब तक 48 किसानों से 289.44 एमटी की खरीद की जा चुकी है। इसके साथ ही धान का समर्थन मूल्य सामान्य धान 2369 रुपए तथा ग्रेड ए का धान 2389 रुपए मूल्य निर्धारित है। कार्यशाला में उन्होंने सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए की सभी क्रय केंद्रों पर किसानों की सुविधा हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें जिससे खरीद के समय किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि किसानों से निरंतर समन्वय बनाकर रखें तथा उन्हें अपना धान क्रय केंद्रों पर ही बेचने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षो की भांति इस वर्ष भी धान खरीद सुचारू रूप से की जाए। जिन क्रय केंद्रों पर ज्यादा भीड़ हो वहां पर टोकन की व्यवस्था करें तथा टोकन के अनुसार ही किसानों का धान क्रय करें। कार्यशाला में जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को समस्त केंद्र प्रभारियों से किसानों की खरीद सुचारू रूप से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों पर समय से पर्याप्त मात्रा में बोरे, कांटा, छन्ना, वजन मशीन, नमी मापक यंत्र के साथ ही किसानों के बैठने की व्यवस्था, पीने का पानी, छांव इत्यादि मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र प्रभारी के माध्यम से धान विक्रय करने आने वाले किसानों को अपने खेतों में पराली ना जलाने के संबंध में भी जागरूक कराया जाए तथा किसानों को अपनी परली नजदीकी गौशालाओं में दान देने हेतु प्रेरित किया जाए। उन्होंने जनपद के समस्त किसान बंधुओं से अपील करते हुए कहा कि 01 नवंबर से जनपद में धान खरीद प्रारंभ हो गई है आप लोग अपना धान अपने नजदीकी धान क्रय केंद्रों पर बेचें, इसके लिए जन सुविधा केंद्र के माध्यम से पहले रजिस्ट्रेशन करा लें यदि कोई समस्या हो तो अपने ब्लॉक के विपणन निरीक्षक से संपर्क करें।

## बैतालपुर चीनी मिल चलाने की मांग पर किसानों का धरना 301वें दिन भी जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

देवरिया। बैतालपुर चीनी मिल को चालू कराने एवं किसान हित से जुड़े 14 विभिन्न मुद्दों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में चल रहा किसानों व समाजसेवियों का धरना 301वें दिन जारी रहा। यह धरना चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति, पंचायत प्रतिनिधि निकाय मोर्चा तथा संयुक्त महा मोर्चा के आह्वान पर निरंतर आयोजित किया जा रहा है। धरने की अध्यक्षता बृजेंद्र मणि त्रिपाठी ने की तथा संयोजन अवधेश मणि त्रिपाठी द्वारा किया गया। जिले के पंचायत प्रतिनिधियों ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने धरने में भाग लेकर आंदोलन को अपना समर्थन दिया।

धरने को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य वेलफेयर एसोसिएशन कमलेश पांडे ने कहा कि देश हित सर्वोपरि है, किंतु किसान हित सर्वोच्च है। सरकार को अपने वादों के अनुरूप बैतालपुर चीनी मिल को तत्काल चालू करना चाहिए ताकि किसानों का विश्वास बहाल हो सके। अगर किसान मायूस और दुखी रहे, तो इसका दुष्परिणाम पूरे समाज को भुगतना पड़ेगा। इस अवसर पर किसान नेता विकास दुबे, पं. वेद प्रकाश, राजमंगल सिंह, रामलाल गुप्ता, संतोष मद्धेशिया, मोनू तिवारी, जितेंद्र मौर्य, मंजू चौहान, नईम खान, कलेक्टर शर्मा, राम इकबाल चौहान, नवशेद सिंह, संजीव शुक्ला, कामाख्या सिंह, विजय शंकर कर्मयोगी, वृद्धि चंद यादव, कन्हैयालाल चौहान, रामु प्रसाद, सुरेंद्र प्रताप, रत्नेश मिश्रा, विक्री प्रजापति, विजय कुमार सिंह, बकरीदन उर्फ बरकत अली, राधागिरि आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## दिल्ली एयरपोर्ट पर ATS सिस्टम हुए फेल, 100 से ज्यादा फ्लाइट्स लेट, वर्ल्ड चैंपियन महिला खिलाड़ी भी फंसीं

नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (IGI) पर आज सुबह एयर ट्रैफिक सिस्टम (ATS) में आई तकनीकी खराबी के कारण हवाई यात्रा बुरी तरह प्रभावित हुई है। इस बड़ी गड़बड़ी के चलते कई रूटों की 100 से अधिक उड़ानें प्रभावित हुई हैं जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**तकनीकी खराबी और यात्रियों की परेशानी**

दिल्ली एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) सिस्टम में सॉफ्टवेयर संबंधी खराबी आने की सूचना है। इस खराबी के कारण उड़ानों की टेकऑफ और लैंडिंग पर रोक लग गई है या उनमें देरी हो रही है।दिल्ली एयरपोर्ट के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल ने इस तकनीकी खराबी की पुष्टि करते हुए बताया कि डायल (DIAL) सहित सभी हितधारकों की टीम इस समस्या को जल्द से जल्द हल करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है।

**यात्रियों को सलाह**

एयर इंडिया स्पाइसजेट और इंडिगो जैसी एयरलाइंस ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है और उन्हें अपनी उड़ान संबंधी नवीनतम जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइंस के संपर्क में रहने की सलाह दी है।

## अवैध परमाणु गतिविधियां पाकिस्तान का इतिहास, भारत ने खोली पाकिस्तान की पोल

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को प्रेस ब्रीफिंग की। इस दौरान कई अहम मुद्दों पर जवाब दिया। इसमें पाकिस्तान के परमाणु परीक्षण, ट्रंप के भारत दौरे और रिटायर्ड मेजर विक्रांत जेटली के मामले पर जवाब दिया। ट्रंप के भारत दौरे वाले बयान पर मंत्रालय ने दो टूक कहा, हमें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के परमाणु परीक्षण पर कहा, गुप्त और अवैध परमाणु गतिविधियां पाकिस्तान के इतिहास का हिस्सा हैं, जो दशकों से तस्करी, निर्यात नियंत्रण उल्लंघन, गुप्त साझेदारियों, ए.क्यू. खान नेटवर्क और परमाणु प्रसार पर केंद्रित है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने हमेशा पाकिस्तान के इतिहास के इन पहलुओं की ओर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान आकर्षित किया है। इस मामले में भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की पाकिस्तान के परमाणु परीक्षण के बारे में टिप्पणी पर ध्यान दिया है।

**दूतावास हर संभव सहायता प्रदान कर रहा**

विदेश मंत्रालय ने मेजर जेटली (सेवानिवृत्त) के मामले पर कहा, इस मामले की हमें जानकारी है. अबू धाबी स्थित हमारे दूतावास के अधिकारियों ने नियमित रूप से उनसे संपर्क किया है. चार बार उनसे मुलाकात की है. हमारा दूतावास उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करता रहेगा. दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देशानुसार, हमारा दूतावास हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

## कोचिंग सेंटर बेसमेंट में 3 छात्रों की मौत पर बड़ा एक्शन, राज्य वीके सक्सेना ने 2 अधिकारियों पर कार्रवाई को दी मंजूरी

दिल्ली में जुलाई 2024 में ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित राउज कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में 3 छात्रों की मौत के मामले में अब फायर विभाग के दो अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. दिल्ली के उपराज्यपाल (LG) वी.के. सक्सेना ने फायर विभाग के अधिकारी वेदपाल और उदयवीर सिंह के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मंजूरी दी है. दावा किया जा रहा है कि दोनों अधिकारियों ने इस मामले में पहले लापरवाही बरती, फिर तथ्यों को भी छिपाया था. जांच में पाया गया कि दोनों अधिकारियों ने 1 जुलाई 2024 को बेसमेंट का निरीक्षण कर गलत रिपोर्ट दी थी और अवैध रूप से उसे लाइब्रेरी के रूप में उपयोग की अनुमति दी, जिसके आधार पर 9 जुलाई को फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट जारी हुआ. इसके बाद 27 जुलाई 2024 को भारी बारिश के बाद बेसमेंट में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत हो गई थी।

**तथ्यों को भी छिपाया**

अभी तक की जांच में दोनों अधिकारी पहले ही निलंबित किए जा चुके हैं. अब उनके खिलाफ सीसीएस (CCA) नियम 1965 के नियम 14 और 18 के तहत कार्रवाई शुरू की गई है. उपराज्यपाल ने विजिलेंस विभाग को जांच निर्धारित समय में पूरी करने के निर्देश दिए हैं. वे लगातार कह रहे हैं कि इस मामले में प्रशासनिक जिम्मेदारी और जवाबदेही में कोई समझौता नहीं होगा. उनका कहना है कि जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आ रहे हैं उसे रिपोर्ट में लिखा जा रहा है. एलजी का कहना है कि इस घटना के दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा. पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

**पानी में दम घुटने से हुई थी छात्रों की मौत**

बता दें, 27 जुलाई 2024 को भारी बारिश के कारण कोचिंग सेंटर के बेसमेंट लाइब्रेरी में पानी भर गया, जिसमें उत्तर प्रदेश की श्रेया यादव (25), तेलंगाना की तान्या सोनी (25) और केरल के नेविन डेल्विन (24) की दम घुटने से मौत हो गई थी. इस घटना के बाद दिल्ली के अंदरूनी इलाकों में चल रही लाइब्रेरी को लेकर खूब बवाल हुआ था. कई दिन तक छात्रों और मृतकों के परिजनों ने धरना प्रदर्शन भी किया था।

# जेल से रंगदारी मांगने का मामला: बागपत के कुख्यात अपराधी ढाका को तन्हाई बैरिक में किया गया शिफ्ट

● **जेल प्रशासन की लापरवाही पर जेलर, उपकारापाल सहित जेल वार्डर निलंबित**

**रामनरेश गौतम बने नए जेलर, जेल में कड़ी निगरानी रखने के दिये निर्देश**




कैदी




सिम उपलब्ध कराने वाला बंदी।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ललितपुर। जिले के जिला कारागार में बागपत के कुख्यात अपराधी ज्ञानेन्द्र ढाका की करतूतों का पर्दाफाश होते ही जेल प्रशासन पर गाज गिरी है। ढाका द्वारा जेल से रंगदारी की साजिश रचने, जेल में मोबाइल और सिम कार्ड की तस्करी करने, और अन्य कैदियों के साथ मारपीट करने की घटना ने प्रशासन की नाकामी को उजागर किया। इस मामले में तीन जेल अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है, जबकि दोषी कैदी को काल-कोठरी में शिफ्ट किया गया है। ज्ञानेन्द्र ढाका, जो बागपत के एक हत्यारोपी और गैंगस्टर के तौर पर जेल में निरुद्ध था, ने हाल ही में बागपत जिले के एक स्कूल प्रबंधक से 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। रंगदारी की यह साजिश तब सामने आई जब ढाका ने एक मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर पीड़ित से धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जेल में औचक निरीक्षण के दौरान यह खुलासा हुआ कि ढाका के पास एक कीपैड मोबाइल, सिम कार्ड और एक नुकीली चम्मच जैसी प्रतिबंधित वस्तुएं मिलीं। इन वस्तुओं का इस्तेमाल उसने रंगदारी मांगने और जेल में अन्य कैदी पर हमला करने के लिए किया था।

**इनका कहना है**

जिला कारागार में बागपत का एक ज्ञानेंद्र ढाका नामक कैदी बंद था, जिसने बागपत के ही स्कूल संचालक से रंगदारी मांगी थी। इस मामले की जब जिला कारागार में पड़ताल की गई, तो अभियुक्त के पास से एक कीपैड फोन बरामद हुआ। इस मामले में अभियुक्त के खिलाफ मामला पंजीकृत कराया गया और इस कीपैड फोन में डालने वाली सिम उपलब्ध कराने वाले आरोपी सतीश यादव को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके साथ ही बंदी पर हमला करने के आरोप में भी बंदी की तहरीर पर शातिर अभियुक्त के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। इसके साथ ही लापरवाही बरतने पर जेल अधीक्षक सहित तीन कर्मचारियों पर निलंबन की कार्यवाही की गई। कालू सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, ललितपुर।

**डीआईजी जेल व डीएम, एसपी के निरीक्षण के बाद जेल प्रशासन पर गिरी गाज**

घटना के सामने आने के बाद जेल प्रशासन पर कड़ी कार्रवाई की गई। डीआईजी जेल कानपुर प्रदीप गुप्ता, जिलाधिकारी सत्यप्रकाश और एसपी मो. मुश्ताक की टीम ने जेल का निरीक्षण किया और पाया कि ढाका के पास से बरामद मोबाइल और सिम कार्ड का इस्तेमाल उसने रंगदारी के लिए किया था। इसके अलावा, नुकीली चम्मच से एक अन्य कैदी पर हमला करने की जानकारी भी मिली। इस मामले में जेल अधीक्षक जीवन सिंह, उप कारापाल प्रिंस बाबू और जेल वार्डर आकाश को लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। इस कार्रवाई के बाद, जेल प्रशासन ने ढाका को उसकी बैरक से हटाकर एक अलग काल-कोठरी में शिफ्ट कर दिया।



जानकारी देते अपर एसपी

**नए जेलर की नियुक्ति और सुधार की दिशा में कदम**

इस घटना के बाद जेल प्रशासन में बदलाव के संकेत भी मिले हैं। जेल अधीक्षक के पद पर लापरवाही के कारण निलंबित किए गए जीवन सिंह की जगह अब रामनरेश गौतम को नए जेलर के रूप में नियुक्त किया गया है। नए जेलर रामनरेश गौतम ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद जेल के सभी कर्मचारियों को कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। गौतम ने कहा जेल में कोई भी कैदी अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हम सभी बंदियों पर निगरानी रखने के लिए नई रणनीति बनाएंगे, ताकि जेल में कोई भी गड़बड़ी न हो।

# छत्तीसगढ़ रेल हादसा: लोको पायलट यूनियन का आरोप- शुरुआती जांच रिपोर्ट में प्रशासन की खामियां छिपाई गईं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



नई दिल्ली- लोको पायलट यूनियन ने छत्तीसगढ़ ट्रेन टक्कर की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट, जिसमें यात्री ट्रेन के चालक दल को दुर्घटना के लिए ज़िम्मेदार ठहराया गया है, में तथ्यात्मक त्रुटियां होने का आरोप लगाया है. मालूम हो कि मंगलवार (4 नवंबर) को स्थानीय मेमू (मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) ट्रेन छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में एक खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी, जिसमें लोको पायलट समेत 11 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे. समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, पांच रेल विशेषज्ञों द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में इस दुर्घटना के लिए मेमू ट्रेन के चालक दल को ज़िम्मेदार ठहराया गया है, जिसमें कहा गया है कि वे रेड सिग्नल पर ट्रेन को नियंत्रित करने में विफल रहे, जिसके चलते मालगाड़ी से टक्कर हो गई. इसके बाद संबंधित रेलवे जोन को लिखे पत्र में ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (एआईएलआरएसए) ने आरोप लगाया कि प्रारंभिक जांच 'काल्पनिक विवरण' पर आधारित थी और रिपोर्ट में गलत सिग्नल संख्याएं दर्ज की गई हैं।

**रिपोर्ट 'पूर्वाग्रहपूर्ण तरीके' से तैयार की गई: यूनियन**

एआईएलआरएसए बिलासपुर के जोनल महासचिव वीके तिवारी ने दावा किया कि रिपोर्ट 'पूर्वाग्रहपूर्ण तरीके' से तैयार की गई है, ताकि चालक दल पर दोष मढ़ा जा सके और रेलवे प्रशासन की अन्य कमियों को छुपाया जा सके. तिवारी ने कहा, 'हमारा संगठन बिना किसी तथ्यात्मक जांच के रेलवे प्रशासन की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट पर गंभीर आपत्ति जताता है.' यूनियन ने सिग्नल फेल होने की संभावना जताई है और कहा है कि तकनीकी खराबी के कारण मेमू चालक दल को हरी झंडी दिखाई दी होगी. इस संबंध में एआईएलआरएसए के महासचिव अशोक कुमार राउत ने कहा, 'हमने ट्रेन की गति का फ्लो चार्ट देखा है. इससे पता चलता है कि स्थानीय मेमू चालक दल ने एक सिग्नल 42 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पार किया।

अगर उन्होंने अगला सिग्नल लाल देखा होता, तो उन्होंने गति 42 किमी प्रति घंटे से बढ़ाकर 73 किमी प्रति घंटे क्यों की? ऐसा लगता है कि सिग्नल हरा था और इसीलिए उन्होंने गति बढ़ा दी?' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि जब उन्होंने आगे मालगाड़ी देखी, तो उन्होंने रोकने के लिए आपातकालीन ब्रेक लगाए, लेकिन रुकने से पहले ही मालगाड़ी से टक्कर हो गई. स्पीड फ्लो चार्ट टक्कर से पहले आपातकालीन ब्रेक लगाने को दर्शाता है।'

एआईएलआरएसए सदस्यों ने ज़ोर देकर कहा कि रेलवे का प्रारंभिक निष्कर्ष अंतिम नहीं है, क्योंकि यह पर्यवेक्षी अधिकारियों द्वारा दिया गया है. लोको पायलट यूनियन ने कहा, 'जब तक रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) अंतिम रिपोर्ट नहीं दे देते, किसी को भी दोषी ठहराना गलत है. सीआरएस ने अभी जांच शुरू ही की है।'

**रेल हादसों का सिलसिला जारी**

गौरतलब है कि बीते कुछ समय में लगातार बड़े रेल हादसों की खबरें सामने आई हैं, जिसमें व्यापक स्तर पर जान-माल की हानि देखी गई है. गुरुवार को ही दक्षिण मुंबई के सैंडहर्स्ट रोड रेलवे स्टेशन के पास एक लोकल ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए. बिलासपुर हादसे के ठीक एक दिन बाद उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर के चुनार में कार्तिक पूर्णिमा के दिन ट्रेन से उतरकर लाइन पार करते समय कालका मेल की चपेट में आने से छह लोगों की मौत हो गई. नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) की नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2023 में देशभर में रेल हादसों में 21,803 लोगों की मौत हुई है. वहीं इस अवधि में कुल 24,678 रेल हादसों की जानकारी दर्ज की गई है।

राज्यों में महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में सबसे ज़्यादा मौतें रिपोर्ट की गई हैं. पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में हुए सभी रेल हादसों में से 56 मामलों का कारण ड्राइवर की गलती रही, जबकि 43 हादसे तकनीकी खामियों- जैसे ख़राब डिज़ाइन, पटरियों की खराबी या पुल और सुरंग के ढहने के चलते हुए. रिपोर्ट बताती है कि 'ट्रेन से गिरने या पटरियों पर लोगों से टकराने' जैसी घटनाएं रेल हादसों का सबसे बड़ा हिस्सा, 74.9%, रहीं. इन मामलों की संख्या 18,480 दर्ज की गई, जिनमें से 15,878 लोगों की मौत हुई. यह 2023 में हुई कुल मौतों का 72.8% है. अकेले महाराष्ट्र में ऐसे मामलों की हिस्सेदारी 29.8% (5,507 केस) रही. कुल मिलाकर, साल 2022 की तुलना में 2023 में रेल हादसों के मामलों में 6.7% की बढ़ोतरी दर्ज की गई. 2022 में 23,139 मामले दर्ज हुए थे, जबकि 2023 में यह बढ़कर 24,678 हो गए. इन हादसों में 3,014 लोग घायल और 21,803 लोग मारे गए।

# गोविंदपुरी थाना पुलिस एवं ट्रैफिक पुलिस ने अदम्य साहस से कार में लगी आग से महिला एवं बच्ची को बचाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस दक्षिण पूर्व जिला का असाधारण बहादुरी और त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना करता है। पीएस गोविंदपुरी और ट्रैफिक यूनिट के पुलिस कर्मचारियों ने कल एक गंभीर घटना में,जिसने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की और एक बड़ी दुर्घटना को टाल दिया। 6 नवंबर, 2025 की शाम को,लगभग 5:37 बजे, पुलिस कंट्रोल रूम को एक मर्सिडीज-बेंज कार (पंजीकरण संख्या M H 14G A8228) के बारे में एक संकटपूर्ण कॉल आया, जिसमें स्थिर रहते हुए अनायास आग लग गई थी। तारा अपार्टमेंट क्रॉसिंग के पास एक लाल बत्ती ईआसी एंड बीट स्टाफ के एएसआई रतन लाल मीणा के नेतृत्व में एक टीम, कांस्टेबल राहुल और ट्रैफिक कर्मियों के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने बेतहाशा हिम्मत और दिमाग की उपस्थिति का प्रदर्शन करते हुए, पॉकेट 8, कालकाजी एक्सटेंशन की निवासी 38 वर्षीय महिला और उसके 5 वर्षीय बच्चे को आग की लपटों से सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया।

तेजी से बढ़ती आग का सामना करते हुए, टीम ने दिल्ली जल बोर्ड से तेजी से एक पानी के टैंकर की व्यवस्था करके उल्लेखनीय संसाधनशीलता का प्रदर्शन किया। उनके निर्णायक और समन्वित प्रयासों ने आग की लपटों को पूरी तरह से दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे जीवन के संभावित नुकसान को रोका जा सके और संपत्ति के नुकसान को कम किया जा सके जो आसपास के अन्य वाहनों को प्रभावित कर सकता था। बचाई गई महिला ने दिल्ली पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया कि उसने समय पर हस्तक्षेप किया जिसने उसे और उसके बच्चे की जान बचाई। एएसआई रतन लाल मीणा, कांस्टेबल राहुल और ट्रैफिक स्टाफ के ठोस प्रयास पुलिस ड्यूटी के उच्चतम मानकों का प्रतीक हैं। सार्वजनिक सुरक्षा, त्वरित सोच और आसन्न खतरे के सामने टीम वर्क के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता सर्वोच्च प्रशंसा के योग्य है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण पूर्व जिले के कार्यालय द्वारा जारी किया गया।

# बलिया में अभाविप के प्रांत अधिवेशन का भूमिपूजन:13 से 16 नवंबर तक होगा आयोजन, 1500 कार्यकर्ता जुटेंगे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



बलिया- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) गोरक्ष प्रांत के 65वें प्रांत अधिवेशन के लिए गुरुवार शाम बलिया में भूमिपूजन किया गया। श्रीमुरली मनोहर टाउन डिग्री कॉलेज, सिविल लाइन के ग्राउंड में वैदिक मंत्रोच्चारण और पूर्ण धार्मिक विधि-विधान के साथ यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह प्रचारक सुरजीत, उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, अभाविप गोरक्ष प्रांत मंत्री मयंक राय और प्रांत संगठन मंत्री पुनीत अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। यह अधिवेशन 13 से 16 नवंबर तक बलिया में आयोजित होगा। इसमें गोरक्ष प्रांत के सभी 17 संगठनात्मक जिलों से लगभग 1500 विद्यार्थी और शिक्षक कार्यकर्ता शामिल होंगे। अधिवेशन का मुख्य विषय 'विकसित भारत में युवाओं की भूमिका' निर्धारित किया गया है, जिसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र निर्माण के प्रति सक्रिय भागीदारी और जिम्मेदारी की भावना को सशक्त करना है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि अभाविप ने हमेशा युवाओं को राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी है। उन्होंने स्वयं को परिषद का कार्यकर्ता बताते हुए गर्व व्यक्त किया कि आज भी अभाविप के कार्यों में वही संगठन शक्ति, राष्ट्रनिष्ठा और सेवा भावना जीवंत है। उन्होंने बलिया को त्याग, तप और देशभक्ति की भूमि बताते हुए कहा कि यह अधिवेशन युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करेगा।

भूमि पूजन में शिरकत करते पदाधिकारी।

भूमि पूजन में शिरकत करते पदाधिकारी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह प्रचारक सुरजीत ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्र भावना से ओतप्रोत संगठन है, जिसने सदैव देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के लिए कार्य किया है। उन्होंने अभाविप को केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि युवा चेतना का प्रखर स्वर बताया, जो देशभक्ति को आचरण में उतारने का कार्य करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह 65वां प्रांत अधिवेशन युवाओं में देशभक्ति की भावना को और प्रज्वलित करेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा, साकेत सिंह सोनू, व्यवस्था प्रमुख डॉ. ज्ञानेंद्र नाथ, विभाग प्रमुख डॉ. अनिल तिवारी, हरेंद्र नाथ मिश्र, प्रीतम प्रजापति और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ऋषभ सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

# 12 साल से अधर में लटका अकबरपुर संपर्क मार्ग का निर्माण, गड्ढों में समाई 'गड्ढा मुक्त सड़क' योजना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश सरकार भले ही सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के दावे कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। चित्रकूट जिले के कर्वी ब्लॉक अंतर्गत आने वाला अकबरपुर संपर्क मार्ग इसका जीवंत उदाहरण है। पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही के चलते यह सड़क पिछले 12 वर्षों से मरम्मत और निर्माण कार्य के इंतजार में पड़ी है, जबकि इस रास्ते से रोजाना सैकड़ों ग्रामीणों का आवागमन होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ने वाला यह संपर्क मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है। जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिनमें बरसात के दौरान



पानी भर जाने से सड़क तालाब का रूप ले लेती है। ग्रामीणों को रोजमर्रा के काम, स्कूल, बाजार और अस्पताल तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

गांव के लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग से शिकायत की, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला, काम शुरू नहीं हुआ। किसान पंकज सिंह कहते हैं, 'हर बार अधिकारी कहते हैं कि जल्द सड़क बन जाएगी, लेकिन 12 साल से केवल गड्ढे ही गिन रहे हैं।' वहीं छात्रा पूजा बताती हैं कि खराब सड़क के कारण स्कूली वाहन इस रास्ते पर चलने से कतराते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की 'गड्ढा मुक्त सड़क अभियान' योजना के अंतर्गत दावा किया गया था कि राज्य की सभी सड़कों को दुरुस्त किया जाएगा। लेकिन भरतकूप क्षेत्र की यह सड़क सरकारी दावों की पोल खोल रही है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। क्षेत्रीय निवासियों ने प्रशासन और सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द अकबरपुर संपर्क मार्ग का पुनर्निर्माण कार्य शुरू कराया जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

## तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का मुकदमा दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। रंजिशन आरोपियों द्वारा पीड़ित की पिटाई तथा फोन पर जानलेवा धमकी को लेकर लालगंज पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ गुरुवार की रात केस दर्ज किया है। कोतवाली के रामपुर बावली निवासी मो० शफीक पुत्र स्व० जाहिद हुसैन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसने दस वर्ष पूर्व अपने पुत्र अनवर का विवाह कोतवाली नगर के भैरवपुर अजीत नगर में किया था। कतिपय कारणों से पीड़ित ने अपने पुत्र को घर से अलग कर दिया। इसी रंजिश के चलते बीती दो नवंबर को दिन में बारह बजे भैरवपुर अजीत नगर निवासी फहीम व तारिक पुत्रगण इसराइल एवं फरहान उर्फ बबलू पुत्र जमील अहमद उसके घर आये। आरोपियों द्वारा गालीगलौज की गयी तो पीड़ित ने मना किया। इस पर आरोपियो ने लाठी डंडे से हमला कर उसे चुटहिल कर दिया। आरोपियो द्वारा गृहस्थी के सामानो में भी तोड़फोड़ की गयी। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दिया तब आरोपियो द्वारा बीती पांच नवंबर को फोन पर जानलेवा धमकी दी गयी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने फहीम समेत तीन के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वे वर्ष को बड़े उत्साह व हर्ष उल्लास से मनाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नई दिल्ली- दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150वें वर्ष को बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया। इस ऐतिहासिक अवसर को चिह्नित करने के लिए, दिल्ली पुलिस के सभी जिलों और इकाइयों में राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन समारोहों के माध्यम से, दिल्ली पुलिस ने एकता, अखंडता और राष्ट्र सेवा के मूल्यों को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।दिल्ली पुलिस मुख्यालय में एक मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहाँ वरिष्ठ अधिकारी और पुलिसकर्मी दिल्ली पुलिस आयुक्त, सतीश गोलछा, आईपीएस, की उपस्थिति में सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन करने के लिए एकत्रित हुए। इसके साथ ही, दिल्ली भर के पुलिस थानों में वंदे मातरम के सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें पुलिसकर्मियों और जनता दोनों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया गया।



कई पुलिस थानों और सामुदायिक पुलिस प्रकोष्ठों ने स्कूलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें स्कूली बच्चों को भी शामिल किया गया।मुख्य कार्यक्रम के अलावा, दिल्ली पुलिस बैंड और ऑर्केस्ट्रा ने दिल्ली में कई प्रमुख स्थानों पर सामूहिक गायन सत्र प्रस्तुत किए, जिससे नागरिकों को जोड़ा गया और पूरे शहर में देशभक्ति की भावना का प्रसार हुआ।वर्ष 1875 में बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। यह गीत लंबे समय से भारत के स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक रहा है और मातृभूमि के प्रति समर्पण के अपने संदेश से पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है।

# दिल्ली-NCR में जहरीली हवा का कहर: 300 पार AQI से आंखों में जलन, खुजली से बढ़ी परेशानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का स्तर लगातार खतरनाक होता जा रहा है। राजधानी की हवा इतनी खराब हो गई है कि अब इसका असर सिर्फ फेफड़ों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि आंखों में भी जलन, खुजली और लालपन जैसी समस्याएं बढ़ने लगी हैं। बीते कुछ दिनों से अधिकांश इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 300 के पार दर्ज किया जा रहा है, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है।

**दिल्ली की हवा में क्या है हाल?**

शुक्रवार सुबह दिल्ली के अक्षरधाम क्षेत्र में AQI 322 दर्ज किया गया, जबकि आनंद विहार में यह 329 के पार पहुंच गया। कर्तव्य पथ और आईटीओ जैसे इलाकों में भी स्थिति चिंताजनक बनी रही. वहीं, लोधी रोड पर AQI 229 दर्ज किया गया, जो अपेक्षाकृत कम होने के बावजूद सांस लेने और देखने में परेशानी पैदा कर रहा था। प्रदूषण के कारण पूरे NCR क्षेत्र में धुंध छाई हुई है, जिससे दृश्यता भी काफी कम हो गई है।

**क्यों बिगड़ रही हैं आंखों की हालत?**

दिल्ली के आई7 आई हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. राहिल चौधरी के अनुसार, जब हवा में मौजूद P M2.5, धूल, धुआं, और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसे तत्व आंखों में पहुंचते हैं, तो वे एलर्जिक रिएक्शन पैदा करते हैं। इससे आंखों में खुजली, जलन और ड्राइनेस बढ़ जाती है। प्रदूषण के महीन कण आंखों में बनने वाले आंसुओं के नेचुरल प्रोटेक्शन लेयर को भी प्रभावित करते हैं, जिससे आंखें जल्दी सूखने लगती हैं।

**क्या प्रदूषण से आंखों की रोशनी पर असर पड़ सकता है?**

विशेषज्ञों का कहना है कि हवा में मौजूद प्रदूषक तत्वों से सीधे तौर पर आंखों की रोशनी पर असर नहीं पड़ता, लेकिन अगर एलर्जी का इलाज समय पर न कराया जाए, तो आंखों में संक्रमण बढ़ सकता है, जिससे आगे चलकर विजन से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं।

प्रदूषण से आंखों में होने वाले लक्षण

आंखों में लगातार खुजली और जलन

लालपन और सूजन

आंखों में रेत या धूल जैसा महसूस होना

धुंधलापन और थकान

आंखों से पानी आना

सुबह उठने पर आंखों में सूखापन

**प्रदूषण के असर से आंखों को कैसे बचाएं?**

विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि इन दिनों आंखों की देखभाल पर विशेष ध्यान दें –

बाहर निकलते समय सनग्लास या चश्मा जरूर पहनें, ताकि धूल और प्रदूषण से आंखें सुरक्षित रहें।

घर लौटने के बाद आंखों को ठंडे पानी से धोएं, इससे जलन और खुजली में राहत मिलेगी।

पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, ताकि शरीर और आंखों में नमी बनी रहे।

गंदे हाथों से आंखों को छूने से बचें, इससे संक्रमण फैल सकता है।

प्रदूषण के मौसम में मेकअप या आई काजल का इस्तेमाल न करें, क्योंकि इससे आंखों में और जलन हो सकती है।

अगर आंखों में लगातार जलन या सूजन बनी रहती है, तो आई स्पेशलिस्ट से तुरंत परामर्श लें।